

दिनहाटा और शीतलकुची के लोगों की बढ़ने लगीं धड़कनें - 12



विपक्ष का उद्योगों को राहत देने का आरोप सरकार बोली- हमें आम लोगों की चिंता - 12



रैपर से नेता बने 'बालेन' ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली - 13



आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर सीएसके, केकेआर व मुंबई भी दावेदार - 14

आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.04
सूर्यास्त 06.24


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी 08:46 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 28 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 49, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## सूर्यतिलक



**अयोध्या :** राममंदिर में शुक्रवार दोपहर 12 बजे रामलला के ललाट (मस्तक) पर तिलक करतीं भगवान सूर्य की किरणें और प्राकट्य आरती करते पुजारी। लाइव प्रसारण के माध्यम से राम लला का प्राकट्य और दर्शन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश, विदेश में बैठे करोड़ों लोग भी साक्षी बने। ● अमृत विचार

## गुस्साए बेटों ने दो सगे भाइयों को उतारा मौत के घाट

संवाददाता, हरदोई

- हरदोई का मामला, बुजुर्ग की बोलेरो से कुचल कर मौत होने से गुस्साए बेटों ने दिया वारदात को अंजाम, गांव में पीएसी व तीन थानों की पुलिस तैनात

**अमृत विचार:** बुजुर्ग की बोलेरो से कुचल कर मौत होने से गुस्साए उसके बेटों ने बोलेरो चला रहे युवक और उसके छोटे भाई की बेरहमी से पिटाई करते हुए उन्हे मौत के घाट उतार दिया। सुरसा थाने के ढ़ोलिया गांव में शुक्रवार सरेशाम हुई इस तरह की सनसनीखेज वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। एसपी अशोक कुमार मीणा, एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह, सीओ सिटी अंकित मिश्रा अपनी टीम के साथ पहुंचे,एहतियात के तौर पर गांव में पीएसी और तीन थानों की पुलिस तैनात की गई है, साथ ही हत्यारोपी भाइयों की तलाश के लिए एएसपी के नेतृत्व में चार टीमें लगाई गईं है।

जानकारी के अनुसार, सुरसा थाने के ढ़ोलिया निवासी 30 वर्षीय शिवम कश्यप पुत्र भइया लाल शुक्रवार दोपहर बाद गांव में बोलेरो ले जा रहा था। उसी बीच वहीं के 70 वर्षीय भारत पाण्डेय उर्फ देवी सहाय पुत्र भीम शंकर पाण्डेय की उससे कुचल कर मौत हो गई। इसका पता चलते ही भारत पाण्डेय उर्फ देवी सहाय के पुत्र अनूप, अतुल, छुटन्ने व श्याम दौड़ पड़े। उन्होने बोलेरो चला रहे शिवम कश्यप को पकड़ा और बेरहमी से पिटाई करने लगे, शिवम के बचाव-बचाव का शोर सुन कर उसका 17 वर्षीय छोटा भाई अमन बचाने पहुंचा,उसे भी पकड़ कर बुरी तरह पीटा गया, दोनों भाइयों में एक ने वहीं,जबकि दूसरे ने सीएचसी सुरसा पहुंचते ही दम तोड़ दिया। एसपी अशोक कुमार मीणा, एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह, सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने मामले की पड़ताल के बाद बताया कि टीम जांच कर रही है। वहीं गांव में पीएसी व तीन थानों की पुलिस तैनात है। एसपी मीणा ने बताया कि हत्यारोपियों की तलाश के लिए एएसपी के नेतृत्व में चार टीमें लगाई गईं है।



घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक।

## सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क 10-10 रुपये घटाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इस कदम से पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ी वैश्विक कीमतों से घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दी गई है। साथ ही सरकार ने डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क लगा दिया है। सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इससे सरकारी खजाने पर सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपये का राजस्व बोझ पड़ने का अनुमान है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रिफाइनरी कंपनियों के अप्रत्याशित लाभ (विंडफॉल टैक्स) पर लगाम लगाने के लिए जुलाई 2022 में पहली बार यह कर लगाया गया था। अप्रत्याशित मुनाफा उस अतिरिक्त लाभ को कहते हैं जो कंपनियों को बिना किसी निवेश या प्रयास के केवल वैश्विक परिस्थितियों के कारण अचानक मिलता है।

## ब्रीफ न्यूज

### हवाई अड्डे पर आठ करोड़ से अधिक का मादक पदार्थ जब्त

**पणजी।** गोवा सीमा शुल्क ने मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आठ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का 23.8 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त करके पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया। सीमा शुल्क आयुक्त सुनील बी देशमुख ने बताया कि हवाई खुफिया इकाई ने बुधवार को बैंकॉक (थाईलैंड) और अबू धाबी से मस्कट होते हुए आए यात्रियों को रोका। यात्रियों के सामान में खाद्य पैकेट्स के भीतर छिपाकर रखे गए 23.8 किलोग्राम मादक पदार्थ को जब्त किया गया। जांच के बाद यह पदार्थ हाइड्रोपोनिक गांजा पाया गया।

### बिना अनुमति प्रवेश करने पर दो विदेशियों को हिरासत में लिया

**आइजोल।** रूस और स्लोवाक गणराज्य के दो व्यक्तियों को मिजोरम में अलग-अलग स्थानों पर अनिवार्य संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) के बिना राज्य में प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्लोवाकियाई व्यक्ति को शुक्रवार को उसके देश वापस भेज दिया गया और रूसी नागरिक के संबंध में भी इसी तरह का कदम उठाया जाएगा। दक्षिण मिजोरम के सियाहा जिले में 58 वर्षीय स्लोवाक नागरिक को 24 मार्च को असम राइफल्स द्वारा भारत-म्यांमा सीमा के निकट एक स्थान से हिरासत में लिया गया था। अगले दिन त्रिपुरा सीमा के निकट मामित जिले में बीएसएफ ने रूसी नागरिक को उस समय रोका जब वह मिजोरम में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था।

### वैष्णो देवी मंदिर में तीन लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कटरा शहर में स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में नौ दिनों तक चले नवरात्रों के दौरान तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के एक अधिकारी ने बताया कि नवरात्रों के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

# संसद में आम बजट मंजूर, भारत में लॉकडाउन की गुंजाइश नहीं

## वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- गलतफहमी नहीं फैलाई जानी चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद ने शुक्रवार को आम बजट 2026-27 को मंजूरी दे दी। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य आसमान छूने के मद्देनजर दो-टूक शब्दों में कहा कि भारत में लॉकडाउन की कोई गुंजाइश नहीं है तथा इसे लेकर गलतफहमी नहीं फैलायी जानी चाहिए। राज्यसभा ने वित्त मंत्री के जवाब के बाद वित्त विधेयक 2026-27 को ध्वनिमत से लौटा दिया। इसी के साथ उच्च सदन ने अनुदान की अनुपूरक मांगों और उससे जुड़े विनियोग विधेयक को भी ध्वनिमत से लौटा दिया। लोकसभा पहले ही मंजूरी दे चुकी है।

राज्यसभा में वित्त मंत्री ने वित्त विधेयक और विनियोग विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने और 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की अकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। चर्चा के दौरान कुछ सदस्यों ने यह प्रश्न किया था कि पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद कर घटाए जाने के बाद सरकार 2026 वित्त वर्ष में 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को कैसे हासिल करेगी? इसका जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के कुल राजस्व में उत्पाद शुल्क से होने वाले राजस्व का योगदान करीब 10 प्रतिशत होता है। सीतारमण ने कहा कि अतिरिक्त साधनों को जुटाना, विकास को बढ़ावा देने वाले व्यय को प्राथमिकता देना, कल्याणकारी व्यय को बेहतर तरीके से लक्षित करना तथा राजकोषीय कामकाज में अधिक पारदर्शिता रखना, सरकार की महत्वपूर्ण पहचान रहे हैं।



राज्यसभा में भाषण देतीं सीतारमण।

### मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में मोदी बोले- टीम इंडिया जैसी भावना जरूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चुनावी राज्यों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की। डिजिटल माध्यम से आयोजित इस बैठक का उद्देश्य 'टीम इंडिया' की भावना के तहत समन्वय सुनिश्चित करना था। पश्चिम एशिया संघर्ष पर पहली बार उन्होंने मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, प्रधानमंत्री ने बैठक में चुनावी राज्यों के मुख्यमंत्री आचार संहिता लागू होने के कारण इस बैठक में शामिल नहीं हुए। कैबिनेट सचिवालय तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिवों के साथ अलग से बैठक करेगा। बैठक में एन. चंद्रबाबू नायडू (आंध्र प्रदेश), योगी आदित्यनाथ (उप्र), रेवंत रेड्डी (तेलंगाना), भगवंत मान (पंजाब), भूपेंद्र पटेल (गुजरात), उमर अब्दुल्ला (जम्मू-कश्मीर), सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिप्र), पेमा खांडू (अरुणाचल प्रदेश) और अन्य मुख्यमंत्री शामिल थे।



- पश्चिम एशिया संकट पर डिजिटल माध्यम से प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

## ट्रंप ने होर्मुज खोलने की समय सीमा 6 अप्रैल की, इजराइल कर रहा बमबारी

- ईरान ने अपनी टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से किया प्रतिबंधित
- इजराइली रक्षा मंत्री काट्ज बोले- ईरान पर हमले तेज और व्यापक किए जाएंगे

दुबई (यूएई), एजेंसी

इजराइल ने शुक्रवार को ईरान पर नए सिरे से हमले शुरू किए जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि युद्ध खत्म करने के लिए सार्थक बातचीत जारी है। ट्रंप ने होर्मुज खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दी है, हालांकि ईरान के झुकने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। वहीं, ईरान ने अपनी खेल टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया है।

इजराइल की सेना ने कहा कि शुक्रवार को तेहरान में हमले करते हुए बैलिस्टिक मिसाइल और अन्य हथियार बनाने के ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने कहा कि इसके अलावा पश्चिमी ईरान में मिसाइल लॉन्चर और भंडारण स्थलों पर भी हमले किए गए। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि ईरान पर हमले और तेज होंगे तथा इनका दायरा फैलेगा। काट्ज ने एक बयान में कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरानी आतंकवादी शासन को चेतावनी दी थी कि वह इजराइल की नागरिक आबादी पर मिसाइल नहीं दागे। कहा, चेतावनियों के बावजूद मिसाइल हमले हो रहे हैं, इसलिए ईरान पर हमले बढ़ेंगे और हथियार बनाने व चलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले क्षेत्रों पर भी हमले होंगे। वहीं, खाड़ी देशों पर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रहे, जिसकी वजह से बहरीन, कतर और यूएई में अलर्ट जारी किया गया।



तेहरान में बचाव कार्य में जुटे कर्मी।

### जी7 की बैठक में ईरान युद्ध पर चर्चा हुई, उभरे मतभेद

वॉक्स-डे-सेर्ने (फ्रांस)। फ्रांस में शुक्रवार को जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक हुई जिसमें पश्चिम एशिया के संघर्ष और रूस तथा यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पर चर्चा की गई। इस बैठक में ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल युद्ध को लेकर गहरे मतभेद स्पष्ट रूप से सामने आए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की गई शिकायतों के बाद ये मतभेद सामने आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि अमेरिका के सहयोगियों ने ईरान की जवाबी कार्रवाई का सामना करने में मदद के अनुरोध को नजरअंदाज या अस्वीकार कर दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जी7 देशों के अपने समकक्षों के साथ इस बैठक में शामिल हुए। ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का शीघ्र समाधान करने और होर्मुज को फिर से खोलने का आह्वान किया है।

## बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स 1,690 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

- वैश्विक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर, निफ्टी भी 487 अंक टूटा

स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को दो दिन की तेजी थम गई और बीएसई सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 487 अंक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आने के संकेत के अभाव में बाजार में गिरावट आई।

कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने, रुपये में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25% गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ। निवेशकों को 8.86 लाख करोड़ का नुकसान हुआ।



### रुपया 89 पैसे टूटा सबसे निचले स्तर 94.85 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 89 पैसे लुढ़ककर 94.85 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वृहद आर्थिक परिदृश्य पर इसके दुष्प्रभाव की आशंका से घरेलू मुद्रा पर दबाव बना हुआ है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा, नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा वाणिज्य और संपर्क को बढ़ावा देगा तथा दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ कम करेगा। प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे के उद्घाटन से एक दिन पहले कहा कि नोएडा हवाई अड्डा देश की प्रमुख नई परियोजनाओं में से एक है। मोदी शनिवार को गौतम बुद्ध नगर जिले में नवनिर्मित नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में परिकल्पित किया गया है।




## कौशांबी में पिकअप की ट्रेलर से टक्कर, 8 की मौत, 17 घायल

- मृतकों में पांच महिलाए और तीन बच्चे शामिल मुख्यमंत्री योगी ने घटना पर जताया दुख

**कौशांबी,एजेंसी।** जिले में शुक्रवार को श्रद्धालुओं को ले जा रहे पिकअप वाहन के राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने के कारण पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। हादसा सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के पास शाम चार बजे हुआ। मुख्यमंत्री योगी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के स्वजन को दो-दो लाख देने की घोषणा की।

पिकअप वाहन प्रयागराज से फतेहपुर जा रहा था और सड़के किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान फतेहपुर जिले के जहानाबाद-बिंदकी क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। वे मां शीतला के मंदिर कड़ा धाम में दर्शन करके लौट रहे थे। इससे पहले, वे एक बच्चे के मुंडन संस्कार में शामिल होने प्रयागराज गए थे।

पुलिस के अनुसार, हादसे के समय पिकअप वाहन में महिलाओं और बच्चों समेत करीब दो दर्जन श्रद्धालु सवार थे। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को सूचित किया।

## 858 करोड़ के दो रक्षा समझौतों पर मुहर

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत की बढ़ेगी सैन्य ताकत, रूस से खरीदी जाएगी तुंगुस्का वायु रक्षा मिसाइल

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की खरीद के संबंध में रूस की कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 445 करोड़ रुपये के अनुबंध पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारतीय नौसेना के पी8आई 'लॉन्ग-रेंज मैरीटाइम रिकोनिसेंस' विमान के रखरखाव के लिए बोइंग इंडिया डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अलग अनुबंध किया गया है।

मंत्रालय ने बताया, भारतीय सेना के लिए 445 करोड़ रुपये मूल्य की तुंगुस्का वायु रक्षा मिसाइल प्रणालियों की खरीद को लेकर रूस की जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय ने कहा, ये अत्याधुनिक मिसाइलें विमानों, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों सहित हवाई खतरों के खिलाफ भारत की बहुस्तरीय हवाई रक्षा क्षमताओं को बढ़ाएंगी। यह समझौता भारत-रूस रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि 100 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ ''बाय इंडियन'' श्रेणी के तहत पी-8आई विमानों के निरीक्षण के लिए किया गया अनुबंध, एमआरओ सुविधा पर बेड़े के डिपो-स्तरीय रखरखाव को सुनिश्चित करेगा।

### एस-400 मिसाइलें व परिवहन विमान पर जोर

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एस-400 मिसाइलों और परिवहन विमान सहित 2.38 लाख करोड़ रुपये के हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दी। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की एस-400 मिसाइल प्रणाली, ड्रोन की खरीद और एसयू-30 एयरो इंजन की मरम्मत के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। एस-400 प्रणाली महत्वपूर्ण क्षेत्रों को निशाना बनाने वाले दुश्मन के लंबी दूरी के हवाई हमलों का मुकाबला करेगी।

**जनता दर्शन** कहा- गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई, सीएम ने 200 फरियादियों की सुनीं समस्याएं

## वादी को धमकाने वालों की निरस्त कराएं जमानत : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दबंगई और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि कोई आरोपी जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमकाता है, तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई की जाए।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन के दौरान विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सहायता मांगने पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल से एस्टीमेट मिलते ही सरकार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी।



गोरखपुर : जनता दर्शन में फरियादियों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### 200 लोगों की सुनी समस्याएं त्वरित निस्तारण के निर्देश

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को बिना भेदभाव न्याय मिलना चाहिए और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए।

### भू-माफिया व दबंगों पर सख्ती

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया और दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कमजोर वर्ग के लोगों को डराने-धमकाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जनता दर्शन में आए बच्चों को सीएम ने चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया।

**न्यूज ब्रीफ**

## पीएम मोदी आज करेंगे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ/जेवर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन और मेंटिनेंस, रिपेयर एवं ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा का शिलान्यास भी करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। यह एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा और यूपी, एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत की कनेक्टिविटी व आर्थिक विकास को नई दिशा देगा। फेज-1 की लागत लगभग 11,282 करोड़ रुपये है, जिसमें 1.2 करोड़ यात्रियों की प्रारंभिक क्षमता शामिल है। एयरपोर्ट मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित किया गया है, जो सड़क, रेल, मेट्रो और क्षेत्रीय ट्रांजिट से जुड़ा होगा। इस अवसर पर नागर विमानन मंत्री, वित्त राज्य मंत्री, राज्यपाल, उप मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ मंत्री उपस्थित रहेंगे।

## पुरा महादेव बना 'जीरो वेस्ट' तीर्थ

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश का पुरा महादेव मंदिर अब 'जीरो वेस्ट' तीर्थ पर्यटन के मॉडल के रूप में देशभर में पहचान बना रहा है। 'बेस्ट हेरिटेज टूरिस्ट विलेज 2024' का सम्मान प्राप्त करने के बाद इस धार्मिक स्थल ने आस्था और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम प्रस्तुत किया है। प्रदेश सरकार की 'टेंपल इकोनॉमी' पहल के तहत महाशिवरात्रि पर यहां सफलतापूर्वक जीरो वेस्ट व्यवस्था लागू की गई, जिसमें मंदिर में चढ़ाई जाने वाली सामग्री और कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यह मॉडल पर्यटन, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ता है। इस पहल में पूजा सामग्री को कचरा नहीं, बल्कि संसाधन मानकर उसका पुन: उपयोग किया गया। इसमें 450 किलो से अधिक फूलों को प्रोसेस कर उपयोगी सामग्री बनाई गई। करीब 1 टन जैविक कचरे से खाद तैयार की गई, 700 किलो प्लास्टिक बोतलों को फाइबर फिल में बदला गया, 2,500 से अधिक चप्पलों से मैट व अन्य उत्पाद बनाए गए, 4,563 लीटर दूध को पशु सेवा में उपयोग किया गया। बागपत जिला प्रशासन अब इस मॉडल को अन्य धार्मिक स्थलों पर लागू करने की तैयारी में है।

# सीएम योगी ने दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पखारे पांव

### नवरात्र की नवमी तिथि पर किया कन्या पूजन, दक्षिणा व उपहार देकर कन्याओं से लिया आशीर्वाद




गोरखपुर : गोरखनाथ मंदिर में चैत्र नवरात्र पर मुख्यमंत्री योगी ने देवी स्वरूपा कन्याओं का पांव पखारकर उनका पूजन किया और उन्हें भोजन कराने के साथ दक्षिणा व उपहार भी प्रदान किया। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में पारंपरिक कन्या पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया। मातृशक्ति के प्रति असीम श्रद्धा और उनके सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में नौ दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधिवत पूजन किया और उन्हें चुनरी ओढ़ाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कन्याओं का विधिपूर्वक अभिषेक किया, रोली, चंदन और अक्षत से तिलक किया, माला पहनाई और अपने हाथों से ताजा भोजन प्रसाद परोसा। उन्होंने कन्याओं को दक्षिणा व उपहार देकर आशीर्वाद भी लिया। बटुकों को भी भोजन कराकर उपहार और दक्षिणा प्रदान की गई। आयोजन में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी समेत कई संत और मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोग उपस्थित रहे। पूजन से पहले प्रातःकाल के सत्र में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना भी की गई।

# रामराज्य की अवधारणा पर आगे बढ़ रहा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- **सज्जनों का संरक्षण, दुर्जनों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति लागू : मुख्यमंत्री**
- **योगी ने वासंतिक नवरात्र और रामनवमी की दी शुभकामनाएं**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था के साथ 'रामराज्य' की अवधारणा को साकार किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में सज्जनों का संरक्षण किया जा रहा है, जबकि दुर्जनों और भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति लागू है।

गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन के बाद वासंतिक नवरात्र और रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के अंतिम पायदान तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विरासत का सम्मान करते हुए विकास को गति दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले वर्षों में छह करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का कार्य हुआ है। उन्होंने बताया कि 2.61 करोड़ गरीबों को शौचालय, 65 लाख परिवारों को आवास, 10 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा दी गई है।

**मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक नवरात्र :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नवरात्रि मातृशक्ति के प्रति सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक है। इसी भावना के अनुरूप प्रदेश में 'मिशन शक्ति' अभियान चलाकर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस बल में 20 प्रतिशत महिला आरक्षण, 44 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मी, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और कन्या सुमंगला जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

**संवेदनशील शासन, सबका साथ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ दिलाना और प्रदेश को सुरक्षित व विकसित बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

# बच्ची ने योगी को गिफ्ट में दिया 'बुलडोजर'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- **गोरखपुर में मंदिर दर्शन को कानपुर से आए परिवार की बच्ची को पूजन में भी किया शामिल**
- **चार वर्ष की यशस्विनी का सरप्राइज गिफ्ट देख हंस पड़े मुख्यमंत्री योगी**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोरखनाथ मंदिर में एक नन्ही बच्ची ने ऐसा अनोखा गिफ्ट दिया कि वे खुद भी मुस्कुराए बिना नहीं रह सके। कानपुर से आई चार वर्षीय यशस्विनी सिंह ने मुख्यमंत्री को एक छोटा सा 'बुलडोजर' (खिलौना) भेंट किया।

शुक्रवार सुबह मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान सीएम योगी की नजर यशस्विनी पर पड़ी, जो अपने माता-पिता के साथ दर्शन करने आई थी। मुख्यमंत्री ने उसे पास बुलाकर चॉकलेट दी और प्यार से बातचीत की। बातचीत के दौरान यशस्विनी ने मुख्यमंत्री से कहा, "आपके लिए गिफ्ट लाए हैं, पहले आंखें बंद करिए।" सीएम योगी ने मुस्कुराते हुए उसकी बात मान ली। इसके बाद बच्ची ने उनके हाथों में एक छोटा सा बुलडोजर रख दिया। गिफ्ट देखते ही मुख्यमंत्री और वहां मौजूद लोग हंस पड़े। बच्ची यशस्विनी ने मासूमियत से कहा कि आपको बुलडोजर पसंद है, इसलिए वह यह गिफ्ट लाई है। बच्ची की इस बात ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। कन्या पूजन में भी शामिल कर मुख्यमंत्री ने उसके पांव भी पखारे।



गोरखपुर : सीएम योगी को बुलडोजर खिलौना भेंट करती कानपुर की यशस्विनी।

## जनता के नेता और सनातन के ध्वजवाहक की छवि के साथ निखरे मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** चैत्र नवरात्र के आगमन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठाधीश्वर और प्रदेश के मुखिया के रूप में जनता के बीच अपनी अलग छवि प्रस्तुत की। मार्च माह में उन्होंने राम, कृष्ण और शिव की धरा पर आशीर्वाद प्राप्त कर 'नर सेवा-नारायण सेवा' के अपने मूल उद्देश्य को सर्वोपरि रखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई जिलों में पहुंचकर न केवल विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया बल्कि युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मार्च में मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ, कालभैरव, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, श्रीरामलला और अन्य प्रमुख मंदिरों का दर्शन कर प्रदेशवासियों की आस्था में शक्ति प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने नौनिहालों को स्मार्टफोन और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी।

# हरदोई में तैनात सिपाही की मौत, परिजन बेहाल

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** बाघराय थाना क्षेत्र के पूरे अहिरान गोगौर गांव निवासी 55 वर्षीय शिव कुमार यादव की हरदोई के टरियावां थाने में यूपी-112 के आरक्षी पद पर तैनाती थी। 25 मार्च की सुबह वह तीन दिन के अवकाश पर घर आया था। 28 मार्च की सुबह उसे अपनी ड्यूटी पर वापस जाना था। परिजनों के मुताबिक, शुक्रवार की सुबह आरक्षी शिव कुमार यादव खेत से लौटे तो अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। मृतक के बेटे आयुष ने पुलिस को पत्र देकर पोस्टमार्टम कराने का आग्रह किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा। आरक्षी की मौत से उनकी पत्नी अनीता देवी, बेटे आयुष यादव, आशीष यादव, बेटी अंजली और श्वेता रो रो कर बेहाल हैं। एसओ श्रवण कुमार ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

## अखिलेश ने केशव मौर्य के सिलेंडर वाले बयान पर साधा भाजपा पर निशाना



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सिलेंडर वितरण संबंधी बयान को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री का दावा कि "जिसके पास सिलेंडर नहीं है, वह सूचना भेजे, हम भिजवा देंगे" इस बात का सबूत है कि सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी भाजपा ही कर रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि केशव प्रसाद मौर्य अपना नंबर या गोदाम का पता सार्वजनिक करें। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा और उनके साथी जनता के सामने नहीं आते, न गैस एजेंसी या पेट्रोल पंप पर अपनी उपस्थिति देते हैं।

## पूर्व एमएलसी बब्बू राजा के निधन पर जताया शोक, व्यक्त की गई संवेदना

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पूर्व एमएलसी आनन्दभूषण सिंह बब्बू राजा का बीमारी के दौरान निधन हो गया था। लखपेड़वा स्थित राज परिवार के पुश्तैनी बाग में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम विदाई में परिजन, बडी संख्या में समर्थक व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उनके पुत्र यशवर्धन सिंह अन्नू ने मुखाग्नि दी। विधायक जीतलाल पटेल, विधायक डॉ. आरके वर्मा, राजा अनिल प्रताप सिंह, कुंवर शक्ति सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. राकेश सिंह, सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, ढा. प्रकाश सिंह, जूबाए के पूर्व अध्यक्ष विनोद पाण्डेय, अधिवक्ता अश्विनी सिंह, डॉ. आरके सिंह, राम सिंह, अजीत सिंह, कमलेश सिंह, दिनेश सिंह डगैता, डा. राजेन्द्र सिंह, कुंदन सिंह, पूर्व प्रमुख अजय सिंह गुडडन, कमल सिंह, हनुमान प्रसाद सिंह आदि ने दिवंगत एमएलसी बब्बू राजा की स्मृति को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। उधर शुक्रवार को राजा प्रताप बहादुर पार्क स्थित मीरा हॉस्पिटल में शोक सभा हुई। लोगों ने शोक व्यक्त कर परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान महेंद्र सिंह, डा. सुधाकर सिंह, डा. शिवमूर्ति लाल मौर्य, डा. आरपी चौबे, डा. एसएस गुप्त, डा. एके केसरवानी, डा. प्रताप नारायण जायसवाल, गार्गयेंद्र सिंह, डा. अमर बहादुर सिंह, डा . राकेश शर्मा, मनोज जैन, श्याम लाल यादव, शैलेन्द्र रावत, आशीष खंडेलवाल, मो. मुस्तफा समेत अस्पताल प्रबंध समिति के लोग रहे।



एमएलसी आनंद भूषण सिंह के निधन के बाद शोक सभा में जुटे प्रबुद्धजन। अमृत विचार

## हादसे में घायल कार्यकर्ता को राजा भैया ने दी 50-50 हजार रुपये की मदद

**कुंडा (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** परेवा नारायणपुर गांव में आयोजित सड़क शिलान्यास और जनसभा में जनसत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया पहुंचे। इसे लेकर कार्यकर्ता उत्साहित रहे। राजा भैया की अगवानी के लिए बाइक रैली में सैंकड़ों लोग शामिल हुए। रैली के दौरान बाइक अनियंत्रित होने से हथिगवां निवासी महेश प्रजापति और खाले का पुरवा महराजपुर गांव निवासी राहुल पटेल बाइक से गिरकर गंभीर घायल हो गए। राजा भैया के बड़े बेटे कुंवर शिवराज प्रताप सिंह घायलों का हाल जानने उनके घर पहुंचे। दोनों घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद इलाज के लिए दी। राजा भैया ने दोनों घायलों को इलाज की सम्पूर्ण खर्च वहन करने की बात कही। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख संतोष सिंह, प्रधान नरेन्द्र सिंह, पूर्व प्रधान ननकऊ सिंह, रवि सिंह, विजय पांडेय आदि मौजूद रहे।



कार्यकर्ता का हाल जानने पहुंचे राजा भैया के पुत्र कुंवर शिवराज प्रताप सिंह।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाएगी एचवीपी वैक्सीन

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के महिला विंग में सर्वाइकल कैंसर से बचाव को एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। अब जिले की 17 ब्लाक स्तरीय सीएचसी व पीएचसी में भी एचपीवी टीकाकरण कराया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को वहां वैक्सीन भेजी गई है। 30 मार्च से 14 से 15 साल की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी।

जनपद की 14 से 15 वर्ष की 38 हजार किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए मुफ्त टीकाकरण किया जा रहा है। वर्तमान में राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के महिला विंग के तीसरे तल पर सर्वाइकल कैंसर से बचाव को एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एएन राय ने बताया कि महिला अस्पताल के साथ ही 30 मार्च से ब्लाक स्तरीय सीएचसी पर मुफ्त में टीका लगाया जाएगा। बताया कि तहसील स्तरीय बड़ी सीएचसी पर 500 तथा अन्य पीएचसी में 250 वैक्सीन गुरुवार को भेजी गई। यह भी बताया कि एचपीवी टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। टीकाकरण के बाद इंजेक्शन लगने वाली जगह पर दर्द, सूजन या लालिमा हो सकती है। बुखार, सिरदर्द और थकान, चक्कर या मतली के लक्षण दिखाई पड़ सकते हैं। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। 14 से 15 साल की किशोरियां वैक्सीन जरूर लगवाएं।



# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव

छाया उल्लास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : रामनवमी पर शुक्रवार को पूरे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। मंदिरों में पूजा-अर्चना, हवन, कन्या पूजन और भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम से सुख-समृद्धि की कामना की।

दोपहर 12 बजे भए प्रकट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी... के जयघोष के साथ प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। दशहरा मंदिर में पंडित प्रमोद पाठक ने पूजा-अर्चना कराई। लाजपत नगर स्थित सनातन धर्म सभा के श्री रामजानकी मंदिर में अखंड रामचरितमानस पाठ का समापन हुआ, जिसके बाद भंडारा आयोजित किया गया। वहीं विश्राम सदन धर्मशाला में पुरोहित राजेश मिश्रा ने पूजा-अर्चना कराई। भंडारे में अनिल अग्रवाल, कुशल अग्रवाल, विनोद गाबा, गुरुद्वारा प्रधान सदर भूपेंद्र सिंह, जसवीर सिंह विक्की, राकेश उत्पल, राजेश अरोड़ा बब्बू, अंकित केसरवानी, अखिल जायसवाल उर्फ सोनू, मनीष पंडित व राजेश गुप्ता बब्बी सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। वहीं शहर के बड़ी देवी माता मंदिर, छोटी देवी मंदिर, कैलाश आश्रम स्थित माताजी मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, दूधेश्वर महादेव मंदिर और श्री राम जानकी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी देवी माता मंदिर में पंडित चंद्रमानाथ मिश्रा ने विधि-विधान से हवन-पूजन कराया। नवमी के अवसर पर कन्या पूजन भी श्रद्धा के साथ किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान निधि तिवारी, संतोष तिवारी और गणेश प्रसाद जायसवाल सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे दिन भजन-कीर्तन, जागरण और धार्मिक आयोजनों से शहर गूंजता रहा।



श्री रामजानकी मंदिर में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार



विश्राम सदन धर्मशाला में रामनवमी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम। ● अमृत विचार

## श्रीराम कथा में रामावतार प्रसंग का वर्णन

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : नेवला चौराहा स्थित निहारिका पब्लिक स्कूल परिसर में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास महेंद्र मृदुल महाराज ने भगवान राम के अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि परमात्मा मूल रूप से निराकार है, लेकिन धर्म की रक्षा और भक्तों के कल्याण के लिए सगुण रूप में अवतार लेते हैं। उन्होंने अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि गुरु वशिष्ठ के निर्देश पर आचार्य ऋष्यशृंग द्वारा यज्ञ कराया गया।

## श्री रामनवमी पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा, भक्तिमय रहा माहौल



शोभा यात्रा सजी भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा।

हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार : हिन्दू युवा वाहिनी हैदरगढ़ के तत्वाधान में शुक्रवार को नगर के प्रमुख मार्गो से भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। प्रातः विजयी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ के बाद दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव मनाया गया।

दोपहर 3 बजे केशव मैरिज हाल से शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। नगरवासियों ने रास्ते में आरती उतारकर और पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। महिलाएं घरों के द्वार पर रंगोली सजाकर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रभु का अभिनंदन करती रहीं। यात्रा रामेश्वरम शिवाला मंदिर पहुंची, जहां मन्दिर समिति ने आरती कर स्वागत किया। यात्रा मार्ग में ध्वज नृत्य, देवी-देवताओं की झांकियां, भगवा होली, लोक नृत्य और 15 फीट ऊंचे रथ पर बाल रूप में विराजमान प्रभु श्रीराम की अद्भुत छटा ने सभी का मन मोह लिया। भजन गायक सन्दीप आचार्य ने राम भजन प्रस्तुत किए, जबकि कलाकारों द्वारा शिव तांडव और अघोरी नृत्य भी प्रदर्शित किया गया। यात्रा के आयोजन में हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष आनंद पाण्डेय (मनु), प्रबंधक राहुल गुप्ता, कोषाध्यक्ष रवि अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिवम वैश्य (अंशु), अमन चौरसिया, आनंद चौरसिया, देवा सिंह, पंकज अग्रवाल, राम अनुज चौरसिया, तुषार सिंह, सत्यम वैश्य, सूरज दीक्षित, बृजेश शुक्ला मन्नू, शिवकेश वैश्य, सतीश चंद्र शुक्ला, अक्षय प्रताप सिंह, सुदामा पाठक, राजेश अग्रवाल राजू, रणवीर प्रताप सिंह मुन्ना, अनन्त प्रकाश मिश्रा राम, अनुराग पांडे अन्नू, राहुल यादव और सूर्यकांत विश्वकर्मा सहित कई युवा प्रमुख भूमिका में रहे।

# ईंधन की किल्लत नहीं, फिर भी लग रही लंबी कतार

## पंपों पर उमड़ी भीड़, एक ही दिन में डीजल की बिक्री में 291 तो पेट्रोल की बिक्री में 124 किलोलीटर का आया उछाल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : प्रशासन दावा कर रहा कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है पर अफवाहों ने इस दावे को हाशिये पर कर रखा है। आग में घी डालने का काम नए पेट्रोल डीजल की बिक्री से जुड़े नए प्रतिबंध कर रहे। आपूर्ति कंपनियों ने भी इस हाथ दे उस हाथ ले का रुख अपना लिया है। जिसका प्रमाण कि कुछेक पंपों पर पेट्रोल डीजल की कमी सामने आई है। इस बीच गैस सिलेंडर के लिए कतार लगने का सिलसिला जारी है।

ईरान, अमेरिका व इजराइल के बीच जारी जंग के साथ ही पहले गैस सिलेंडर के संकट ने सिर उठाया, इसके बाद ईंधन की आपूर्ति से जुड़ी अफवाहों ने आमजन को परेशान कर दिया। हैरत की बात यह कि प्रशासन के दावों में कोई कमी नहीं रही और गैस, पेट्रोल, डीजल के विभागीय आंकड़े तक सार्वजनिक कर दिए गए पर लाकडाउन, आसन्न संकट की अफवाहों से जूझ रहे आमजन युद्ध के परिणाम से उपजने वाली स्थिति की कल्पना कर कतारबद्ध हो गए। पेट्रोल डीजल की मांग अचानक बढ़ गई, वहीं एक ही दिन में डीजल की बिक्री में 291 किलोलीटर तो पेट्रोल की बिक्री में 124 किलोलीटर का उछाल आ गया। पंपों पर भीड़ उमड़ी तो स्वयं डीएसओ पंप पर मौजूद रहकर आल इज वेल का संदेश देते नजर आए। कुछेक पंपों पर पुलिस की मौजूदगी में बिक्री की गई। समस्या तब बढ़ गई जब अचानक उछाल देखकर घबराए पंपों पर बिक्री की सीमा तय कर दी गई। वही मेंथा किसानों के लिए भी अधिकतम एक हजार रुपये का ईंधन तय हो गया। नतीजा पंपों पर भीड़ बढ़ती जा रही है। उपलब्धता का दावा इसीलिए डावांडोल है कि पर्याप्त ईंधन होने का दावा तो है पर धरातल पर बिक्री के तय नए पैमाने भीड़ बढ़ाने का काम कर रहे। सूत्रों की मानें तो तेल आपूर्ति कंपनियों ने उधारी बंद कर दी है। माल तभी जब भुगतान पूरा की शर्त का ही नतीजा है कि कहीं पेट्रोल तो कहीं डीजल का अभाव है। इस बीच जिले में गैस सिलेंडर के लिए कतारें बराबर लग रहीं। हालांकि आपूर्ति बराबर बनी हुई है।

**आपदा में अवसर ढूंढने वालों पर नजर :** जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी ने बताया कि जनपद में कुल 247 पेट्रोल पंप संचालित हैं तथा वर्तमान में 2580 केएल डीजल एवं 1860 केएल पेट्रोल उपलब्ध है। शुक्रवार प्रातः काल तक 1426 केएल डीजल एवं 820 केएल पेट्रोल की बिक्री दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि अफवाहों के कारण गत दिवस की तुलना में लगभग ढाई गुना अधिक बिक्री हुई। उन्होने चेताया कि आपदा में अवसर तलाश करने वाले सतर्क हो जाएं वरना कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



रामनगर के एक पेट्रोल पंप पर लगी लोगों की कतार। ● अमृत विचार



आलापुर पेट्रोल पम्प का निरीक्षण करते डीएसओ। ● अमृत विचार

### भीड़ इतनी कि बंद करने पड़ गए पंप

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार : बदोसराय में पेट्रोल पंपों पर भीड़ और तेल की कमी की अफवाहों के बाद अलर्ट एसडीएम अनिल कुमार सरोज ने तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। बता दें कि बीते दो दिनों से बदोसरांय के पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। शाम तक भीड़ इतनी बढ़ी कि कई पेट्रोल पंप संचालकों ने पंप जल्दी बंद कर दिए। सूचना मिलने पर एसडीएम अनिल कुमार सरोज ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि पेट्रोल और डीजल सभी किसानों को लगातार उपलब्ध कराया जाए और तेल टैंकर की मांग भी बराबर की जाती रहे।

### पेट्रोल पंपवार की जाए सतत निगरानी : डीएम

बाराबंकी, अमृत विचार : शुक्रवार को डीएम शशांक त्रिपाठी ने सभी ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों, एडीएम निरंकार सिंह तथा डीएसओ राकेश तिवारी के साथ बैठक की। डीएम ने स्पष्ट किया कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा सभी पंपों पर आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। प्रशासन द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। निर्देश दिए कि पेट्रोल पंपवार स्टॉक की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। कहा कि ऑयल कंपनियों के अधिकारी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे एवं सायं 8 बजे स्टॉक की सूचना डीएसओ को उपलब्ध कराएं। स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने अपील की है कि लोग ईंधन का अनावश्यक भंडारण न करें। आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल की खरीद करें।

## गोकशी प्रकरण में फिर मुठभेड़, एक शातिर दबोचा गया

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : गुरुवार मध्यरात्रि के बाद मसौली एव सफदरगंज थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने डेढ़ दर्जन से अधिक आपराधिक घटनाओ में शामिल अभियुक्त को एक पुलिस मुठभेड़ में दबोच लिया। आरोपी गोहत्या के मामले में शामिल बताया जा रहा। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि संयुक्त पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु बड़ागांव स्टेडियम मोड़ पर चेकिंग कर रही थी कि नेवला करसण्डा से बड़ागांव मार्ग की तरफ से एक संदिग्ध व्यक्ति के मोटरसाइकिल से आने की सूचना प्राप्त हुई, जिसे पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी कर रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देख कर भागने लगा तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु सीएचसी बड़ागांव भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# ऑटो से भिड़ी बाइक, युवक की मौत

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर शुक्रवार देर शाम एक ऑटो व बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, वहीं उसके साथी समेत ऑटो सवार मां बेटे भी घायल हो गए।

बीजापुर गांव निवासी राहुल उर्फ बब्लू सिंह (40) राम प्रकाश अपने साथी संजय सिंह के साथ बाइक से जगदीशपुर से हैदरगढ़ आ रहे थे। खरसतिया गांव के निकट सामने से आ रहे ऑटो एवं बाइक में टक्कर हो गई। हादसे के बाद घायल बाइक सवार राहुल सिंह व उनके साथी संजय सिंह को सीएचसी लाया गया। यहां डॉक्टर ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। वही संजय सिंह का इलाज के लिए सीएचसी में चल रहा है। दूसरी ओर ऑटो सवार जनपद अमेठी के थाना इन्हौना के बसन्तपुर गांव निवासिनी अर्चना 31 वर्ष एवं उनका दो वर्षीय बेटा अंश घायल हो गए। मां-बेटे को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, यहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

**हादसों में घायल दो लोगों की मौत : सूरतगंज :** बहराइच में डीसीएम की टक्कर से घायल बाराबंकी के दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। मोहम्मदपुर खाला के अर्जुन चौहान सोमवार को अपने साढू शत्रोहन और परशुराम निवासी सहोरिया थाना रामपुर मथुरा सीतापुर के साथ बहराइच के महसी स्थित मरी माता मंदिर में साढू दयाराम के बेटे वीरेंद्र की शादी में शामिल होकर रात घर आ रहे थे। भगवानपुर के पास डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार तीनों घायल हो गए। ट्रामा सेंटर बहराइच में शत्रोहन को मृत घोषित कर दिया गया। अर्जुन व परशुराम को लखनऊ रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की भोर करीब चार बजे बलरामपुर अस्पताल में अर्जुन चौहान की भी मौत हो गई जबकि परशुराम का इलाज सीतापुर में चल रहा है।

## मां से नाराज किशोर ने फंदा लगाकर दी जान

टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : हाईस्कूल के छात्र ने बाइक चलाने से मना किए जाने पर नाराज होकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हाता पंसारा निवासी अमजद का पुत्र सूफियान (16) निमंत्रण में बाइक से जाने की जिद कर रहा था। मां ने उसे मना कर दिया और खुद कार्यक्रम में चली गईं। उनके जाने के बाद सूफियान ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर दादी ने उसे आवाज दी। उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया, दरवाजा खुलते ही सूफियान का शव फंदे से लटकता मिला।

# मुंडन समारोह में मारपीट तोड़फोड़ और हंगामा

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में मुण्डन संस्कार के दौरान बिना बुलाए घर में घुसे गांव के तीन लोगों ने मेहमानों व परिजनों संग मारपीट की, वहीं सामान तोड़फोड़ करते हुए जमकर हंगामा किया। आरोपियों की इस हरकत की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर निवासी गुड़िया पत्नी भाईलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 25 मार्च की रात उनके घर में मुण्डन संस्कार का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान रात में गांव के ही अनिल, सोनू और नेकराम बिना बुलाए घर में घुस आए। आरोप है कि तीनों आरोपियों ने शराब के नशे में गुड़िया और उनके पति के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस दौरान दोनों को गंभीर रूप से पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों ने घर में रखी डीजे मशीन, कुर्सियां व अन्य सामान तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। बनाए गए खाने में मिट्टी और बालू डालकर उसे भी खराब कर दिया।

आयोजन

सवालों और आरोपों के बीच उलझी रही बैठक, कम रही ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की उपस्थिति

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में उठे अधूरे विकास कार्यों के मुद्दे

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : रामनवमी की छुट्टी के दिन शुक्रवार को विकास खंड रामनगर में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक सवालों और आरोपों के बीच उलझी रही। बैठक में भ्रष्टाचार, अधूरे विकास कार्यों और लापरवाही के मुद्दे उठाए गए।

ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की अपेक्षा से कम उपस्थिति पर भी चर्चा हुई। ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद सिंह ने बीडीओ जितेंद्र कुमार से गांवों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। राष्ट्रीय नलकूप विभाग और विद्युत विभाग सहित कई विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। थाल कला में सामुदायिक शौचालय के अब तक चालू न होने का मुद्दा भी उठा, जिस पर ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने पूर्व कार्यकाल में धन निकासी और वर्तमान में भुगतान न होने की बात कही। इस पर एडीओ पंचायत अभय शुक्ला को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निजामपुर, बिंदौरा और परसपुर में पंचायत भवनों का निर्माण शीघ्र कराने, अधूरे व्यक्तिगत शौचालयों को प्राथमिकता से पूरा करने तथा सरकारी विद्यालयों की बाउंड्री व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। बाल विकास विभाग की सीडीपीओ ने बताया कि अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र पुराने भवनों में संचालित हो रहे हैं और कई जगह बिजली की सुविधा नहीं है। एमएलसी अंगद सिंह ने ब्लॉक परिसर तक हाईवे से आने वाली सीढ़ियों को दुरुस्त कराने को कहा। ग्राम प्रधानों ने एमएलसी निधि से स्वीकृत सोलर लाइटें गांवों तक न पहुंचने की शिकायत की। लहड़रा के ग्राम प्रधान राजेश अवस्थी ने सड़क निर्माण में दस वर्षों से हो रही देरी का मुद्दा उठाया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रणव कुमार श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में ग्राम प्रधान सुनील यादव, कन्हैया, वीरेंद्र, एडीओ कृषि डॉ. दलबीर सिंह, जेई मनीष पटेल, अरुण व्यास, वन उपनिरीक्षक सचिन पटेल, सचिव बीना चतुर्वेदी, ऋषभ पांडेय, निखिल, विजय कुमार, अमित मौर्य, रवि अवस्थी सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



क्षेत्र पंचायत की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## ब्लॉक प्रमुख के पिता का निधन

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी के पिता पंडित शिव प्रसाद तिवारी का शुक्रवार को हृदयाघात से निधन हो गया। निधन की खबर फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। मझौनी निवासी शिव प्रसाद तिवारी लखनऊ स्थित अपने आवास पर थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना के समय ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी रामनगर विकासखंड में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में शामिल थे। पिता के निधन की सूचना मिलते ही बैठक स्थल पर भी शोक का माहौल छा गया।



शिव प्रसाद तिवारी (फाइल फोटो)

## सह संयोजक सोशल मीडिया बनाए जाने पर दी बधाई



पंकज गुप्ता 'पंकी' को बधाई देते समर्थक। ● अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : भाजपा ने जनपद में संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नई पदाधिकारी सूची जारी की है। इसमें सक्रिय कार्यकर्ता पंकज गुप्ता 'पंकी' को जिला सह संयोजक (सोशल मीडिया) का दायित्व सौंपा गया है। इस घोषणा के बाद उनके आवास पर समर्थकों और सहयोगियों का तांता लगा रहा। सभी ने मिठाई खिलाकर, माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। बधाई देने वालों में इंडियन स्टूडेंट पॉवर अध्यक्ष सिद्धार्थ कनौजिया, गणपति सेवा समिति अध्यक्ष अभिषेक सोनी, मोनू वर्मा, अभिषेक चौधरी, आशीष सिंह आनंद, शिल्पी सिंह, जया आशीष श्रीवास्तव, शालिनी गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रतिनिधि अतुल गुप्ता, मुन्नू लाल चौरसिया, अनुपम बाथम आदि शामिल रहे। इस अवसर पर पंकज गुप्ता 'पंकी' ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## सिलाई मशीन वितरण व कृषक संगोष्ठी आयोजित



किसान को सम्मानित करते मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश शर्मा।

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, इकाई-हैदरगढ़ के परिसर में सीएसआर योजनांतर्गत सिलाई मशीन वितरण और कृषक संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने 15 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की और स्टेट हाइवे-13 स्थित ग्राम-पोखरा के गेट नं. 3 पर ग्रामीणों और स्कूल के बच्चों के लिए वाटर कूलर का लोकार्पण किया। विशिष्ट अतिथि विधायक दिनेश रावत, चेयरमैन आलोक तिवारी, भाजपा नेता राजकुमार सिंह, चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक बी.के. यादव, मुख्य वैज्ञानिक (टिश्यू कल्चर) डॉ. प्रताप सिंह, उप महाप्रबंधक वाणिज्य गिरिजेश लाल श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक (गन्ना) धर्मेश मेहरोत्रा और मुख्य प्रबंधक (मालसँ एवं प्रशासन) उपदेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी और सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बी.के. यादव ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने टिश्यू कल्चर लैब का निरीक्षण किया और गन्ना उत्पादन, बुवाई और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को सम्मानित किया। जिला गन्ना अधिकारी दुष्यंत कुमार ने आधुनिक कृषि तकनीक और गन्ना उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर जानकारी दी। मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि इस पहल से महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।

## बेनी प्रसाद वर्मा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि देते सपा जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं संस्थापक सदस्य स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा 'बाबूजी' की छठवीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने की तथा संचालन जिला महासचिव हिमांशु यादव ने किया। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि बाबूजी किसानों, मजलूमों और जरूरतमंदों के हक के लिए सदैव संघर्षरत रहे। विचार गोष्ठी में जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, ज्ञान सिंह यादव, सुरेश चंद्र गौतम, युवजन सभा जिलाध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, हशमत अली गुड्डू, मोहम्मद आफाक, विजय कुमार गौतम, उदय राज यादव व कार्यालय प्रभारी राजकुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : खजुरिहा गांव के श्री राम जानकी मंदिर ठाकुरद्वारा परिसर में शुक्रवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव विधि-विधान से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह ग्यारह बजे से हुई, जिसमें सुंदरकांड पाठ और रामायण की चौपाइयों का पाठ किया गया। दोपहर बारह बजे भगवान श्रीराम के माथे पर रोली-चंदन का तिलक लगाकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। जन्मोत्सव के अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया और अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश अवस्थी, विष्णु पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, रुद्र प्रताप, मनोराम, दीपक मिश्र, गोविंद, रामकुमार, रविकांत और दिनेश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## महिला सशक्तिकरण व साइबर जागरूकता अभियान

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : पंचायत भवन बड़ागांव में महिला सशक्तिकरण और साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मसौली पुलिस ने महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम उपनिरीक्षक सूर्य नारायण चतुर्वेदी सिंह, हेड कांस्टेबल अरुण कुमार वर्मा, नितीश दक्ष, महिला कांस्टेबल स्वाती और किरन ने घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच, साइबर क्राइम तथा महिला मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में हेल्पलाइन नंबरों का विवरण भी प्रदान किया गया। साथ ही सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धावस्था व विधवा पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी पंपलेट के माध्यम से साझा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारेगा किसान क्रांति दल : भानु



राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान संगठन विस्तार करते हुए किसान नेता कुंवर उदेन्दु पटेल उर्फ आशु चौधरी को राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। भानु प्रताप सिंह ने कहा कि आगामी चुनावों में किसान क्रांति दल के बैनर तले सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारे जाएंगे। उन्होंने किसानों व जवानों के मुद्दों को उठाते हुए सरकार से उनकी समस्याओं के समाधान की मांग की और कहा कि इन वर्गों के प्रति उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राष्ट्रीय महासचिव आशु चौधरी ने जनपद के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे मनमानी से बाज आएं, अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश, मंडल और जनपद स्तर के दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मां सिद्धिदात्री का पूजन कर मनाया गया प्रभु राम का जन्मोत्सव

## भोर पहर से दुर्गा मंदिरों में लगने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ ने दोपहर 12 बजे प्रभु राम का जन्मोत्सव मनाया

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव


दुर्गा मंदिर में भोजन करतीं कन्याएं।


श्रीराम मंदिर में आरती करते पुजारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नवरात्र के नवें दिन मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप के दर्शन के लिए नगर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भोर से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर माता के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

नवमी के अवसर पर घरों और मंदिरों में विधि-विधान से कन्या पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनके पैर धोए, तिलक किया और उन्हें भोजन कराकर दान-दक्षिणा व उपहार भेंट किए। राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर परिसर में पहले इक्कीस कन्याओं को भोजन कराया गया, इसके बाद सैकड़ों कन्याओं को प्रसाद वितरित किया गया। गायत्री नगर स्थित गायत्री मंदिर, कंचन नगर के कंचनामाई मंदिर, महेश मार्ग स्थित सिद्धिदात्री मंदिर, डाकतार कॉलोनी के सोमा गौरी मंदिर, गांधी नगर के काली मंदिर समेत कई स्थानों पर कन्या भोज और हवन-पूजन का आयोजन हुआ। पोनी रोड स्थित झंडेश्वर मंदिर, बिंदानगर दुर्गा मंदिर और बालूघाट के गायत्री शक्तिपीठ में भी श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रही। बालूघाट स्थित शक्तिपीठ में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। आचार्यों की मौजूदगी में मांगलिक कार्यक्रम भी सम्पन्न कराए गए। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा।

### गायत्री मंदिर में हुआ सवा लाख गायत्री मंत्रों का जप

शहर के कॉलेज रोड स्थित गायत्री मंदिर में शांतिकुंज हरिद्वार की प्रेरणा से नवरात्र में सवा लाख गायत्री मंत्र जप पूर्ण करके सैकड़ों साधकों ने गायत्री माता यज्ञ भगवान से आशीर्वाद लिया। व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने नव दुर्गा के प्रतीक स्वरूप नव कन्याओं के चरण धोकर सभी साधकों के साथ उनका पूजन करके आशीर्वाद लेते हुए नवरात्रि का परायण किया और कन्याभोज का आयोजन किया। इसी दौरान मंत्र लेखन करने वाले साधकों एवं बुजुर्गों का मंत्र पट्टिका भेट की सम्मानित किया। नवरात्र महोत्सव में दीनू शुक्ला, मालती सिंह, अजय शुक्ला, सरिता शुक्ला, कृष्ण, शैलेन्द्र, शकुंतला, जगदेव प्रसाद शर्मा, रामरती, दीपाली, बिट्टी, सुधा द्विवेदी, माया गुप्ता, शिव कान्ति, प्रेमलता, संतोषी, अशोक राय, सुशील, अंशिका, रानी त्रिपाठी, मालती मिश्रा, मीरा सिंह, रंजना सिंह, अनीता बाजपेई, रिचा सिंह, साधना सिंह आदि मौजूद रहे।

### दुर्गा मंदिर में हवन-पूजन कर हुआ कन्याभोज

नवरात्र पर्व की नवमी के अवसर पर शहर से लेकर गांवों तक भक्ति की बयार बहती रही। मंदिरों में सुबह से ही लंबी कतारें देखी गईं। वहीं घरों में हवन.पूजन के बाद कन्या भोज का आयोजन कर भक्तों ने अपना व्रत खोला। भक्तों ने पूरी आस्था के साथ नौ कन्याओं और लंगूर को आमंत्रित किया। कन्याओं के पैर धोकर उनका तिलक व आरती की गई। उन्हें पूड़ी, सब्जी, हलवा और चने का प्रसाद खिलाया गया। दान दक्षिणा और उपहार देकर कन्याओं का आशीर्वाद लिया। वही जगन्नाथगंज स्थित दुर्गा मंदिर के आयोजित हवन में भक्तों ने विशेष आहुतियां देकर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### भक्ति और उत्साह के साथ निकली श्री राम की शोभायात्रा



शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुजन। ● अमृत विचार

**उन्नाव :** भगवान श्री राम के जन्मोत्सव राम नवमी के पावन पर्व पर शहर के सिद्धनाथ मंदिर से श्री राम शोभायात्रा समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता ने भगवान की आरती उतारकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन हमें धैर्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ शुरू हुई यह यात्रा जैसे ही सड़कों पर उतरी, पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। सिद्धनाथ मंदिर से शुरू होकर यात्रा शहर के छिपियाना, छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा, स्टेशन रोड, आईबीपी चौराहा होते हुए यात्रा झंडेश्वर मंदिर पहुंची जहां विशेष आरती के साथ इसका समापन हुआ। शोभायात्रा में प्रभु श्री राम-सीता-लक्ष्मण, भोलेनाथ, माता पार्वती, राधा-कृष्ण की जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संरक्षक चंद्र प्रकाश गुप्ता, संयोजक विनोद शर्मा, विमल द्विवेदी, प्रवीण मिश्रा, भानू, मनोज यादव, बजरंगी, देवेंद्र बाजपेई, अंबे, मुन्ना, अनुज और धीरेन्द्र सिंह सहित कार्यकर्ता व राम भक्त उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास से मनाया गया रामनवमी का पर्व

**उन्नाव :** शुक्रवार को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ श्रीराम नवमी का पर्व मनाया गया। दोपहर 12 बजे मंदिरों व घरों में भक्तों ने भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। शहर के बड़े हनुमान मंदिर में स्थापित भगवान राम, माता सीता व लक्ष्मण की मूर्तियों को शुक्रवार सुबह स्नान कराने के बाद नए वस्त्र धारण कराए गए। दोपहर 12 बजते ही मंदिर में शंख और घंटे बजने लगे। भजन, कीर्तन के साथ भगवान राम की स्तुति की गई। श्रीरामचंद्र कृपाल भजु मन हरण भव भय दारुणम... से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का पूजन किया गया। भगवान श्रीराम के जयकारे से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। भक्तों ने मूर्तियों के सामने मत्था टेका। पुजारी ने पंचामृत के साथ अन्य प्रसाद वितरित किया। घरों में भी भक्तों ने श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया।

### भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला कौशल्या हितकारी...


शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुजन। ● अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव :** भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला रामनवमी पर्व नगर में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों और स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में दोपहर के समय भगवान राम के जन्म के अवसर पर राम नाम के विजय मंत्र का पाठ और हनुमान चालीसा का आयोजन हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने श्री राम जय राम जय-जय राम का सामूहिक जाप किया। भगवान राम के जन्म के क्षण पर भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला के भजन के साथ मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने आरती उतारकर प्रभु से सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। मनमोहक झांकियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। भगवान के जन्म उपरांत चंदामृत का वितरण किया गया। वहीं नेहरू नगर स्थित मंदिर में राम दरबार का भव्य श्रृंगार किया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा।

### रामनवमी पर राम नाम जाप व हवन, भक्तिमय रहा वातावरण

**संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव :** रामनवमी के पावन अवसर पर श्री रामनाम लेखन महायज्ञ समिति एवं श्री शिव मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य राम नाम जाप एवं हवन का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से 24 घंटे राम नाम का जाप किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। हवन में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आहुतियां दी गईं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान विश्वनाथ दुबे, अशोक शुक्ला, सत्यकुमार उपाध्याय, शिवशरण अग्निहोत्री, आशुतोष शुक्ला, अमित पाण्डेय, ओमप्रकाश मिश्रा, राजीव मिश्रा, हरिओम पाण्डेय, श्रीकांत पाण्डेय, लालाराम शुक्ला, अवनीश शुक्ला सहित कई लोग मौजूद रहे।

### राम नवमी पर गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य श्रीराम शोभायात्रा


शोभा यात्रा में शामिल भक्त। ● अमृत विचार

बांगरमऊ, अमृत विचार। रामनवमी पर नगर के नानामऊ मार्ग स्थित श्री दुर्गेश्वर मंदिर में श्री राम शोभा यात्रा निकाली गई। सुबह रामचरितमानस पाठ पूर्ण किया गया इसके बाद में हवन-पूजन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारों के बीच पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की और श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। दोपहर 2 बजे श्री दुर्गेश्वर मंदिर से गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु पूरे मार्ग में जय श्रीराम के उद्घोष लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा नगर के नानामऊ मार्ग से मोहल्ला सराय, भटपुरी, टेढ़ी बाजार, खत्रियाना, किला शाह रोड होते हुए श्री राजराजेश्वरी मंदिर में समाप्त हुई। शोभायात्रा में राम-लक्ष्मण एवं हनुमान आदि की झांकियां भी शामिल हुईं। मंदिर परिसर में सुभाष इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ करुणा शंकर शुक्ला, संजय शुक्ला व जय शुक्ला द्वारा विधि विधान से भगवान राम का पूजन किया गया। शोभा यात्रा में विधायक श्रीकांत कटियार के पुत्र अंशुल कटियार, चौधरी आशीष सिंह गोलू, शरद अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार शुक्ल एडवोकेट, हर्षित श्रीवास्तव, वीरेंद्र अवस्थी, ओम नारायण श्रीवास्तव, मनीष मिश्रा एडवोकेट, मनोज गौतम एडवोकेट, डॉ संजय आर्य, मनोज तिवारी, वैभव शर्मा, अर्जुन लाल दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता ने निगला कीटनाशक, मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** बिहार थाना क्षेत्र के भदिहा गांव निवासी जया (26) पत्नी राहुल निर्मल ने पारिवारिक कलह से तंग आकर गुरुवार दोपहर कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने परिजन उसे पुरवा के चंडीगढ़ी स्थित एक निजी अस्पताल लाए।। जहां से उसे कालूखेड़ा फिर केजीएमयू ले गए। जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जया की शादी 2 साल पहले हुई थी।

### गंगाघाट पर थोड़ी देर रुकी वंदे भारत

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** शुक्रवार को कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। बताते हैं कि वंदे भारत से पहले पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस को आगे रवाना किया गया था, जिसके चलते वंदे भारत को सिग्नल मिलने में विलंब हुआ। डाउन लाइन पर वंदे भारत ट्रेन सुबह 11:26 बजे गंगाघाट स्टेशन पहुंची और निर्धारित समय के अनुसार एक मिनट रुककर 11:27 बजे लखनऊ के लिए रवाना हो गई। इसी क्रम में अमृत भारत एक्सप्रेस भी अप लाइन पर लगभग 20 मिनट तक गंगाघाट स्टेशन पर खड़ी रही, जिसके बाद उसे कानपुर की ओर रवाना किया गया।

### खजाना वितरण आज

**उन्नाव, अमृत विचार :** श्री मां कल्याणी मंदिर सेवा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्रा ने बताया कि शनिवार रात शयन आरती के पश्चात रात 10 बजे मां कल्याणी मंदिर प्रांगण में खजाना एवं महाप्रसाद वितरण होगा।

# यूपीडा की ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई कार, दो की मौत

● हादसे में एक्सप्रेस वे पर घास काट रहे 4 यूपीडा कर्मी भी हुए घायल

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार:** आगरा - लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार यूपीडा की खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। हादसे में कार सवार नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि व उसके चालक की मौत हो गई। हादसे में यूपीडा के चार कर्मियों भी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करा शवों को मोर्चरी भेजा है।

बुलंदशहर जिले के पहासू थाना क्षेत्र के पठान टोला निवासी छोटे अजमल (52) पुत्र रसीद अपने कार चालक मो. राजा पुत्र अहमद के साथ लखनऊ जा रहे थे। तभी लखनऊ - आगरा एक्प्रेस वे पर औरास थाना क्षेत्र के पंचम खेड़ा गांव के सामने उनकी कार डिवाइडर पर लगी घास काटने के लिए यूपीडा कर्मियों को लेकरआई खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में टकरा गई। इसमें कार सवार बुलंदशहर के चेयरमैन प्रतिनिधि छोटे अजमल व उनके चालक सहित घास काट रहे मजदूरों में बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के सिरधरपुर गांव निवासी मुकेश पुत्र रामपाल, गुड्डू पुत्र रामनाथ, जयपाल पुत्र नत्था व प्रभु दयाल गंभीर हो गए। जहां डॉक्टर ने छोटे अजमल व मो. राजा को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों में मुकेश व गुड्डू की हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शवों को मोर्चरी भेजा है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई हैं। एक्सप्रेसवे पर यातायात सामान्य है।

### कंटेनर की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की हुई मौत

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव :** कानपुर-लखनऊ हाइवे पर मांस निर्यातक कम्पनी के कंटेनर ने साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा है। आसीवन थाना क्षेत्र के सुभानी खेड़ा गांव निवासी शिव बरन (64) पुत्र मुन्ना यादव खेती करते थे। बेटे प्रताप ने बताया कि पिता जड़ी बूटियों से लोगों इलाज भी करते थे। इसी सिलसिले वह अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बसीरतगंज गांव गए थे। जहां से लौटते समय कानपुर-लखनऊ हाइवे पर कमला होटल के सामने तेज रफ्तार मांस निर्यातक कम्पनी के कंटेनर ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़ कर भाग निकला। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिव बरन को एंबुलेंस से सीएचसी नवाबगंज भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसकी पहचान करा परिजनों को हादसे की जानकारी दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा है। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पीएम कराया है। कंटेनर को पकड़ कर सीज किया है। चालक की तलाश की जा रही है।

### वृद्धा की गला घोंट कर हुई थी हत्या, पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अटवा गांव निवासी शशि कला (75) पत्नी स्व. जयराम सिंह शहर के बंधुहार मोहल्ला में बेटे योगेंद्र के घर में रहती थीं। गुरुवार को उसकी हालत बिगड़ने पर वही अस्पताल लाया था। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीछे से अन्य भाई बहन भी इमरजेंसी पहुंचे थे। उन्होंने संपत्ति के लालच में मां को बंधक बनाने व हत्या करने का आरोप लगाया था। इस पर हंगामा शांत करा शव मोर्चरी भेजा गया। भाई ज्ञानेंद्र ने इसकी तहरीर दी। शुक्रवार को पुलिस ने दो डॉक्टर के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें डॉ. शोएब अली व डॉ. शोएब निसार शामिल थे। पीएम रिपोर्ट में वृद्धा की गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई।

### अवैध खनन पर छापेमारी कर दो डंपर सीज


मौके पर मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम व अन्य।

**संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड में है। जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार देर रात सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम और गंगाघाट कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने कटरी पीपरखेड़ा क्षेत्र में छापेमारी कर कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान टीम को मौके पर अवैध खनन का भंडारण मिला। साथ ही मिट्टी लदे दो डंपर भी पकड़े गए, जिन्हें तत्काल कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया। कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। अभियान में सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, खनन अधिकारी मनीष यादव और गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौजूद रही। अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन और भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और इसमें लिप्त लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों के बीच डर का माहौल है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी हाल में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान चलाकर दोषियों पर शिकंजा कसा जाएगा।

### 33 केवी लाइन में फाल्ट से तीन घंटे गुल रही बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** शुक्रवार दोपहर 33 केवी लाइन में अचानक फाल्ट आने से पूरे नगर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को करीब साढ़े तीन घंटे तक भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली न होने से घरों के साथ ही दुकानों और प्रतिष्ठानों का कामकाज भी प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12:10 बजे कुंदन रोड के पास 33 केवी लाइन में फाल्ट हो गया, जिससे पूरे शुक्लागंज की बिजली गुल हो गई। लंबे समय तक आपूर्ति बाधित रहने पर बिजली विभाग की टीम ने पेट्रोलिंग शुरू की, जिसके दौरान कुंदन रोड पर फाल्ट का पता चला। इसके बाद कर्मचारियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि फाल्ट के कारण 12:10 बजे आपूर्ति बंद हुई थी, जिसे दोपहर 1:55 बजे बहाल कर दिया गया। उन्होंने बताया कि लाइन में बंदर के कूदने से ट्रिपिंग हुई थी। अंततः दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पूरी तरह से बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### एक अप्रैल से शुरू होगा 'स्कूल चलो अभियान'

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में नए सत्र के लिए अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित कराने हेतु एक अप्रैल से 'स्कूल चलो अभियान' शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि यह अभियान दो चरणों में संचालित होगा। पहला चरण एक अप्रैल से 15 अप्रैल और दूसरा चरण एक जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा। छह से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा से जोड़ने के लिए आउट ऑफ स्कूल बच्चों, बालिकाओं, दिव्यांग और प्रवासी परिवारों के बच्चों की विशेष पहचान की जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी अनीता साह ने बताया कि अभियान के दौरान प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षा मित्र और अनुदेशक घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क करेंगे और सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देंगे। इसमें डीबीटी, कायाकल्प योजना, मिड-डे मील, बेहतर भवन और खेल मैदान जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

# जिला अस्पताल के सुपरवाइजर की अचानक मौत से कोहराम

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** जिला अस्पताल (पुरुष विभाग) में सफाई व्यवस्था के लिए नियुक्त कंपनी के सुपरवाइजर की अचानक हालत बिगड़ गई। उसे जब उसे इमरजेंसी लाया गया। उसकी मौत हो गई। इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया।

बता दे कि रायबरेली जिला अंतर्गत लालगंज कस्बा के केशवपुरम मोहल्ला निवासी रवि शंकर (55) पुत्र देवी शंकर करीब 9 वर्षों से अस्पताल के पुरुष विभाग में सफाई व्यवस्था को निगरानी करते थे। परिजनों के मुताबिक वह गुर्दे की बीमारी से ग्रसित थे। जिसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार को डायलिसिस होनी थी। इसी से बेटा रंजीत कुमार व बहू अस्पताल आई थी। लेकिन तभी अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे इमरजेंसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। यह सुनते परिजनों में कोहराम मच गया। इसकी जानकारी मिलते बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों में काली प्रसाद, अंजू, सरोज, कलावती, रेनू, मंजू देवी, गुड़िया, कांति, विनोद, राजेश, गुड्डू आदि ने रविकांत की मौत पर शोक जताया। जहां अपने ही विभागीय कर्मी के शव को घर ले जाने के बुलाया गया निशुल्क शव वाहन का चालक सूचना के करीब एक घंटे बाद पहुंचा।

# बाबूगंज में गैस किल्लत पर भड़के उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** शहर के बाबूगंज स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर शुक्रवार सुबह के वक्त भारी हंगामा हो गया, जब गैस न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने सड़क पर उतरकर जाम लगा दिया। लगभग आधे घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस और राजस्व अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली।

प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं का आरोप है कि वे पिछले कई दिनों से गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं। उपभोक्ताओं के अनुसार, एजेंसी कर्मचारियों ने उन्हें भरोसा दिया था कि शुक्रवार को गैस का वितरण किया जाएगा। इसी उम्मीद में सुबह से ही लंबी लाइनें लग गई थीं, लेकिन रामनवमी का अवकाश होने के कारण जब एजेंसी का ताला नहीं खुला, तो लोगों का धैर्य जवाब दे गया। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस नायब तहसीलदार यशवंत सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित लोगों को समझाया कि छुट्टी के कारण एजेंसी बंद है। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद एजेंसी संचालक ने शनिवार सुबह हर हाल में गैस वितरण शुरू करने का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने सड़क से जाम खुलवाया और यातायात सामान्य हो सका।



बाबूगंज इंडियन गैस एजेंसी के बाहर सड़क पर जाम लगाए उपभोक्ता।

● रामनवमी की छुट्टी पर एजेंसी बंद देखकर लगाया जाम

### बुजुर्गों को अयोध्या की यात्रा करा रहे पंकज गुप्ता


बस को अयोध्या के लिए रवाना करते सदर विधायक।

**उन्नाव, अमृत विचार :** शुक्रवार को विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के ग्राम चौरा से सदर विधायक ने लगभग 160 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने टोली को भगवा झंडी दिखाकर जय श्रीराम के उद्घोष के बीच विदा किया। विधायक अपने निजी संसाधनों से इस तीर्थ यात्रा का संचालन निरंतर कर रहे हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज के बुजुर्गों को श्रवण कुमार की भांति तीर्थों के दर्शन कराकर भक्ति और सेवा के पथ पर अग्रसर करना है। यात्रा पर निकलने से पूर्व श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन किया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा यह क्षण मेरे जीवन का अमूल्य और अविस्मरणीय अनुभव है। मैं स्वयं को अत्यंत सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अपने माता-पिता तुल्य बुजुर्गों और मातृ-शक्ति को प्रभु श्रीराम के चरणों तक पहुंचाने का माध्यम बनने का अवसर मिला। आप सबका स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, सुशील रावत, अवनीश गुप्ता, सभासद धीरज सिंह, नामित सभासद, कन्हैया, मोनू रावत, ग्राम प्रधान संजय गुप्ता, राकेश अग्निहोत्री, बउवा तिवारी, संकल्प मिश्रा, संदीप रावत, अमन सोनी, अनुज कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## उपलब्धि

'धुरंधर 2' में उनके गाए गीत 'मन अटकेया' को देश-विदेश में मिल रही वाहवाही

# इंडियन आइडल विजेता वैभव का हुआ स्वागत

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


वैभव गुप्ता का स्वागत करते उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं अन्य।

**अमृत विचार:** इंडियन आइडल सीजन 14 के विजेता वैभव गुप्ता का शुक्रवार को अपने ननिहाल सहजनी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। 'धुरंधर 2' फिल्म में उनके गाए गीत 'मन अटकेया' को देश-विदेश में मिल रहे अपार प्रेम के बीच वैभव अपने प्रशंसकों और परिजनों का आभार जताने यहां पहुंचे।

स्वागत के दौरान वैभव गुप्ता ने कहा कि उन्नाव उनका अपना घर है और यहां के लोगों का स्नेह उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बताया कि संगीत के प्रति उनका लगाव बचपन से रहा है और आज उसी जुनून ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने यह भी साझा किया कि फिल्म के सॉन्ग लॉन्च के दौरान अभिनेता रणबीर सिंह ने उन्हें गले लगाकर बधाई दी और उनकी आवाज की सराहना की। मामा मदन मोहन गुप्ता की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। उन्होंने कहा कि वैभव उनके परिवार की शान हैं। ममेरे भाई अश्वनी गुप्ता और विशाल गुप्ता ने भी गर्व जताते हुए कहा कि बचपन का शरारती वैभव आज देश-दुनिया का सितारा बन गया है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा, विशाल गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, एक्टर अंकित, अनुराग कुशवाहा, अंशु गुप्ता, आकाश यादव, कुशांक गुप्ता, कॉमेडियन लक्ष्य निगम, इशांत तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# केंद्रों पर जलपान व्यवस्था न होने से परीक्षकों में आक्रोश

**उन्नाव, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है, लेकिन मूल्यांकन केंद्रों पर तैनात परीक्षकों को जलपान की सुविधा न मिलने से उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है। नियमानुसार प्रति परीक्षक 25 रुपये प्रतिदिन जलपान के लिए निर्धारित हैं, इसके बावजूद जनपद में यह व्यवस्था लागू नहीं हो पा रही है।

शिक्षक नेताओं ने परीक्षकों के लिए समुचित जलपान व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग उठाई है। एक पूर्व एमएलसी ने इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव से शिकायत कर 29 अक्टूबर 2024 के शासनादेश का अनुपालन कराने की मांग की थी। इसके बाद 25 मार्च 2026 को अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज ने जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश जारी कर व्यवस्था लागू कराने को कहा है। जीआईसी के प्रधानाचार्य (उप नियंत्रक) परमात्मा शरण ने बताया कि इस मद में अभी तक कोई अलग धनराशि प्राप्त नहीं हुई है। जनपद के चार मूल्यांकन केंद्रों पर करीब 1850 परीक्षक नियुक्त हैं, जिनमें प्रतिदिन लगभग 1100 उपस्थित रहते हैं। ऐसे में जलपान पर प्रतिदिन करीब 28 हजार रुपये खर्च होने का अनुमान है, जो विद्यालयों के लिए वहन करना कठिन है।

न्यूज ब्रीफ

### घर में अचेत मिले युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पत्नी की मौत के बाद तीन बेटियों और इकलौते बेटे के साथ रह रहा युवक घर के अंदर बेहोश पड़ा मिला। उसके मुंह से झाग निकलती देख बच्चों ने शोर मचाया। लोगों ने उसे उठाकर सीएचसी पहुंचाया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। डाक्टरों ने प्वाज़निंग से मौत होना बताया है। साण्डी थाने के तेरिया निवासी 38 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र सेवाराम खेती-बाड़ी कर गुज़र-बसर कर रहा था, करीब 12 साल पहले पत्नी की मौत हो जाने के बाद तीन बेटियों उजाला, रेशमा व रवीना और इकलौते बेटे सिद्धार्थ की अकेले परवरिश कर रहा था। बड़ी बेटी उजाला ने बताया कि गुरुवार की शाम को कमरें में बेहोश पड़े उसके पिता के मुंह से झाग निकल रहा था, ऐसी हालत देख वह चिल्लाने लगी, शोर सुन कर पड़ोसी दोड़ आए और सुनील को उठा कर उसे सीएचसी सुरसा ले गए, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

# पेट्रोल-डीजल के लिए सुबह से रही मारामारी

## शहर के अधिकांश पंपों पर 'नो स्टॉक' के बोर्ड लगने से वाहन स्वामी हो रहे परेशान

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले में शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की किल्लत के चलते वाहन स्वामियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही कई पेट्रोल पंपों पर स्टॉक खत्म होने की सूचना से हड़कंप मच गया, जिसके कारण दिनभर ईंधन के लिए मारामारी की स्थिति बनी रही। शुक्रवार सुबह से ही शहर के अधिकांश पंपों पर 'नो स्टॉक' के बोर्ड लटकने के कारण उपभोक्ता एक पंप से दूसरे पंप के चक्कर काटते नजर आए। यह संकट दोपहर बाद तब कम हुआ जब लगभग 3 बजे तेल का टैंकर पहुंचा। टैंकर के आते ही आईबीपी पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने वालों का तांता लग गया।



शुक्रवार को दोपहर 3 बजे के बाद टैंकर आने पर आईबीपी पेट्रोल पंप पर भीड़।

**लोग बोले**



लालजी व सुभाष।

बाबूगंज स्थित पेट्रोल पंप के बाहर खड़े लालजी ने बताया माखी गांव से आए है। पेट्रोल खत्म होने पर पंप पर आए लेकिन पेट्रोल न मिलने की वजह से पिठले दो घंटों से टैंकर आने का इंतजार कर रहे है ताकि पेट्रोल भराकर घर वापस जा सके। वहीं आईबीपी पेट्रोल पंप के बाहर खड़े सुभाष ने बताया सुबह घर से निकलने पर पंप पर पेट्रोल भराने आए तो पता चला कि पेट्रेल नही मिल रहा। ऐसे में आश्यक कार्य से कानपुर जाना था। लेकिन बाइक में पेट्रोल नहीं मिल पाया।

### डीजल और पेट्रोल के लिए रही भीड़

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** सरकार और प्रशासन की तरफ से एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता के दावों के बीच अब पेट्रोल-डीजल की किल्लत से लोग परेशान हैं। शुक्रवार को कस्बे के फीलिंग स्टेशन पर पेट्रोल के न मिलने से ग्राहकों की भीड़ लगी रही। वहीं दूसरी पंप पर डीजल मिल रहा था, गोपामऊ मार्ग पर संचालित पम्प पर डीजल और पेट्रोल तक नहीं मिलने से लोग परेशान रहे। हरिहरपुर, भड़ायल और अहिरोरी के अपवाद स्वरूप पेट्रोल पंपों से ग्राहकों को डीजल और पेट्रोल मिलता रहा। पूर्ति निरीक्षक रजनीश ने कहा कि डीजल और पेट्रोल की उपलब्धता पर्याप्त मात्राओं में पंपों को दी जा रही है। सूचना पर देर रात मौके पर स्टॉक और अन्य जानकारियां ली गई। फिलहाल समस्या का समाधान करवा दिया गया है।

### रसोई गैस की किल्लत पर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बांगरमऊ अमृत विचार।** नगर व क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत को लेकर समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रामपाल यादव ने डीएम को पत्र सौंपकर गैस एजेंसी संचालकों पर एलपीजी की कालाबाजारी तथा उपभोक्ताओं के शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। रामपाल यादव ने पत्र में कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकारे पर्याप्त मात्रा में रसोई गैस उपलब्ध होने का दावा कर रही है। लेकिन नगर व क्षेत्र में लंबे समय से रसोई गैस सिलेंडरों की कमी पैदा की जा रही है।

# गांव में सफाई करने नहीं आता कर्मी, गंदगी का ढेर

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड की ग्राम पंचायत आमतारा में एक ग्रामीण ने सोशल मीडिया पर सफाई को लेकर सफाईकर्मी की मिली भगत से प्रधान पर आरोप लगाते हुए वीडियो वायरल किया है। वीडियो में ग्रामीण जुग्गन खां ने दिखाया और कहा है कि आमतारा ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था बिल्कुल ठप्प है। बताया कि इससे पहले भी ग्राम प्रधान और सफाई कर्मी की कथित मिलीभगत से ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था में भारी अनियमित की खबरें लगातार प्रकाशित हो रही हैं। फिर भी ग्राम प्रधान के सहयोग से उनके हाजिरी रजिस्टर में हस्ताक्षर होते हैं, और मिली भगत से सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है। जिससे गांव में गंदगी व्याप्त है।

बताया कि गांव में नाली सड़क और घरों के सामने गंदगी का अंबार लगा रहता है। जिससे ग्रामीणों को खुद सफाई करनी पड़ती है। सफाई कर्मी से अगर सफाई करने को कहा जाता है तो वह आंख दिखाकर ग्रामीणों को धमकता है। गांव में चर्चा है कि लगातार हो रही शिकायतों पर अधिकारी संज्ञान क्यों नहीं ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार सफाई कर्मी खलील खां की राजनीति गलियारों में अच्छी पकड़ होने की वजह से तैनाती के बाद कहीं दूसरी जगह ट्रांसफर तक नहीं हुआ। उच्च अधिकारियों को शिकायत मिलने पर भी स्थानीयस्तर पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

वीडियो में जुग्गन ने बताया कि सफाई कर्मी का कहना है कि वह वीडियो और प्रधान को पैसा देता है और आप कुछ भी कर ले उसका कुछ नहीं होने वाला है। साफ तौर से कहां जाए तो सरकारी धन का लगातार दुरुपयोग हो रहा है।

# ननिहाल में रह रही किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, हरदोई

- बचपन में ही माता-पिता की मौत के बाद से नानी के पास रह रही थी

**अमृत विचार।** मां-बाप के न रहने के बाद ननिहाल में रह रही किशोरी को नानी ने पाल-पोस कर बड़ा किया था। पांचवीं तक पढ़ाई करने के बाद उसने स्कूल जाना छोड़ दिया। शुक्रवार को उसने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

हरियावां थाने के चंपत पुरवा निवासी चन्द्रशेखर की बहन उसी थाने के चचरहिया गांव में महिपाल को ब्याही थी। उनकी एक बेटी रामसती और एक बेटा ललित है, बचपन में ही दोनों भाई-बहन के सिर से मां-बाप का साया उठ गया था। रामसती को उसकी नानी जशोदा साथ ले आईं और उन्ही की परवरिश से वह बड़ी हुई। 16 साल की हो चुकी रामसती ने शुक्रवार को घरेलू काम निपटाया। उसी बीच दोपहर को उसने कमरें के अंदर दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए आत्महत्या की वजह तलाशते हुए छानबीन शुरु कर दी है।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की खुदकुशी

**हरदोई, अमृत विचार।** खेती-बाड़ी में पिता का हाथ बंटाने वाले युवक की शादी तय हो चुकी थी। 20 जून को उसकी बारात जानी थी। लेकिन उससे पहले शुक्रवार की भोर पहर घर से निकल कर पड़ोसी गांव पहुंचा और वहां ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि युवक शादी तय होने से नाराज था, पुलिस जांच कर रही है। बघौली थाने के तिलकपुरवा निवासी अजयपाल का 20 वर्षीय पुत्र राजीव शुक्रवार की भोर पहर अपने घर से निकल कर पड़ोसी गांव उम्मरपुर पहुंचा और वहां रेलवे ट्रैक से निकल रही ट्रेन के आगे कूद गया। जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। पिता ने बताया कि राजीव की शादी कोतवाली देहात के बुड़इया गांव के परशुराम की पुत्री के साथ तय थी। 20 जून को बारात जानी थी। कुछ दोस्तों का कहना है कि राजीव किसी और लड़की से शादी करना चाहता था, लेकिन परिवार ने उसकी मर्जी के खिलाफ दूसरी जगह उसकी शादी तय कर दी थी। उसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। पुलिस हर पहलू से जांच-पड़ताल कर रही है।

जून में जानी थी बारात, मर्जी के खिलाफ विवाह से था नाराज

### छात्र ने की आत्महत्या की कोशिश

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** 10 वीं की पढ़ाई कर रहे छात्र ने घर के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या करने की कोशिश की, गनीमत रहा कि घर वालों ने उसे ऐसा करते देख लिया और फांसी के फंदे से उतार कर मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन वहां डाक्टरों से झूठ बोला गया कि बिजली का करंट लगा, उसी वजह से इलाज में हुई देरी से तबियत और बिगड़ गई, जिसके चलते उसे हायर सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया गया। बताया गया है कि कोतवाली शहर के मोहल्ला आलूथोक निवासी प्रदीप का 19 वर्षीय पुत्र मनीष 10 वीं की पढ़ाई करता है, शुक्रवार को उससे गैस सिलेंडर मंगाया गया, उसके बाद उसने कमरें के अंदर फांसी लगा ली, लेकिन गनीमत रहा कि उस पर घर वालों की नज़र पड़ गई। आनन-फ़ानन फांसी के फंदे से उतार कर उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, वहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डाक्टर ने वजह पूछी तो घर वालों ने बताया कि बिजली का करंट लगा, उसी हिसाब से इलाज शुरु कर दिया गया, फिर भी मनीष की हालत और बिगड़ती चली गई, बाद में सही बात बताने पर इलाज में देरी हो चुकी थी। इस हालत में उसे हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।



मृतकों के भाई से पूछताछ करते डीआईजी किरण एस। अमृत विचार

### ढ़ोलिया पहुंचे डीआईजी ने दिए कड़े निर्देश, की पूछताछ

**हरदोई, अमृत विचार।** बोलेरो की चपेट में आने से हुई बुज़ुर्ग की मौत के बाद बेरहमी से पिटाई कर दो सगे भाइयों की हत्या को ले कर डीआईजी किरण एस देर शाम को सीधे ढ़ोलिया पहुंचे। शिवम के घर पहुंच कर उन्होने उसके मंजेश से पूछताछ की, रोते-रोते बेहाल हो चुकी शिवम की मां और बहन को ढ़ाढ़स बंधाया। डीआईजी ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी अशोक कुमार मीणा को कड़े निर्देश दिए। डीआईजी काफी देर तक ढ़ोलिया गांव में रुके। उन्होंने ने कहा कि हत्यारोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें कोना-कोना खंगाल रहीं हैं।

# मोबाइल टॉवर की बैटरियां ले गए चोर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे न केवल कंपनियों को नुकसान हो रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं को भी नेटवर्क समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

ताजा मामला गोकुल थाना क्षेत्र के मियांपुर गांव का है, जहां स्थित एक एयरटेल टावर को अज्ञात चोरों ने निशाना बना लिया। जानकारी के अनुसार, बीते एक महीने के भीतर टावर से बैटरी चोरी की यह तीसरी घटना है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि चोर टावर परिसर में घुसकर बैटरी बैंक को अपने साथ ले गए। घटना का पता तब चला जब नियमित जांच के दौरान तकनीकी टीम मौके पर पहुंची। टावर के टेक्नीशियन आशुतोष तिवारी ने इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत दी है।



मोबाइल टॉवर से गायब बैट्रियां।

प्रार्थना पत्र में पूरे घटनाक्रम का जिक्र करते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की घटनाओं से नेटवर्क सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने दहशत का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों ने भी पुलिस से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। वहीं, थानाध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# सात घंटे बंद रहा गायत्री नगर फीडर

**शुक्लागंज, उन्नाव।** लाइन शिफ्टिंग के बाद नई केबल डालने के कार्य के चलते शुक्रवार को गायत्री नगर फीडर करीब सात घंटे तक बंद रहा, जिससे कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक मरहला चौराहे से नया गोल चौराहे तक बिजली विभाग की टीम ने नई केबल डालने का कार्य किया। इस दौरान नया खेड़ा, ठाकुर खेड़ा, गजिया खेड़ा, आरपी नगर और नबी नगर सहित सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। लंबे समय तक आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को गर्मी और पानी की समस्या का सामना करना पड़ा। शाम करीब 7 बजे कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति बहाल की गई, तब लोगों ने राहत की सांस ली। बिजली विभाग के अनुसार, शनिवार को भी कार्य जारी रहने के कारण कुछ समय के लिए आपूर्ति प्रभावित रह सकती है।



केबल डालने का काम करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो घायल

**पिहानी (हरदोई), अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इटारा के पास शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान आकाश (28) पुत्र रामनरेश, निवासी गदनहिया के रूप में हुई है। वहीं देश प्रति पुत्र राम स्वरूप तथा मोहित पुत्र रामकरण गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना पिहानी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पिहानी लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।


अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम FAIZAN AKHTAR SAYYED JABBAR ALI से बदलकर SAYYED FAIZAN AKHTAR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: SAYYED JABBAR ALI R/O: PLOT NO 10 IIM ROAD BEHIND ROHAN TIMBER ALLU NAGAR DIGURIA LUCKNOW UTTAR PRADESH 226013

**सूचना**

मेरा वास्तविक नाम राजेश कुमार पुत्र जगदम्बा प्रसाद निवासी ग्राम मीनापुर फगौली पोस्ट शुजागंज जिला अयोध्या है। जो कि गलती से भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 253461552 में मेरा नाम बच्चूलाल पुत्र जगदम्बा प्रसाद हो गया है। भविष्य में मुझे राजेश कुमार पुत्र जगदम्बा प्रसाद के नाम से ही जाना व पहचाना जाएं।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम HAREES AHMAD KHAN से बदलकर HAREESH AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-TABIB KHAN R/0-KHINDURI, PIPRI RAWAT COLONEL GANJ DIST-GONDA-271502(U.P)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता रण विजय सिंह और मेरी माता का नाम बिमलेश सिंह का नाम (CBSC) हाईस्कूल के रिकार्ड रोल नम्बर 23169676 में तथा इंटरमीडिएट रोल नम्बर 32628047 के अंकपत्र व प्रमाणपत्र में माता व पिता का नाम त्रुटिवश गलत लिख गया है। वास्तव में मेरे पिता का नाम रणविजय सिंह है और मेरी माता का नाम विमलेश सिंह है। जिसे त्रुटि कागजातों में सही किया जाना आवश्यक है। प्रार्थी- आदर्श प्रताप सिंह (फातिमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोण्डा) मकान नं. 451, छेदी पुरवा, गोण्डा (उत्तर प्रदेश) 271002

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम D ASIR से बदलकर MOHD NASIR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। R/0-454/252/027 AHMADGANJ NEAR NAWAZ LAWAN THAKURGANJ DIST-LUCKNOW-226003(U.P)

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम FATIMA KHAN से बदलकर FATIMA MATEEN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-JUNED AHMED KHAN ADD-1 VISHESHWAR NATH ROAD, LALBAGH PO-G.P.O DIST-LUCKNOW-226001(U.P)

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे कार्यालय चाटर्ड एकाउटेण्ट स्थित-8, जे0सी0 बोस मार्ग, लालबाग, लखनऊ से लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ द्वारा श्रीमती बीना शर्मा के पक्ष में जारी मूल आवंटन पत्र बाबत भूखण्ड संख्या-ए-1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ कही गुम हो गया है। जो काफी तलाशने पर भी नहीं मिला। रमेश चन्द्र शर्मा पुत्र स्व0 शंकर लाल शर्मा, निवासी-मकान नं0-8, जे0सी0 बोस मार्ग, लालबाग, लखनऊ

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिवांश सरकार आयु लगभग 13 वर्ष पुत्र श्री समीर सरकार निवासी ग्राम मिर्जापुर माफी तहसील सदर थाना कोतवाली अयोध्या जिला अयोध्या का निवासी है। पहले मेरा नाम शिवांश कुमार था जिसे बदलकर अब शिवांश सरकार रख लिया है। ऐसी दशा में अभिलेखों में मेरा नाम शिवांश कुमार के स्थान पर शिवांश सरकार दर्ज किया जाना न्याय संगत है।

**सूचना**

मैं MOHD ANISH पुत्र ABDUL RAJJAK निवासी-279, ग्राम-पिपरा याकूब, पो0-चमरूपुर, बलरामपुर, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर MOHAMMAD ANEES AHMAD S/O ABDUL RAZZAK रख लिया है, अत: आज से मुझे MOHAMMAD ANEES AHMAD S/O ABDUL RAZZAK के नाम से जाना पहचाना और लिखा जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं समीर सरकार आयु लगभग 42 वर्ष पुत्र श्री मोहन कुमार निवासी ग्राम मिर्जापुर माफी तहसील सदर थाना कोतवाली अयोध्या जिला अयोध्या का स्थाई निवासी है। पहले मेरा नाम समीर कुमार था जिसे बदलकर अब समीर सरकार रख लिया है, ऐसी दशा में अभिलेखों में मेरा नाम समीर कुमार के स्थान पर समीर सरकार किया जाना न्याय हित में आवश्यक है। इसी तरह मेरी पुत्री का पहले नाम शिवांगी राय था जिसे बदलकर शिवांगी सरकार रख लिया है। ऐसी दशा में पुत्री का नाम शिवांगी सरकार अभिलेखों में दर्ज किया जाना न्याय संगत है।


# दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** माखी थानाक्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर घायल हो गया। जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं हादसे के बाद से परिजनों में चीखपुकार मची है।

माखी थाना व गांव के मोहल्ला बाबूखेडा निवासी कमलेश (35) पुत्र रामस्वरूप शुक्रवार दोपहर रऊ करना गांव से पत्नी की पथरी की दवा लेने के बाद जा रहा था। तभी रऊकरना-रसूलाबाद मार्ग पर शराब ठेका के सामने दूसरी बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में कमलेश व दूसरी बाइक का चालक दिलीप निवासी देवारा कला गंगाघाट सड़क पर गिर कर गंभीर घायल हो गए। लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल भेजा। जहां डाक्टर ने कमलेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं दिलीप का इलाज किया जा रहा है। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी में रखा गया है। पति की मौत से पत्नी रेखा व बेटी मानसी, नैंसी व बेटा आकाश, विकास बेहाल है। कमलेश दिल्ली में एक गिलास बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था। पत्नी के पेट में पथरी होने पर वह परिवार के साथ एक सप्ताह पूर्व ही गांव आया था।

# फाग गायन कर खेली फूलों की होली





कार्यक्रम को संबोधित करते प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आजाद अंसारी। अमृत विचार

**औरास, उन्नाव, अमृत विचार।** क़स्बा के नर्सरी पुलिया स्थित एक लॉन में भाजपा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी भूपेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें फाग का गायन और फूलों की होली खेली गई।

इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने उपस्थित होकर सभी लोगों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर मोहान विधायक ब्रजेश रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शांशक सिंह, विजय विक्रम सिंह सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड, सुधीर सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष अम्बेडकर नगर, कुंवर वीरेंद्र सिंह उर्फ़ राजा साहब, औरास चेयरमैन राकेश कुमार, रसूलाबाद चेयरमैन प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, नि.जिला पंचायत सदस्य गुड्डी अजय भारती, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव प्रसाद सिंह, आशीष रंजन, भाजपा नामित सभासद ध्यान प्रकाश चौरसिया, गौरव पांडेय, निलेश सिंह, प्रशांत मिश्रा, संदीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### दिल्ली से लौटे युवक ने आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** दिल्ली में नौकरी कर रहा युवक गांव लौटा, वह बगैर बताए घर से निकला और बाग़ में रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए इस तरह से आत्महत्या करने की वजह ढूंढ रही है। शाहाबाद कोतवाली के बिलालपुर मजरा शर्मा निवासी रामप्रसाद का 18 वर्षीय पुत्र नागेश पाल दिल्ली में रह कर एक निजी कम्पनी में नौकरी करता था। कुछ दिनों पहले वह गांव आया हुआ था। जैसा कि उसके भाई बिशुन पाल ने बताया कि गुरुवार की शाम को नागेश पाल घर से बगैर बताए कहीं चला गया, काफी देर बाद भी वापस नही पहुंचा, तलाश किए जाने के दौरान देर रात गांव के दक्षिण उसका शव गांव के रामकिशोर के बाग में रस्सी से लटका हुआ शव देखा गया।

मरम्मत कार्य

कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग पर गंगा नदी के रेलवे पुल पर बदले जा रहे जर्जर ट्रफ

# कानपुर छोर पर पहुंचे एचबीम स्लीपर, कार्य तेज

शुक्लागंज, उन्नाव।

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग पर गंगा नदी के रेलवे पुल में जर्जर ट्रफ बदलने के बाद अब डाउन लाइन पर एचबीम स्लीपर डालने का कार्य 2 अप्रैल से मेगा ब्लॉक लेकर शुरू किया जाएगा। इसे लेकर कानपुर छोर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

रेलवे विभाग द्वारा स्लीपर बिछाने से पहले समतलीकरण का कार्य बड़े स्तर पर कराया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को 100 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से बालू डालकर ट्रैक के किनारे जमीन को समतल किया गया। साथ ही दो ट्रकों के माध्यम से करीब 140 एचबीम स्लीपर कानपुर छोर पर पहुंचाए गए हैं। इस बार स्लीपरों को सीधे कार्यस्थल के पास ही उतारा जा रहा है, जिससे कार्य में सुगमता और तेजी बनी रहे। गौरतलब है कि पिछली बार अप लाइन पर स्लीपर बदलने के दौरान इन्हें गंगाघाट स्टेशन पर उतारा गया था, जिसके बाद वहां से कानपुर छोर तक पहुंचाने में काफी दिक्कतें आई थीं।





ट्रक से लाये गये एचबीएम स्लीपर। अमृत विचार

रेल प्रशासन ने पिछले अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस बार व्यवस्था में बदलाव किया है। अधिकारियों का कहना है कि इससे समय की बचत होगी और कार्य निर्धारित अवधि में पूरा किया जा सकेगा।

# साइबर ठगों ने युवक के खाते से उड़ाए तीन लाख

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर लगाई गुहार

**अमृत विचार।** साइबर ठगों ने एक युवक के खाते से यूपीआई के माध्यम से 2.98 लाख रूपये पार कर दिए। फोन पर संदेश आने पर युवक को अपने साथ हुई ठगी का पता चला। इस पर उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के त्रिपुरारपुर गांव निवासी मनोज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका गांव की आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा में बचत खाता है। शुक्रवार को उसके खाते से 2.98 लाख रूपये खाते से डेबिट होने के संदेश आया तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित के मुताबिक धनराशि तीन बार में डेबिट हुई। इसपर शाखा पहुंच कर उसने जानकारी की तो पता चला कि तीन दिन में यूपीआई के जरिए रुपए कटे है। साइबर फ्राड होन जानकारी पर मनोज ने पुरवा कोतवाली में तहरीर देकर अपने साथ हुए फ्राड की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# भये प्रगट कृपाला दीन दयाला, कौशल्या...

## राम जानकी मंदिर में गाए गए सोहर व बधाई गीत, भगवान को लगाया छप्पन भोग

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र की राम नवमी पर शुक्रवार को जिले भर में मार्यादा पुरुषोत्तम का जन्मोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। मंदिरों व घरों में कन्या भी किया गया और भंडारों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने सोहर और बधाई गीत गए। पूजा-अर्चना के बाद छप्पन भोग लगाया गया।

राम जानकी मंदिर नवीन गल्ला मंडी में शुक्रवार को भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। महिलाओं ने सोहर व बधाई गीत गाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। हवन पूजन के साथ भंडारे व कन्याभोज का आयोजन किया गया। भगवान का विधि विधान से वैदिक मंत्रों द्वारा दूध, दही, घी, शहद, चीनी व पंचामृत से महाअभिषेक पुजारी मैथिली शास्त्री ने संपन्न कराया सहयोगी श्याम सुंदर व विनीत पांडे रहे।। भगवान का अद्भुत श्रंगार किया गया मंदिर को खूब सजाया गया फूलों से व बिजली झालरो से और दोपहर 12 बजते ही घंटा और शंखाध्वनि के बीच महाआरती आरंभ हुई। उसके बाद भगवान की स्तुति हुई। भये प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी... स्तुति व प्रार्थना की गई उसके बाद भजन व सोहर गाए गए। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, श्यामा कुमार गुप्ता टीटू, संजय गुप्ता, दिलीप गुप्ता, कैलाश गुप्ता, राकेश शुक्ल, खुशीराम गुप्ता सहित अनेक भक्त मौजूद रहे।


रामलला के जन्मोत्सव पर बधाई गीत गातीं महिलाएं। अमृत विचार


राम जानकी मंदिर में भगवान की आरती करते पुजारी मैथिलीशरण।

## न्यूज ब्रीफ

### कूड़ा डालने के विवाद में दबंगों ने पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने व्यक्ति को पीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उधरन पुर निवासी सरोजिनी पुत्री राजेंद्र कुमार के अनुसार सन्नू, आकाश, अरुण ने नाली में कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद के कारण उसके पिता को डंडों से पीटा। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

### श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व महामंत्री अनिल सिंह वीरू के छोटे भाई स्मृति शेष राजीव सिंह रिंकू बाबा की 5वीं पुण्यतिथि पर निज निवास पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद भंडारा आयोजित कर राहगीरों और साधु संतों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर राजकुमार सिंह, अनन्त कुमार मिश्रा, कमलेश सिंह, शिव शंकर वैश्य, सुबोध सिंह आदि मौजूद रहे।

### तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात्रि गश्त के दौरान के तमंचा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त अताउल्ला निवासी मोहल्ला मौलवी थाना टड़ियावां का रहने वाला है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि अताउल्ला के खिलाफ आर्म्स एक्ट और गोवंश अधिनियम की धाराओं के मुकदमें दर्ज है।

### नवमी पर जगह-जगह हुए कन्या पूजन व कन्याभोज

**हरदोई, अमृत विचार।** नवमी के साथ नवरात्रि का व्रत रखने वालों ने कन्या पूजन कर व्रत का समापन किया। सुबह से ही घरों में कन्या भोज होने लगे। भोज के लिए कन्याओं की तलाश भोर होते ही शुरू हो गई। नवरात्रि में व्रत रहने वालों में शुक्रवार को कन्याभोज कर व्रत का समापन किया। सुबह से ही घरों में हवन पूजन के साथ कन्याभोज प्रारंभ हो गए। समय के साथ कन्याओं की संख्या कम होने पर बहुत से लोगों ने मंदिरों में भी सामूहिक कन्याभोज कराया। कन्याभोज से पूर्व कन्याओं का पूजन किया गया तथा उन्हें उपहार प्रदान किए गए।

कन्याभोज के चलते सुबह से ही गांव से लेकर शहर तक जलेबी विक्रेताओं ने अपनी दुकानें सजा लीं। दुकानों के अलावा कई मोहल्लों में गली-गली कारीगरों ने जलेबियों की अस्थाई दुकानें लगाईं। नवरात्रि पर कन्याभोज में अब सर्वाधिक दही-जलेबी का भोग लगने से दही व जलेबी की आपूर्ति काफी होती है। दर्जन दुकानें होने के बावजूद दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ दिखाई दी।


कन्याभोज कराती महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

### 251 कन्याओं का किया पूजन

**हरदोई, अमृत विचार।** श्री सिद्धबली हनुमान मंदिर नघेटा रोड में नवमी दिवस पर श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ हवन-पूजन का विधिवत आयोजन किया गया। डॉ. कीर्ति सिंह ने 251 कन्याओं का सम्मानपूर्वक पूजन कर उनका पारंपरिक श्रृंगार किया गया, जिसमें चुनरी, तिलक, महावर, स्टील के पात्र तथा शिक्षा से संबंधित उपयोगी उपहार एवं दक्षिणा अर्पित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समापन अवसर पर समस्त मातृशक्ति द्वारा दुर्गा मां के भजनों का मधुर एवं भावपूर्ण गायन किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम श्री सिद्धबली हनुमान मंदिर, नघेटा रोड, में भव्य रूप से संपन्न हुआ। मंदिर प्रांगण में डॉ. कीर्ति सिंह (प्रबंध निदेशक, बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल) एवं प्रबंधक, आर.आर. इंटर कॉलेज, साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या कनुप्रिया सिंह तथा सावित्री सिंह एवं समस्त विद्यालय स्टाफ, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।


कन्याओं को भोजन करातीं कीर्ति सिंह।


सांडी में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

## राम नवमी पर शक्ति पीठ में सीता-राम की मूर्ति स्थापित

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** मोहल्ला दिलेरगंज स्थित मां कात्यायनी शक्ति पीठ पर चैत्र नवरात्र की नवमी पर शुक्रवार को दोपहर हवन पूजन और कन्या भोज के पश्चात राम जन्मोत्सव का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर पीठ पर सीता राम की मूर्ति स्थापित की गई।

चैत्र नवरात्र की नवमी पर शक्तिपीठ पर शुक्रवार को विधिवत देवी हवन कर कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या भोज के उपरांत राम नवमी के अवसर पर श्री सीताराम के विग्रह को स्थापित कर हर्षोल्लास के साथ राम जन्मोत्सव का त्योहार मनाया गया। राम जन्मोत्सव में उपस्थित महिलाओं ने मंगल गीत और बधाई गीत गाये। पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरी महाराज ने बताया हर नवरात्रि के अवसर पर पीठ पर माता की स्थपना कर नवरात्रि उत्सव मनाया जाता है। इसी क्रम में शुक्रवार को कन्या पूजन कर उन्हें भोज करवाया गया। शक्तिपीठ पर राम नवमी के अवसर पर श्री राम सीता की प्रतिमा को विधिवत पूजन कर स्थापित किया गया और राम जन्मोत्सव मनाया गया है। इस अवसर पर करुणा मिश्रा, प्रभारानी, पंकज रस्तोगी, सुभाष रस्तोगी एवं सत्य प्रकाश मिश्र (सेवानिवृत्त कार्यालय अधीक्षक आर्य कन्या महाविद्यालय हरदोई) सपरिवार उपस्थित रहे।

सांडी संवाददाता के अनुसार कस्बे के प्राचीन मंदिर से शुक्रवार देर शाम रामनवमी पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा बाबा कमलेश्वर नाथ सतमठिया से निकालकर मुख्य मार्ग से होते हुए नगर भ्रमण कर मंदिर मे विराम हुई। शोभायात्रा पुलिस फोर्स की सुरक्षा कड़ी रही। यात्रा में कुलदीप द्विवेदी, राजन शुक्ला, अकाश तिवारी, ज्ञानू त्रिवेदी सहित सैकड़ों राम भक्त मौजूद रहे।

# श्रीराम पर सपा नेता ने की अभद्र टिप्पणी, गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पूरे देश में जहां राम नवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा था। हर ओर राम की जय-जयकार हो रही थी, वहीं जिले में एक 'बड़बोले' ने श्रीराम के प्रति अशोभनीय टिप्पणी कर दी, जिसको लेकर राम नवमी के दिन पूरे जिले में हंगामा होता रहा। जगह-जगह हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस को ज्ञापन सौंपे गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दीं। जिसके बाद देर शाम पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बताते चले कि समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव यदुनंदन लाल राजपूत के अमर्यादित और घृणित भाषा का प्रयोग करने का मामला सामने आया है। एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए सपा नेता ने न केवल शास्त्रों की गलत व्याख्या की, बल्कि ऐसी ओछी और अश्लील टिप्पणी की जिसे सभ्य समाज में दोहराना भी पाप है।

सपा नेता ने वाल्मीकि रामायण का गलत हवाला देकर अश्वमेध यज्ञ और प्रभु राम के जन्म को लेकर जो शब्द कहे, उसने करोड़ों सनातनी हिंदुओं की आस्था को गहरी चोट पहुंचाई है। भाषण के दौरान यदुनंदन लाल ने भीड़ को उकसाते हुए प्रभु राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए हिंदू धर्मग्रंथों का उपहास उड़ाया। जनाक्रोश को भांपते हुए पुलिस ने तत्काल आरोपी सपा नेता के खिलाफ केस दर्ज कर दबिश चालू कर दी, देर शाम उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।


विरोध प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार


पुलिस की गिरफ्त में श्री राम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाला यदुनंदन।

- टिप्पणी के विरोध में रामनवमी के दिन जिले भर में राम भक्तों ने हंगामा कर कार्रवाई की मांग की
- केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को दबोचा

### हिंदू संगठनों ने शहर कोतवाली व हरपालपुर थाने पर किया प्रदर्शन, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**हरदोई, अमृत विचार।** आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विभिन्न हिंदू संगठन आक्रोशित हो गए। संगठन के लोगों ने शहर कोतवाली के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाल को ज्ञापन सौंपा। हरपालपुर थाने पर भी हिंदू संगठनों के लोगों ने बयान की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। सांडी थाने पर हिंदू संगठन के राजन शुक्ला, दुर्गेश दीक्षित आदि ने यदुनंदन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी। वहीं इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की।

### सपा जिलाध्यक्ष ने यदुनंदन से किया किनारा कहा-ऐसे लोग किसी दल में रहने लायक नहीं

**हरदोई।** सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली ने यदुनंदन के बयान की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्ति किसी भी दल में रहने लायक नहीं है। कहा कि वह जिले में सपा के कोई पदाधिकारी नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह प्रांतीय नेतृत्व से यदुनंदन को पार्टी से निकालने की सिफारिश करेंगे। उन्होंने कहा कि यह यदुनंदन का निजी बयान हैं। इससे सपा का कोई लेना-देना नहीं है। सपा सभी जाति धर्मों व वर्गों को साथ में लेकर चलने वाली पार्टी है।

# बेमौसम हो रही बारिश से किसान मायूस

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** मौसम ने अचानक करवट ली है, सुबह से हो रही हल्की बूंदाबांदी ने जहां तापमान में गिरावट लाई है, वहीं किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। मध्यम गति हवा के साथ हो रही बारिश के चलते खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। बताते चलें कि मौसम में हुए अचानक बदलाव से क्षेत्रीय किसानों को परेशानी में डाल दिया है, किसानों का कहना है कि इस समय फसल कटाई के करीब है, ऐसे में हल्की बारिश भी उत्पादन और गुणवत्ता पर असर डाल सकती है, अगर मौसम इसी तरह बना रहा तो फसल खराब होने का खतरा और बढ़ जाएगा, जिससे आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

जियनखेड़ा निवासी किसान रामसिंह ने बताया कि रबी की फसल लगभग पकने पर है, और कुछ ही दिनों में फसल कटाई का कार्य शुरू हो जाएगा। लेकिन बदलते मौसम के मिजाज और हो रही बूंदाबांदी के चलते फसल कटान में विलम्ब हो जाएगा, वहीं ज्यादा बारिश से फसलें बर्बाद हो जाएगी और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है।

मढ़पाई निवासी किसान विवेक तिवारी ने कहा कि बेमौसम हो रही बरसात से किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान होने वाला है, ज्यादा बारिश होने से फसलें खराब होंगी और फसलों से आर्थिक नुकसान भी काफी ज्यादा होगा।


बारिश में भीगी गेहूं की फसल। अमृत विचार

## आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत



**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के हैबतपुर गांव में शुक्रवार को खेत में गेहूं की फसल काट रहे किसान पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस घटना में किसान की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मुरारी (45) पुत्र जवाहर लाल, निवासी हैबतपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मुरारी खेत में गेहूं की कटाई कर रहे थे, तभी अचानक मौसम बदला और तेज कड़क के साथ बिजली उनके ऊपर गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। परिजन तत्काल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुखद हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

## जमीनी विवाद में किसान पर किया हमला

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गनीपुर गांव में बृहस्पतिवार की रात जमीनी विवाद को लेकर एक किसान पर हमला कर दिया गया। पुरानी रंजिश के चलते हुए इस विवाद में किसान को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया गया। गनीपुर निवासी रजनीश पुत्र सागर चंद ने बताया कि उसकी लगभग 12 बीघा जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसी रंजिश के चलते बृहस्पतिवार की देर रात विपक्षियों ने उस पर हमला बोल दिया और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। घटना के बाद परिजन घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। घायल को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## उपहार पाकर खिले चेहरे

**हरदोई, अमृत विचार।** श्री राम नवमी पर शुक्रवार को कॉन्सेप्ट कार्स लिमिटेड की ओर से हवन-पूजन के साथ महा कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया। कॉन्सेप्ट ग्रुप ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आईं सभी कन्याओं का स्नेहपूर्वक स्वागत कर भोजन कराया। भोज के उपरांत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत पाठ्य सामग्री एवं उपहार वितरित किए गए, जिन्हें पाकर सभी कन्याओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस कार्यक्रम में कॉन्सेप्ट ग्रुप के डायरेक्टर सजीव अग्रवाल, सीईओ यश वर्धन अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर सूर्य वर्धन अग्रवाल सहित कंपनी के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।


कॉन्सेप्ट कार्स लिमिटेड की ओर से आयोजित कन्या पूजन में पाठ्य सामग्री एवं उपहारों के साथ बच्चे।

## युवती प्रेमी के साथ फरार, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र की 22 वर्षीया युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। पीड़ित पिता ने आरोपी प्रेमी के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कृष्ण ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# महिला शक्ति ने लगाई सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की दौड़

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** सरकार द्वारा नारी सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के द्वितीय चरण के तहत शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में महिला पुलिस कर्मियों के अलावा दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

पुलिस लाइन से रन फार इंपावरमेंट मैराथन दौड़ का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह दौड़ पुलिस लाइन से अंबेडकर पार्क तक आयोजित की गई। दौड़ में महिला पुलिस कर्मी, गाइड तथा विद्यालयों की छात्राएं शामिल थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए चलाए चैत्र नवरात्र से 19 मार्च को शुरू किया गया है। इस दौड़ का आयोजन इसी कड़ी में किया गया। इसके साथ ही पूरे जिले में महिलाओं की सुरक्षा संबंधी जागरूकता गोष्ठियां की जा रही हैं। स्कूलों व सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को गुड टच बैड टच की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न थानों में मिशन शक्ति के तहत गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर लगातार प्रयास कर रही है, वहीं जागरूकता से महिला शोषण पर भी रोकथाम लगाने का प्रयास किया जा रहा है। रैली के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश, सीओ सिटी अंकित मिश्रा सहित कई पुलिस अधीक्षक शामिल रहे।

बिलग्राम संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार मिशन शक्ति प्रभारी अजय तोमर ने छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार, उपनिरीक्षक अजय तोमर, उपनिरीक्षक दीपनारायण पांडेय, कांस्टेबल अमन सिंह, योगेश गोस्वामी तथा महिला आरक्षी आरती देवी, सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार कोतवाली पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज पांच 2 की सफलता के लिए वूमेन फॉर एम्पावरमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण व प्रभारी निरीक्षक अरविन्द राय मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में कस्बे के कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं को सरकार द्वारा जारी किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई।


रैली को रवानगी करते पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा। अमृत विचार


मैराथन दौड़ में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

# दो पक्षों में मारपीट, पुलिस पर आरोप


पुलिस पर मनमानी कार्रवाई का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठे पीड़ित। अमृत विचार

संवाददाता, अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर मजरा परसा मोहद्दीनपुर में सहन की जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। अतरौली पुलिस ने एक पक्ष गांव निवासी सुखरानी अर्कवंशी फलाहारी की तहरीर लेकर मारपीट के साथ साथ छेड़छाड़ सहित कई धाराओं में 7 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। और घायलों कि चिकित्सकीय परीक्षण करा दिया।

दूसरे पक्ष रामजी का आरोप है कि पुलिस ने उनकी तहरीर नहीं लिया और टाला बाला बताकर थाने से भगा दिया। दूसरे पक्ष ने अपना चिकित्सकीय परीक्षण कराया। शुक्रवार को दोपहर 2 बजे दूसरा पक्षा राम जी अपने परिवारीजनों और दो दर्जन समर्थकों के साथ थाने पर आकर धरने पर बैठ गये। दूसरे पक्ष की मांग थी कि मारपीट के मामले में पुलिस ने छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा दर्ज किया है जो अन्याय है। मेरी तहरीर नहीं दी और मुझे थाने से भगा दिया। उसकी तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करें। दूसरे पक्ष ने भी छः लोगों के विरुद्ध मारपीट और छेड़छाड़ करने चार माह की गर्भवती बहू पुष्पा को चोट पहुंचाने की तहरीर दिया है। धरने पर बैठे लोगों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी किया। साढ़े तीन घंटा धरने पर बैठने के बाद एसआई राहुल शर्मा ने दूसरे पक्ष को रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन दिया, जिससे धरना समाप्त हो गया। इंस्पेक्टर सतीश चन्द्र ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जायेगी।

न्यूज ब्रीफ

## नहर विभाग के आवासों में बाहरी व्यक्तियों का कब्जा

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहर स्थित शारदा प्रखंड नहर के सरकारी आवासों में नियमों को ताक पर रखकर बाहरी व्यक्तियों के निवास करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारों के अनुसार तीन सगे भाई पिछले काफी समय से रह रहे हैं, जबकि वे विभाग के कर्मचारी भी नहीं हैं। सिंचाई खण्ड के अधिशाषी अभियंता और क्वार्टर एलाटमेंट कमेटी नहर विभाग के अध्यक्ष बलजीत कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं था आपके द्वारा प्रकाश में आया है जो भी बाहरी व्यक्ति सरकारी आवासों में रह रहें हैं विभाग के नहीं हैं। उनसे नियमानुसार आवास खाली करा लिए जाएंगे।

## खानपुर में लोडर की बैटरी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**लहरपुर, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खानपुर सादात में चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए घर के बाहर खड़े एक ई-रिक्शा लोडर की कीमती बैटरी पार कर दी। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम खानपुर सादात निवासी जुल्फकार पुत्र असगर अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने हाल ही में एक नया ई-रिक्शा लोडर खरीदा था, जो उनके दरवाजे पर खड़ा था। लहरपुर गेट की दिशा से आई एक कार में सवार चोर ने लोडर में लगी लगभग 70 हजार रुपये कीमत की लिथियम बैटरी चोरी कर ली और मौके से फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है।

# खैराबाद के चिकित्सक ने गोली मारकर की आत्महत्या

## कोतवाली नगर के मोहल्ला बट्सगंज की घटना, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** खैराबाद के वरिष्ठ चिकित्सक ने अपने घर पर ही लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। कोतवाली नगर के मोहल्ला बट्सगंज में हुई घटना के बाद पुलिस और फारेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। साक्ष्य संकलन के साथ परिवार के लोगों से पूछताछ हुई। घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है।



कोतवाली नगर के मोहल्ला बट्सगंज निवासी डॉ. राजेंद्र चौधरी की खैराबाद स्थित पुरानी बाजार में क्लीनिक है। बताते हैं कि रोज की तरह उन्हें घर से खैराबाद जाना था, लेकिन वे कमरे से बाहर नहीं निकले, अचानक फायर की आवाज से मोहल्ले में हड़कंप मच गई। सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोसले घटनास्थल पर पहुंचे। घर में मौजूद पत्नी और नौकर से पूछताछ की, इस बीच लखनऊ में एलएलबी कर रहा पुत्र भी आ गया। साक्ष्य संकलन के साथ लाइसेंसी रिवाल्वर को कब्जे में लिया गया। एएसपी का कहना है कि स्वभाव में चिकित्सक काफी मिलनसार थे। जांच के दौरान किसी प्रकार की कोई रंजिश की बात सामने नहीं आई है, पिछले कुछ दिनों से वे डिप्रेशन में थे, ऐसा परिवार के लोगों द्वारा बताया गया है। घटना का कारण पारिवारिक कलह हो सकती है, इस बिन्दु पर जांच की जा रही है। पुलिस हर पहलू पर विचार कर रही है।



खैराबाद स्थित पुरानी बाजार में बंद पड़ी क्लीनिक। अमृत विचार


कब्जे में ली गई लाइसेंसी रिवाल्वर।

### समासेवी की भूमिका में थे डॉक्टर चौधरी

डॉ. समीउद्दीन खां, अमन रजा, अकील आदि बताते हैं कि निर्धन परिवार का मुफ्त में इलाज डॉक्टर चौधरी की दैनिक दिनचर्या में था। कोरोना काल के दौरान इनके द्वारा बड़ी संख्या में निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया, मरीजों की देखरेख भी की।

### क्लीनिक बंद, हर कोई अवाक

चिकित्सक की आत्महत्या की खबर पल भर में जंगल की आग की तरह फैल गई। हर कोई क्लीनिक पहुंचा, लेकिन वो बंद मिली। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अल्लामा फजल-ए-हक खैराबादी के प्रपौत्र पुत्र सैफुल हक कहते हैं कि परिवार के दो लोगों को तेज बुखार था, ऐसे में वे एक दिन पहले ही दवा लेने गए थे, बहुत खुश थे। बच्चों से बड़ा लगाव रखते थे। बड़े मखदूम साहब दरगाह के सज्जादा नशीन शोएब मियां, कारी इस्लाम, अंकित गुप्ता, बिंदु मौर्य, पंकज त्रिपाठी, दुष्यंत शुक्ला, अहसन खां सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

# बदला मौसम बिगाड़ रहा किसानों की गणित

- फसल चक्र प्रभावित, खेतों में उपजी फसलों को नुकसान

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** मौसम अब कैलेंडर से नहीं बल्कि कंडीशन से चल रही हैं। पारंपरिक फसल चक्र प्रभावित होने से खेतों से लागत निकलना मुश्किल हो रहा है। कृषि वैज्ञानिक का मानना है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण ही अचानक मौसम बदल और बिगड़ रहा है। शुक्रवार सुबह बदली छाते ही तेज हवाएं चली और फिर दिन भर रुक-रुक कर बारिश हुई। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. दया एस श्रीवास्तव बताते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। इसके कारण गेहूं की फसल सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। इसमें बाली में कालापन आ रहा है, दाने सिकुड़ रहे हैं। सरसों की फसल नम जलवायु और बारिश के कारण खपत कम कर रही है। यही हाल आम की फसल का है, बौर तेजी से गिर रहे हैं।


बारिश के बाद खेत में गिरी गेहूं की फसल। अमृत विचार

**मौसम में तेजी से बढ़ी अस्थिरता:** कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतेंन्द्र सिंह का कहना है कि इस बार दिसंबर तक ठंड अपेक्षाकृत कमजोर रही। जनवरी में अचानक शीतलहर तेज हो गई। मार्च में भी ठंडक का असर रहा। इसका सीधा असर रबी की फसल पर पड़ा। देर से ठंड आने पर खेत की तैयारी और बुआई का संतुलन बिगड़ गया।

### फसल को इस तरह रखें सुरक्षित

- रासायनिक उर्वरक का प्रयोग कम करें
- नाइट्रोजन के स्थान पर पोटाश उपयोग में लाए
- सूक्ष्य पोषक तत्व (जिंक, आयरन, कापर, मैग्नीज, वोरान, कैल्शियम, मैंगनीज) आदि का प्रयोग करें
- जैविक खाद (गोबर-हरी खाद) का उपयोग करें

## वज्रपात से चिमनी के उड़े परखच्चे दो मजदूर झुलसे

**सीतापुर, अमृत विचार:** रामकोट क्षेत्र के लुधौरा गांव स्थित 'जनता भट्ठा' पर कुदरत का खौफनाक मंजर देखने को मिला। अचानक गिरी आकाशीय बिजली ने न सिर्फ भट्ठे की विशालकाय चिमनी को बीच से तोड़ दिया, बल्कि वहां काम कर रहे दो मजदूर इसकी चपेट में आकर लहूलुहान हो गए। हादसे के बाद भट्ठे पर अफरा-तफरी मच गई। घायल मजदूरों को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। बिजली का झटका इतना जोरदार था कि आसपास के क्षेत्र में लगे इनवर्टर और वाई-फाई सिस्टम फुंक गए जिससे संचार व्यवस्था ठप हो गई।

# क्रिकेट टूर्नामेंट: लहरपुर टाइटल्स बारादरी ने जीता फाइनल मुकाबला

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम खानपुर सादात स्थित तारा खेल मैदान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला संपन्न हो गया। खेले गए इस खिताबी मुकाबले में लहरपुर टाइटल्स बारादरी ने स्टार स्ट्राइकर खपुरा को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मैच का शुभारंभ भाजपा जिला मंत्री मनोज गुप्ता ने किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टार स्ट्राइकर खपुरा के कप्तान फुजेल की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 83 रन बनाए। जवाब में उतरी लहरपुर टाइटल्स बारादरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच को अंतिम ओवर तक पहुँचाया और 10वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर 89 रन बनाते हुए जीत हासिल की। इस दौरान तुफैल अंसारी ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मौके पर हाफिज एहतिशाम, ताहिर, कलीम, जीशान समेत भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।


विजेताओं को पुरस्कार देते अतिथिगण व अन्य। अमृत विचार

# कहीं पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें, कहीं सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** पेट्रोल खत्म होने की अफवाह ऐसी उड़ी कि डीएम- एसपी को सड़क पर उतरकर मोर्चा संभालना पड़ा। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर लोगों से अपील की। बढ़ती खपत के बीच कई पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म होने के बाद सन्नाटा पसर गया, कई स्थानों पर देर रात तक लंबी कतारें देखने को मिलीं।

सोशल मीडिया के कुछ इन्फ्लुएंसर की ओर से पेट्रोल खत्म होने की अफवाह ने आमजन में बेचैनी पैदा कर दी। ऐसे में सांझ पूर्व से ही पेट्रोल पंपों पर कतार लगनी शुरू हो गई। शहर के ट्रांसपोर्ट चौराहे पर तेल डलवाने को लेकर दो युवकों में जमकर मारपीट हुई, पुलिस के पहुंचने पर किसी तरह से विवाद रोका जा सका। नोकझोंक की स्थित कई अन्य पंपों पर दिखी। ऐसे में डीएम डॉ. राजा गणपति आर. एसपी अंकुर अग्रवाल के साथ खुद पेट्रोल पंपों पर पहुंचे, मानकता और नियम के आधार पर तेल देने के निर्देश दिए। लालबाग चौराहा सहित कुछ अन्य पेट्रोल पंप पर बढ़ती खपत के कारण तेल खत्म होने पर सन्नाटा पसर गया। डीएम ने कहा है कि अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उधर, पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल जायसवाल का कहना है कि पेट्रोल पंप पर पर्याप्त भण्डार है।


पेट्रोल पंप पर लगीं कतारें। अमृत विचार

**रोजगार बदला अब दिहाड़ी के लाले:** शहर के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी दीपक बताते हैं कि वे पहले पूड़ी सब्जी की दुकान लगाते थे। सिलेण्डर की कमी के कारण मजबूर होकर गन्ने के जूस की दुकान खोली, इधर डीजल पेट्रोल की किल्लत ने उसे भी बंद करने पर मजबूर कर दिया।

**ई-रिक्शा चालकों की बल्ले-बल्ले:** शहर की मुख्य सड़कों पर ई रिक्शा फर्राटा भरते नजर आए, बस स्टाप के निकट शहरी निवासी सीताराम मिले, पूछने पर तपाक से बोले कि मौसम गड़बड़ था, लेकिन डीजल-पेट्रोल की मारामारी में उन्हें अधिक सवारियां मिली, हुसैनगंज निवासी मन्नी, रामप्रसाद, कांशीराम कॉलोनी वासी चोखे, कल्लू आदि बताते हैं कि अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक सवारियां मिलीं।

**जिला अस्पताल में अपेक्षा से कम रहे मरीज:** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इन्द्र सिंह बताते हैं कि अन्य दिनों की अपेक्षा शहर और आसपास के क्षेत्रों से मरीज कम आए, मरीजों के न आने का कारण बारिश-बिगड़ा मौसम और साधनों की कमी हो सकता है।

## करंट की चपेट में आने से टेंट कर्मी की मौत

**संवाददाता तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के बभनापुर गांव में एक घर में चल रहे कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। टेंट का सामान समेटते समय लोहे के पाइप में उतरे करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद खुशी का माहौल मातम में बदल गया। ग्रामीणों के अनुसार, बभनापुर गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद टेंट उतारने का काम चल रहा था। इसी दौरान एक टेंट कर्मी जैसे ही लोहे का पाइप उतारने लगा, पाइप ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। जोरदार करंट लगने से वह जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। थाना प्रभारी दिनेश पांडेय के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

## नियमों की अनदेखी पर इंडेन गैस एजेंसी सीज


एजेंसी सील कराने के दौरान उपस्थित प्रशासनिक और विभागीय अधिकारी।

**खैराबाद, सीतापुर :** सदर तहसील प्रशासन और आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने खैराबाद स्थित राधाकृष्ण इंडेन गैस सर्विस पर छापेमारी कर उसे सीज कर दिया। जांच के दौरान एजेंसी में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद डीएम डॉ. राजागणपति आर. के निर्देशानुसार पूर्ति निरीक्षक नितेश मिश्रा, नायब तहसीलदार, सेल्स ऑफिसर और डीएसओ अखिलेश श्रीवास्तव की टीम ने कार्रवाई करते हुए एजेंसी से गैस की बिक्री पर रोक लगा दी। अधिकारियों के अनुसार, पाई गई खामियों को लेकर गैस एजेंसी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू की गई है। उधर, एजेंसी सीज होने के बाद कालाबाजारियों में हड़कंप मच गया है। डीएम ने कहा कि कालाबाजारी करने वाले लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## हर्षोल्लास से मां दुर्गा की प्रतिमाएं विसर्जित



प्रतिमा विसर्जन के लिए जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर :** नवरात्र पर्व के समापन पर कस्बे में मूर्ति विसर्जन यात्रा निकाली गई। महावीर दास कुटी से शुरू हुई मुख्य यात्रा नगर भ्रमण के बाद पुरैनी नहर पहुंची, जहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। माता शीतला जीर्णोद्धार समिति के तत्वावधान में झांकी और भंडारे का आयोजन हुआ। वहीं, अमर नगर स्थित कांशीराम कॉलोनी में भी भंडारे के बाद विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ाते हुए माता के जयकारे लगाते रहे। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात रही।


ग्रामीण को जागरूक करती मिशन शक्ति टीम। अमृत विचार

## चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरूक

**सीतापुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति फेज-5' के द्वितीय चरण के तहत शुक्रवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में पुलिस टीमों ने ग्राम, कस्बा, शिक्षण संस्थानों और धार्मिक स्थलों पर जन चौपाल आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन और आयुष्मान भारत जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही आपात स्थिति के लिए हेल्पलाइन नंबरों— 1090 वीमेन पावर लाइन, 112 पुलिस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 1930 साइबर हेल्पलाइन के प्रयोग हेतु प्रेरित किया गया।

## वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**तंबौर, सीतापुर:** तंबौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तंबौर-रेउसा मार्ग पर दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक दिव्यांग बुजुर्ग की जान चली गई। अनियंत्रित तेज रफ्तार वाहन ने ट्राईसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ग्राम औरी शाहपुर निवासी बदलू (70) दोपहर अपनी ट्राई-साइकिल से तंबौर-रतनगंज मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बदलू सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। उन्हें अस्पताल भिजवाया गया लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई।

# विवाद राजस्व परिषद में फिर भी भूमि पर कब्जा

डीएम से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** रिटायर्ड शिक्षिका अतिवृद्धा ने डीएम से गुहार लगाते हुए न्याय की मांग की है। आरोप है कि विपक्षियों ने कागजी दांवपेंच में फंसाकर भूमि प्रकरण में फंसा दिया। मामला राजस्व परिषद में लंबित होने के बाद भी भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। प्रकरण मिश्रिख तहसील क्षेत्र के नैमिषारण्य इलाके का है। लगभग 85 वर्षीय अतिवृद्धा प्रोफसर इन्द्रा श्रीवास्तव का कहना है कि 40 वर्ष पूर्व उन्होंने नैमिष में भूमि खरीदी थी। दाखिल खारिज के बाद भवन निर्माण को लेकर नक्शा पास कराया। कुछ माह पूर्व उन्हें कागजी दावपेंच में फंसाकर भूमि हथियाने का प्रयास किया। ऐसे में उन लोगों ने राजस्व परिषद लखनऊ की शरण ली। दावा है कि न्यायिक प्रक्रिया में प्रकरण होने के बावजूद विपक्षियों ने जबरन निर्माण कार्य आरंभ करा दिया है। रिटायर्ड शिक्षिका ने डीएम से गुहार लगाई है। एसडीएम अभिनव यादव का कहना है कि अभी तक प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं है। जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी। उधर, थाना प्रभारी नैमिषारण्य का कहना है कि डायल 112 पर जबरन भूमि कब्जा करने की शिकायत मिली थी, निर्माण कार्य रुकवाकर तहसील प्रशासन को सूचना दे दी गई है।


निर्माण कार्य के दौरान एकत्र ईंट-मौरंग। अमृत विचार

## बहन के हत्यारोपी दो सगे भाई गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी भाई। अमृत विचार

**संदना/गोंदलामऊ, सीतापुर :** थाना संदना पुलिस ने अपनी सगी बहन की हत्या के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। बीती 25 मार्च को ग्राम लौली नहर के पास मोनिका (20) का शव बरामद हुआ था। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के मुताबिक, संदना पुलिस टीम ने साक्ष्यों के आधार पर महानन्द और सतनपुर निवासी शिवाकान्त को गेंधरिया पट्टी तिराहे के पास से दबोचा। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बेलचा और मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि मोनिका द्वारा अन्य लड़कों से फोन पर बात करने और बात न मानने से नाराज होकर उन्होंने उसकी हत्या कर शव फेंक दिया था। थानाध्यक्ष अरविन्द कटियार ने बताया कि दोनों को जेल भेजा गया है।

धर्मकर्म

कन्या पूजन और हवन के साथ संपन्न हुआ नवरात्र पर्व, सुरक्षा के रहे कड़े बंदोबस्त


# शक्तिपीठों में उमड़ा आस्था का सैलाब, घर-घर हुए हवन

अमृत विचार टीम, सीतापुर

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर जनपद के प्रमुख देवी धामों में श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। नैमिषारण्य स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां ललिता देवी मंदिर में सुबह की मंगल आरती के साथ ही दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। यहां भक्तों ने विधि-विधान से हवन-पूजन के बाद विशाल स्तर पर कन्या पूजन कर नवरात्र का समापन किया।

**भक्तों ने टेका माथा, लगे मां के जयकारे:** रामपुर मथुरा क्षेत्र के प्रसिद्ध मां कालिका देवी धाम में भी गोंडा, बहराइच और बाराबंकी समेत कई जिलों से आए भक्तों ने मत्था टेका। पौराणिक मान्यताओं वाले इस मंदिर में नवरात्र के उपलक्ष्य में एक माह का मेला भी शुरू हो गया है। सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रमुख मंदिरों पर स्थानीय पुलिस मुस्तैद रही। उधर, नगर क्षेत्र के आर्यनगर में सीताराम मंदिर में नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने अपने पति नमीन्द्र अवस्थी और परिवार के लोगों के साथ मिलकर पूजन-अर्चन किया।


नैमिषारण्य में जुटी भक्तों की भीड़। अमृत विचार


ट्रैक्टर-ट्रॉली से जागरण में शामिल होने जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

**जगह-जगह कन्या भोज का आयोजन:** नगर स्थित संतोषी माता मंदिर परिसर में कन्याओं को भोजन कराया गया। खैराबाद के गौरी देवी माता मंदिर में नगर पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता व अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता द्वारा कन्या भोज का आयोजन किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक घर-घर हवन और कन्या पूजन के साथ माता की विदाई की गई।

## स्मैक के साथ शातिर समेत पांच दबोचे

**रामपुर मथुरा/ सीतापुर :** जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए स्मैक के साथ एक शातिर अपराधी और कुल पांच वांछितों को गिरफ्तार किया है। रामपुर मथुरा थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चौका नदी के कितूरी घाट पुल के पास से तीन वांछितों चांदपुर मधुबनी निवासी इस्माइल, भैंसी निवासी चंद्रिका प्रसाद और भैयापुर निवासी छैल बिहारी उर्फ सूरज को गिरफ्तार किया। इनके पास से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपियों पर सीतापुर, लखनऊ और बाराबंकी में गैंगस्टर व गोवध निवारण अधिनियम समेत करीब 17 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, चंद्रिका पर भी 9 मामले दर्ज हैं। दूसरी ओर मछरेहटा पुलिस ने रामगोपाल और अतुल उर्फ दीपक को गिरफ्तार किया।

## ड्यूटी के दौरान अग्निवीर जवान का निधन



**हरगांव, सीतापुर :** ग्राम पकरिया धापूपुर निवासी 23 वर्षीय सेना के जवान इंद्रजीत गुप्ता का सुबह जम्मू के कुपवाड़ा में ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। सैन्य अधिकारियों ने परिजनों को फोन पर इसकी सूचना दी, जिससे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जुड़वां भाई इंद्रपाल गुप्ता के मुताबिक, इंद्रजीत सुबह ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी अचानक चक्कर आने से वे गिर पड़े। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंद्रजीत वर्ष 2022 में अग्निवीर भर्ती के तहत सेना में चयनित हुए थे। उनके पिता भी सेना से सेवानिवृत्त हैं। सूचना के अनुसार, शहीद जवान का पार्थिव शरीर शनिवार को उनके पैतृक निवास पकरिया धापूपुर पहुंचेगा।

**न्यूज ब्रीफ**

### प्रतिबंधित पेड़ काटने पर वन विभाग सख्त

**महराजगंज:** थाना चन्दापुर अंतर्गत ग्राम अशर्फाबाद में महुआ के प्रतिबंधित वृक्षों को अवैध रूप से काटने का मामला प्रकाश में आया है। वन विभाग की सक्रियता के चलते आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वन विभाग रेंज रायबरेली के बीट प्रभारी ने चंदापुर थाना में लिखित तहरीर में बताया कि ग्राम अशर्फाबाद में बिना अनुमति के महुआ के वृक्षों को काटा गया था। सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अशरफाबाद निवासी दीप सिंह पुत्र माता बक्श सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व प्रत्याशी ने भेदभाव का लगाया आरोप

**रायबरेली:** परशदेपुर के पूर्व भाजपा प्रत्याशी ओम प्रकाश मौर्य ने नगर पंचायत पर भेदभाव का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत की स्थिति अच्छी नहीं है, नगर पंचायत में भेदभाव हो रहा है। शुक्रवार को साकेतनगर में नामित सभासदों के सम्मान समारोह में ओम प्रकाश मौर्य ने आरोप लगाया कि जो पात्र है वो छूट जा रहे हैं जबकि अपात्रों को दो-तीन कॉलोनी दी जा रही है। इसके पूर्व नामित सभासद संत प्रसाद उपाध्याय, जियाराम सरोज और सुधीर मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सीपी श्रीवास्तव, सभासद संदीप मोदनवाल, रज्जन पांडेय, चंदन मोदनवाल, वीरेंद्र मौर्य, अरविंद मौर्य आदि मौजूद रहे। संचालन राजकुमार मौर्य ने किया।

### साहीवाल नस्ल सुधार कार्यक्रम से बढ़ेगी पशुपालकों की आय

**महराजगंज:** क्षेत्र के असनी बायफ केंद्र पर गुरुवार को बायफ के एक उच्चाधिकारियों द्वारा भ्रमण किया गया। इस दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्तपोषित साहीवाल नस्ल सुधार कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की गई और क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर पशुपालकों से संवाद किया गया। सीमन व तकनीक के उपयोग से अधिक दुग्ध उत्पादन करने वाली गायें प्राप्त होंगी जिससे पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी। बायफ केंद्र असनी के निरीक्षण के बाद टीम ने क्षेत्र के प्रगतिशील पशुपालक मलिकपुर बन्ना निवासी राम जी, नबीगंज निवासी छोटा पंडित, महापतगंज निवासी श्री कृष्ण यादव बावन बुजुर्ग बल्ला निवासी सुंदरलाल, दुर्गा प्रसाद अवस्थी और उमाशंकर अवस्थी आदि पशुपालकों से मिलकर कृत्रिम गर्भाधान के कार्यों का भौतिक सत्यापन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. अनूप सिंह, जिला प्रभारी वीबी सिंह, रमेश विश्वकर्मा व अखिलेश सिंह रहे।

### एम्स में टीकाकरण केंद्र का शुभारंभ

**रायबरेली:** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में पीत ज्वर (येलो फीवर) टीकाकरण केंद्र का शुभारंभ किया गया। निदेशक प्रो डॉ. अमिता जैन ने टीकाकरण केंद्र का शुभारंभ करते हुए येलो फीवर टीकाकरण केंद्र के महत्व के बारे में बताया। सामुदायिक चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष डॉ. भोला नाथ ने येलो फीवर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर उपनिदेशक कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल यूएन राय, आंतरिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. मधुकर मित्तल, फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रबल जोशी, डॉ. संजय यादव रहे।

# रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा, श्रद्धालुओं ने किया पूजन

**भक्तों में दिखा उत्साह:** जनपद में कई जगहों पर निकाली गई श्रीराम-जानकी के भव्य झाकियां, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं ने किया स्वागत



रामनवमी के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में सजी झांकी। अमृत विचार

**डीह (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** डीह कस्बा स्थित अयोध्या धाम मंदिर से वरिष्ठ समाजसेवी विनोद कुमार अग्रहरि व प्रधान प्रतिनिधि शुभम अग्रहरि के नेतृत्व में भगवान श्रीराम की भव्य झांकियों को सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जगह-जगह दर्शन-पूजन करके जय श्रीराम का जयघोष किया। इस दौरान भक्तों में काफी उत्साह देखा गया।

शोभायात्रा में छोटे छोटे बच्चों ने भगवान श्रीराम, माता सीता भाई भरत शत्रुघ्न लक्ष्मण के साथ भक्त हनुमान बनकर रंग बिरंगी झालरों से टिमटिमाते हुए रथों पर सवार होकर झाकियों को शोभाय मान किया। यात्रा फुरसत गंज मार्ग से होते हुए टेकारी मोड़ से पुरानी अस्पताल होते हुए पुरानी बाजार से राम लीला मैदान होते हुए ग्राम प्रधान के दरवाजे पर समापन किया गया। शोभायात्रा में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। शोभा यात्रा में विधायक अशोक कुमार, प्रधान संघ अध्यक्ष फूलचंद्र अग्रहरि, रज्जन अग्रहरि, श्यामू अग्रहरि, रामू अग्रहरि, राजू अग्रहरि, जगत प्रताप सिंह बघेल आदि लोग मौजूद रहे।

**शीतला माता मन्दिर में मनाई गई श्री रामनवमी, शिवगढ़:** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती में स्थित शीतला माता मन्दिर में भाजपा आईटी सेल संयोजिका टीनू चंद्रा रावत के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओं एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवकों, स्थानीय नागरिकों द्वारा मन्दिर में विधि विधान पूर्वक माता रानी की पूजा अर्चना के साथ ही भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड संचालक अमर सिंह राठौर, रामेश्वर सिंह, संतोष श्रीवास्तव, कमल किशोर रावत, शैलेंद्र तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

**रामनवमी पर 51 कन्याओं का पूजन और भोज, लालगंज:** रामनवमी पर भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने श्री शंकरेश्वर शिव मंदिर गोविंदपुर वलौली में 51 कन्याओं को देवी के नौ रूपों का स्वरूप मानकर पूजन किया। सभी कन्याओं के पैर धोकर तिलक लगाया और दही, जलेबी, खीर का प्रसाद खिलाया। भाजपा नेता ने कहा कि धार्मिक मान्यता है कि कन्या भोज से माँ दुर्गा प्रसन्न होती हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है। कन्याओं को भोजन कराने के बाद दक्षिणा और उपहार देकर विदा किया जाता है। पंडितों के अनुसार, अष्टमी पर कन्या पूजन नवरात्र व्रत के पूर्ण फल की प्राप्ति कराता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। मीना शुक्ला ने बताया कि यह परंपरा नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है, जो बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर समाज में उनके महत्व को रेखांकित करती है।

इस दौरान शिवांशी शुक्ला, कीर्ति शुक्ला, नीलेश शुक्ला, चंदन बाजपेई, रवि बाजपेई, गौरव बाजपेई, आशीष बाजपेई आदि मौजूद रहे।

### रामनवमी के अवसर पर धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा में रही जयकारों की गूंज

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध बाबा घिसियावन दास कुटी खेखरुवा में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कुटी के महंत राम बचन दास जी महाराज ने बताया कि सुबह से ही भक्तों ने भजन-कीर्तन के साथ विधि-विधान से रामनवमी मनाई। वही अतरेहटा गांव से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई है। इसके अलावा कस्बे में व्यापार मण्डल द्वारा कस्बे के ठाकुर द्वारा से शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान रथों पर सवार राम,लक्ष्मण सीता हनुमानजी, शिव जी सहित अन्य देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। वही लोगों ने श्रीराम के जन्मोत्सव की खुशियों के बीच जमकर आतिशबाजी व झांकियों पर पुष्प वर्षा की। प्रशासनिक अमले की निगरानी में शोभायात्रा कस्बे के रंधावा मार्ग, बछरावां रोड, आर्यनगर, चंदापुर समेत विभिन्न मार्गों से निकलकर पुनः ठाकुर द्वारा तक लाई गई। इस मौके पर रिंकू जायसवाल, सुधा अवस्थी, सूर्य प्रकाश वर्मा, सरोज गौतम, अमित आदि मौजूद रहे।



घिसियावन दास कुटी पर भजन कीर्तन करते श्रद्धालु।



शोभायात्रा में करतब दिखाते कलाकार। अमृत विचार

### शोभायात्रा में जय श्रीराम के नारों से गूंजा कस्बा

बछरावां, रायबरेली। रामनवमी के अवसर पर क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान एवं शिव जी की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से होते हुए विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही आयोजकों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए भी गए थे जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### छात्राओं ने कन्या भोज में छका प्रसाद

**सरेनी (रायबरेली)।** ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल सरेनी में चैत्र नवरात्र पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य गौरव कुमार तिवारी ने बताया कि चैत्र नवरात्र, जिसे बसंत नवरात्रि भी कहते हैं। हिंदू धर्म में शक्ति उपासना का प्रमुख त्यौहार है, जो चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होकर नौ दिन तक चलता है। यह हिंदू नववर्ष की शुरूआत और बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। इसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। साथ ही ' रामनवमी ' भी मनाई जाती है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की विजय, आत्मशुद्धि और सुख समृद्धि के लिए पूजा-पाठ व व्रत का अत्यंत पवित्र समय माना जाता है। स्कूल प्रबंधक अनूप तिवारी ने छात्र - छात्राओं और अभिभावकों को खुशखबरी दी कि देवी पक्ष में बालिकाओं के विद्यालय प्रवेश में चल रही विशेष छूट जारी रहेगी। इस अवसर पर कन्याओं के अतिरिक्त समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।



प्रसाद वितरण करते खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह।

### दुर्गा अष्टमी पर 151 कन्याओं का हुआ पूजन

**लालगंज।** दुर्गा अष्टमी के पावन दिन शहर के घरों और मंदिरों में कन्या भोज का आयोजन श्रद्धा के साथ किया गया। खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने 151 कन्याओं को देवी के नौ रूपों का स्वरूप मानकर पूजन किया, उनके पैर धोए, तिलक लगाया और सभी कन्याओं को प्रसाद खिलाया। बीडीओ ने कहा कि धार्मिक मान्यता है कि कन्या भोज से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है। कन्या भोज के साथ भक्तों ने अष्टमी का व्रत संपन्न किया। इस अवसर पर अन्य संभ्रांत लोग भी रहे।

## सेवा, सुशासन और विकास का प्रतीक है नौ साल : डॉ. प्रज्ञा



एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी का स्वागत करते पूर्व प्रधान नन्द किशोर तिवारी व अन्य।

**शिवगढ़ (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** शुक्रवार को अपने पैतृक गांव भवनपुर पहुंची बहराइच और श्रावस्ती से भाजपा एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी का शिवगढ़ नगर पंचायत के भवनपुर में जोरदार स्वागत किया गया। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व प्रधान नन्द किशोर तिवारी, पूर्व प्रधान अनुपमा तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा बुके देकर एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया। अपनी मातृभूमि पर स्वागत से अभिभूत डॉ.प्रज्ञा त्रिपाठी ने सभी के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि आज योगी सरकार के सफलतापूर्वक नव वर्ष पूरे हुए पूरे प्रदेश में उत्सव का माहौल है। कितने गर्व की बात है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं घर-घर पहुंच रही है लोग लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है और कल्याणकारी योजनाएं अंतिम पायदान पर बैठे गरीबों एवं पात्रों तक पहुंची हैं। भवनपुर में योजनाओं के संप्राप्तीकरण का मॉडल देखने को मिला। यह गांव अपने आप में एक मिसाल है। ज्ञात हो कि डॉ.प्रज्ञा त्रिपाठी वर्ष 2022 के चुनाव में बहराइच और श्रावस्ती से भाजपा से विधान परिषद सदस्य निर्वाचित हुई थी। इस मौके पर डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी के पति डॉ. रविनन्दन त्रिपाठी, कृष्ण किशोर तिवारी, निरुपमा तिवारी, रेलवे पुलिस आयुक्त प्रत्युष तिवारी, अभिनव तिवारी, अभिषेक तिवारी, शिवाश्रय तिवारी, गोविंद नारायण शुक्ल, शिवमोहन सिंह, अभिमान सिंह, पिंकू सिंह, रिंकू सिंह, अंजनी दीक्षित, रामकमल पाण्डेय, राजकुमार शुक्ला, अरुण अवस्थी, अशोक पाल, जगन्नाथ मौर्य, शंकरपाल, राजा त्रिवेदी, काशीदीन यादव, रामपाल यादव, अनुज रहे।

## सोशल मीडिया पर तकलीफ वायरल कर युवक ने लगाई फांसी, मौत

- रतन का पुरवा मजरे थुलवासा की घटना, मानसिक तनाव में था युवक

**महाराजगंज (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के थुलवासा में संदिग्ध परिस्थितियों में 26 वर्षीय युवक का शव मुर्गी बाड़े में फंदे से लटका मिला। युवक ने आत्मघाती कदम उठाने से ठीक पहले सोशल मीडिया के फेसबुक पेज पर लाइव आडियो पोस्ट साझा कर अपनी व्यथा और मानसिक पीड़ा भी व्यक्त की थी।



उमेश की फाइल फोटो।

घटना रतन का पुरवा मजरे थुलवासा की है। यहां निवासी छेदीलाल यादव के 26 वर्षीय बेटे उमेश यादव का शव मुर्गा बाड़े में फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार उमेश पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। गुरुवार की शाम वह अपने तीन दोस्तों के साथ घर से कुछ दूरी पर स्थित अपने ही मुर्गी बाड़े पर गया था। देर रात उसने फेसबुक पर पांच बार लाइव होकर अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा कि घर वाले कहते हैं कि मैं नशा करता हूं मेरी मौत के जिम्मेदार वही होंगे, जबकि उसकी लाइव पोस्ट में उसके साथ तीन चार और लोगों की आवाजें भी सुनाई दे रही है। जिसमें उसके साथी उसे ऐसा करने से मना भी कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह परिजनों और ग्रामीणों को शव बाड़े में लटका मिला तो हड़कंप मच गया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया युवक का शव मुर्गा बाड़े में फंदे से लटका मिला है। शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

### अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा, युवक की मौत

**खीरों।** थाना क्षेत्र के अतरहर गांव निवासी मृतक सनोज कुमार लोधी (28) पुत्र मोहनलाल लोधी के परिजनों ने बताया कि सनोज कुमार लोधी अपने गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित एक ईंट भट्ठे में ट्रैक्टर चालक के रूप में मजदूरी करता था। गुरुवार की रात लगभग नौ बजे सनोज कुमार उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र बिहार के गांव गनेशीखेड़ा में ट्रैक्टर ट्राली से ईंट छोड़कर ट्रैक्टर ट्राली लेकर ईंट भट्ठे पर वापस जा रहा था। तभी अतरहर नेवती मार्ग पर स्थित गांव मानपुर के पास अचानक स्टेयरिंग फेल होने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया और सनोज कुमार लोधी ट्रैक्टर के नीचे दब गया। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों ने जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर को उठवाकर उसके नीचे दबे सनोज कुमार लोधी को बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे पुलिस चौकी लल्लाखेड़ा प्रभारी उपनिरीक्षक सचिन सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। शिकायती पत्र मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



मृतक सनोज कुमार लोधी के गमगीन परिजन।

### शिवांशी और चंद्र प्रकाश बने विजेता

**संवाददाता, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश शतरंज संघ द्वारा अखिल भारतीय शतरंज संघ के सहयोग से सीनियर नेशनल आर्बिटर सेमिनार एवं परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें बेहतर प्रदर्शन करते हुए लालगंज की शिवांशी सोनी ने सीनियर राष्ट्रीय आर्बिटर का खिताब प्राप्त किया, जबकि आचार्य द्विवेदी नगर के चंद्र प्रकाश ने राष्ट्रीय आर्बिटर का टाइटल हासिल कर रायबरेली जिले का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता लखनऊ में 14 और 15 मार्च को हुआ था। इस दो दिवसीय सेमिनार में 7 राज्यों से कुल 50 चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर डिस्ट्रिक्ट चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनीष चौहान, सचिव आदित्य कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष एम. एल. साहू विजेताओं को बधाई दी है।



चंद्र प्रकाश।



शिवांशी सोनी।

### रेलवे कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**रायबरेली, अमृत विचार।** ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर दिल्ली में जंतर मंतर पर रनिंग स्टाफ की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसमें रनिंग स्टाफ की प्रमुख मांगों माइलेज रेट का 25 प्रतिशत नहीं बढ़ाने, रनिंग स्टाफ का ग़लत ढंग से इनकम टैक्स काटना, आउट स्टेशन घंटे को कम करने इत्यादि को शामिल किया गया। इस प्रदर्शन में सम्मिलित होने के लिए लोको लॉबी रायबरेली के लोको पायलट डीके शुक्ला, संजय सिंह, ओमजी तिवारी, अनिल कश्यप, दिवाकर सिंह शामिल हुए। इस मौके पर आईबी सिंह, सचिन श्रीवास्तव, डीपी नीरज, संतोष कुमार, कैलाश, रवींद्र कुमार, संतोष कुमार, हशनैन, राजेश पटेल, पंकज अग्रहरि, वरुण चंद्र, सुनील कुमार, अर्पित गुप्ता, मनोज कुमार आदि ने प्रदर्शन करते हुए दिल्ली जाने वाले साथियों का मनोबल बढ़ाया।

### फ्लैग मार्च निकाल नारी सुरक्षा का दिया संदेश

**जगतपुर, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के अंतर्गत थाना जगतपुर पुलिस द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पैदल फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने किया, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों सहित अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। यह पैदल फ्लैग मार्च कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जहां पुलिस टीम ने आमजन, विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने जगह-जगह रुककर महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साथ ही, किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। इस मौके पर राखी भटनागर, अर्चना यादव, निशा, उप निरीक्षक अजय मलिक, हेमंत वर्मा, काशीराम, गुलाम गौस खां आदि मौजूद रहे।



पैदल फ्लैग मार्च निकालतीं महिला पुलिस कर्मी।

### गोवर्धन प्रसंग सुनकर भक्त हुए भावविभोर

**शिवगढ़, अमृत विचार।** शिवगढ़ क्षेत्र के सरांय छात्रधारी में चल रही सात दिवसीय श्रीभागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन कथा पण्डाल भक्ति रस में डूबा नजर आया। सुप्रसिद्ध कथा व्यास पं. देवेन्द्र अवस्थी जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में गोवर्धन प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को महत्वपूर्ण संदेश दिया। कथा वाचक ने कहा कि "भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार को समाप्त कर यह संदेश दिया कि प्रकृति ही हमारी सच्ची पालनहार है, इसलिए हमें अहंकार त्याग कर विनम्रता और प्रकृति पूजन की भावना अपनानी चाहिए।" उन्होंने बताया कि गोवर्धन पूजा केवल एक परम्परा नहीं, बल्कि मनुष्य को प्रकृति के प्रति कृतज्ञ रहने और आडम्बर से दूर रहने की प्रेरणा देती है। इस मौके आयोजक सदाशिव कश्यप, शिव भोला कश्यप, यजमान राम नारायण कश्यप, ईश्वरदीन कश्यप, राधेश्याम कश्यप, रमेश कश्यप, दुलारे कश्यप, बृजेश कश्यप, बंटी कश्यप आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



श्रीभागवत महापुराण कथा सुनते श्रद्धालु।

**आयोजन**

**निफ्ट रायबरेली में 'स्पेक्ट्रम 2026' के दूसरे दिन दिखा प्रतिभा और कला का अनूठा संगम**

# रैंप पर फैशन का दिखा जलवा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मचाया धमाल







निफ्ट में आयोजित स्पेक्ट्रम 2026 के दूसरे दिन कल्चर शो में प्रतिभाग करतीं प्रतिभागी। अमृत विचार



दूसरे दिन डांस कंप्टीशन में प्रतिभाग करती छात्रा। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) के वार्षिक उत्सव 'स्पेक्ट्रम 2026' के दूसरे दिन परिसर में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल चरम पर रहा। 'कोत्योर शो' (कल्चर शो) और 'बैटल ऑफ बैंड्स' ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'बैटल ऑफ बैंड्स' में निफ्ट रायबरेली के चार बैंड्स के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें अपनी सुरीली धुनों और शानदार प्रदर्शन के दम पर 'सियाही' बैंड ने जीत का खिताब अपने नाम किया। संगीत के साथ-साथ 'सियाही' ने 'चिट-ओ-मेनिया' प्रतियोगिता में भी अपना दबदबा कायम रखते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

खेल और रचनात्मक प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा करते हुए संस्थान ने विजेताओं को प्रोत्साहित किया। टेबल टेनिस के पुरुष वर्ग में 'गली गैंग' के गौरव बरनवाल और महिला वर्ग में 'कोहिनूर' की अंशिका सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। कैरम प्रतियोगिता में 'नैनो नानी' टीम के अपूर्व राय विजयी रहे। कलात्मक कौशल की श्रेणी में 'एक्सप्रेशन पैलेट' प्रतियोगिता में 'गली गैंग' की कनिका नारायणन ने अपनी रचनात्मकता का लोहा मनवाया। वहीं 'टैलेंट शो' में 'नैनो नानी' टीम की अंकिता आनंद को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया।

### मेधावी बच्चों का मेडल से हुआ सम्मान

**खीरों (रायबरेली)।** शुक्रवार को कस्बा खीरों के न्यू सरस्वती गर्ल्स इंटर कॉलेज के अंग्रेजी माध्यम शाखा का परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें विद्यालय के सत्र 2025-26 के सभी बच्चों को वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। इस दौरान प्री-प्राइमरी विंग में यूकेजी की छात्रा आराध्या, प्राइमरी विंग में कक्षा 3 की छात्रा आंचल व जूनियर विंग में कक्षा 8 की छात्रा निहालिका को टॉपर, कक्षा 4 के छात्र शौर्य व कक्षा 8 के छात्र शैलजा सिंह को सर्वश्रेष्ठ छात्र के रूप में चयनित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक बीडी चक्रवर्ती व प्रधानाचार्या पूनम सिंह, इंचार्ज प्रधानाचार्य मूलचन्द्र शर्मा ने सभी मेधावी बच्चों को परीक्षाफल, मेडल और प्रशस्ति व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागतगीत, एकलगीत व समूहगीत पर नृत्य आदि मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक बीडी चक्रवर्ती ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए बच्चों को दूरदराज के विद्यालयों में जाना पड़ता था। लेकिन शिक्षकों की मेहनत व बच्चों की लगन से ग्रामीण अंचलों के बच्चे उत्तम शिक्षा ग्रहण करके अच्छे परिणाम लाकर अपने परिवार के साथ ही विद्यालय का नाम रोशन कर रहे है।



कार्यक्रम में मेधावियों को सम्मानित करते प्रबंधक बीडी चक्रवर्ती और प्रधानाचार्या पूनम सिंह। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**मुसाफिरखाना (अमेठी) :** शुक्रवार को देर शाम पंखा लगाने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया।आनन फानन में परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई करने में जुट गई है। दरअसल यह पूरा मामला मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के रसूलाबाद गांव का है जहां के रहने वाले 50 वर्षीय बैजनाथ पुत्र रामदुलार देर शाम घर में पंखा लगाने का काम कर रहे थे इसी बीच करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए।आनन फानन में परिजन उन्हें लेकर मुसाफिरखाना सीएचसी पहुंचे जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची है और विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

### शादी के बहाने नाबालिग को भगाने का आरोप

**शुकुल बाजार (अमेठी) :** थाना बाजार शुक्ल क्षेत्र के एक गांव के एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ने विपक्षी के खिलाफ आरोप लगाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी ने बताया कि उनकी उम्र लगभग 17 वर्ष की लड़की को गांव के ही आरोपी पर अपने साथ यह कहकर ले गया कि उसकी शादी अपने साले से कराएगा। पीड़ित के अनुसार, बेटी को शादी के बारे में बताया गया तो उसने साफ मना कर दिया। इसके बाद आरोपी ने उसे वापस ऊंचगांव छोड़कर चला गया। मामले को लेकर परिजनों में चिंता का माहौल है। वादी पक्ष द्वारा पूरे घटनाक्रम की जानकारी संबंधित लोगों को दी गई है। वहीं क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि पीड़ित के तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### एक दर्जन से अधिक बकरियां चोरी

**लंभुआ, सुलतानपुर :** कोतवाली क्षेत्र के तेरएं गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए एक दर्जन से अधिक बकरियां चोरी कर लीं। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और पीड़ितों में आक्रोश देखा गया। पीड़ित अजीज, अब्बास और द्रोपदी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि चोरों ने अजीज की आठ, अब्बास की चार तथा द्रोपदी की दो बकरियां चोरी कर लीं। सुबह जब उन्हें घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

# रामनवमी पर निकली शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

## उतारी गई आरती: शोभायात्रा में धार्मिक झांकियों और भक्ति गीतों ने वातावरण को बना दिया भक्तिमय

संवाददाता, फुरसतगंज (अमेठी)


श्रीराम व माता सीता की वेशभूषा में सजे कलाकारों को भोग लगाता श्रद्धालु।

**अमृत विचार।** रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कस्बा फुरसतगंज में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार देर शाम पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर, पीढ़ी रोड से प्रारंभ हुई शोभा यात्रा रायबरेली-सुल्तानपुर राजमार्ग स्थित पटेल तिराहा तक पहुंची। यात्रा में प्रतापगढ़ से आए श्याम कलात्मक चौकी के कलाकारों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा के दौरान धार्मिक झांकियों और भक्ति गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ग्राम पंचायत ब्राह्मणी के कस्बा फुरसतगंज में निकली इस शोभा यात्रा में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। साथ ही भावी प्रधान पद के प्रत्याशियों ने भी अपने-अपने समर्थकों के साथ उपस्थित होकर आयोजन में सहयोग दिया, जिससे कार्यक्रम और भी भव्य बन गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व प्रधान अनिल यादव, वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि पंकज सिंह तथा शशि जायसवाल सहित कई समाजसेवियों ने सहयोग किया। शोभा यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। फुरसतगंज पुलिस के साथ कई थानों की फोर्स तैनात रही। क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय सिंह के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों सहित पुलिस बल पूरे मार्ग पर तैनात रहा और यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

इस आयोजन में बाबा मुरारी दास पंचमुखी हनुमान मंदिर, पीढ़ी रोड राम सेवा समिति के अध्यक्ष निर्भय कौशल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी के महासचिव इंद्र प्रसाद माली तथा भाजपा के बहादुरपुर मंडल अध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और शोभायात्रा में अपना सहयोग प्रदान किया।

**माता सती और भगवान शिव के प्रसंग का किया वर्णन, मुसाफिरखाना:** क्षेत्र के सादीपुर गांव में चल रही श्रीमदभागवत के तीसरे दिन शुक्रवार को उज्जैन से पधारे कथा व्यास स्वामी प्रणवपुरी महाराज ने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से जीवन के महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। प्रणवपुरी महाराज ने माता सती और भगवान शिव के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जहां विरोध और अपमान का वातावरण हो, वहां जाने से बचना चाहिए। अपने ही स्वजन यदि विरोधी बन जाएं तो उनका व्यवहार अधिक कष्ट देता है। शस्त्र का घाव समय के साथ भर जाता है, लेकिन कटु वचन का घाव कभी नहीं भरता। कथाव्यास ने बताया कि भगवान शिव के मना करने के बावजूद माता सती अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में गईं, जहां शिवजी का भाग न होने पर उन्होंने क्रोधित होकर यज्ञ की निंदा की और योगाग्नि में अपने शरीर का त्याग कर दिया। बाद में वे हिमालय के घर माता पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लेकर पुनः भगवान शिव से विवाह करती हैं। ध्रुव जी के प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि समाज अक्सर उगते हुए सूर्य को ही नमस्कार करता है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को भक्ति, सदाचार और सत्संग के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। इस मौके पर जोनल कमिश्नर जीएसटी भूपेंद्र शुक्ला,भरत कुमार सिंह, वंश बहादुर, कांग्रेस नेता जेबी यादव, संजय सिंह, संत शरण सिंह, शिव शंकर तिवारी, विशाल विक्रम सिंह, आशीष सिंह, राहुल सिंह, रवि तिवारी, मोहित गुप्ता, रवि सिंह, ओंकार आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कालिकन धाम में हुआ हवन-यज्ञ का आयोजन

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी के पावन अवसर पर कालिकन धाम में भव्य हवन–यज्ञ का आयोजन किया गया। मां दुर्गा के नवें स्वरूप की पूजा–अर्चना के बाद सैकड़ों हवन कुंडों में हजारों श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुति देकर क्षेत्र में सुख–समृद्धि की कामना की।पूरे परिसर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने अपनी–अपनी पत्नियों के साथ विधि–विधान से हवन–पूजन किया। इस दौरान दूर–दराज के क्षेत्रों—भवसिंहपुर, संग्रामपुर, रामगढ़, विशेषरगंज, पुन्नपुर, करनाईपुर, धौरहरा और उत्तरगांव सहित अमेठी व प्रतापगढ़ जनपद से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में थाना संग्रामपुर प्रभारी संजय सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ उपस्थित रहे और पीठाधीश्वर श्री महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन–पूजन किया।कालिकन धाम के पीठाधीश्वर श्री महाराज ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर किए गए यज्ञ से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और परिवार व समाज में सुख, शांति व समृद्धि का संचार होता है।पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।


हवनकुंड में आहुति डालते थाना अध्यक्ष व अन्य श्रद्धालु।

# 36 घंटे बाद भी आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस

तिलोई (अमेठी)

- फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल लेने के दौरान हुए विवाद का मामला

**अमृत विचार।** मोहनगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर रोड स्थित सुन्दरी नारायण फिलिंग स्टेशन इंडियन ऑयल पर पेट्रोल लेने को लेकर बृहस्पतिवार को शुरू हुआ मामूली विवाद देखते-देखते हिंसक झड़प में बदल गया। ग्रामीणों और पेट्रोल पंप कर्मचारियों के बीच जमकर मारपीट हुई। मौके पर पहुंची पुलिस से भी कुछ लोगों की नोकझोंक हो गई और आक्रोशित भीड़ ने पुलिस की सरकारी गाड़ी को घेरकर आगे बढ़ने से रोक दिया। घटना के 36 घंटे बाद भी नामजद और अज्ञात आरोपी फरार बताए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बता दें कि भेलाई कला गांव के जमाल मजरे निवासी अब्बू सैफ पेट्रोल पंप पर 25 लीटर पेट्रोल लेने के लिए लाइन में लगे थे, लेकिन कर्मचारियों ने उन्हें केवल पांच लीटर पेट्रोल दिया। आरोप है कि कुछ अन्य लोगों को अधिक मात्रा में पेट्रोल दिया जा रहा था। इसी बात को लेकर युवक ने विरोध जताया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते मामला गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट में बदल गया। घटना की सूचना मिलते ही मोहनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ लोगों की पुलिस से भी झड़प हो गई। आक्रोशित भीड़ ने सरकारी वाहन को घेर लिया और वाहन के बोनट पर चढ़कर कथित तौर पर सरकारी कार्य में बाधा डाली। वहीं थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक शैय्याब बाबू खां की तहरीर पर पांच नामजद और लगभग 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने चार आरोपियों सूफियान अहमद (40), अबू सैफ (38), मो. फैजान (19) और मो. गजाली (27) निवासी मोहनगंज मजरे भेलाई कला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि घटना के करीब 36 घंटे बीत जाने के बाद भी एक नामजद आरोपी सहित कई अज्ञात उपद्रवी अभी तक फरार बताए जा रहे हैं। उनकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। इधर, इस घटना को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया पर नाराजगी जताई। उन्होंने तंज कसते हुए लिखा कि "पुलिस को चार घंटे की पिक्चर देखने भेजने के बजाय पेट्रोल पंप पर भेजना चाहिए था।"

वहीं पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी ने बताया कि किसी भी हाल में आरोपियों को बक्शा नहीं जाएगा। अज्ञात की पहचान मोहनगंज पुलिस द्वारा की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्त में लिया जाएगा।

# ट्रक ने लकड़ी लदे ट्रैक्टर को मारी टक्कर, चालक की मौत

मुसाफिरखाना (अमेठी)

**अमृत विचार।** शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने लकड़ी लदे ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक समेत चार लोग घायल हो गए। गंभीर हालत में चालक को लखनऊ ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं अन्य दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार अमेठी रोड स्थित हाईवे पर देर रात लकड़ी लदा ट्रैक्टर सर्विस लेन से मुख्य मार्ग पर चढ़ रहा था। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर रुक गया और उसमें सवार लोग गिरकर घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों की पहचान मुसाफिरखाना के जमुवारी गांव निवासी ट्रैक्टर चालक मुजाहिद अली (30), मोहम्मद जहीर (40), इम्तियाज (25) और वासिक (40) के रूप में हुई है। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मुजाहिद अली और मोहम्मद जहीर की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ट्रैक्टर चालक मुजाहिद अली की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और ट्रैक्टर को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही, जिसे पुलिस ने जल्द ही नियंत्रित कर लिया।

# बेमौसम बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता

सिंहपुर (अमेठी)

**परेशानी**

- गेहूं-सरसों की फसल की कटाई पर संकट गहराया

**अमृत विचार।** क्षेत्र में शुक्रवार को हो रही हल्की बारिश और लगातार आसमान में छाए बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस समय गेहूं और सरसों की फसल पककर तैयार है और सरसो की कटाई का कार्य तेजी से चल रहा था, लेकिन मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा या अचानक तेज बारिश हो गई, तो तैयार खड़ी फसल को भारी नुकसान हो सकता है। कई गांवों में गेहूं की फसल तेज हवा और नमी के कारण झुकने लगी है, जिससे दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। फसल गिरने से कटाई में दिक्कत के साथ-साथ पैदावार भी कम हो सकती है।


राज बहादुर सिंह।


शिवचंद्र त्रिवेदी।

वहीं सरसों की फसल भी प्रभावित हो रही है। कटाई में देरी होने से फलियां चटकने का खतरा बढ़ गया है, जिससे दाने जमीन पर गिरकर खराब हो सकते हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

इसी बीच उरद की बुवाई भी प्रभावित हो रही है। खेतों में अधिक नमी होने के कारण किसान समय पर बुवाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे अगली फसल की तैयारी भी प्रभावित हो रही है।

मौसम में आए बदलाव व बारिश होने से परेशान किसान राज बहादुर सिंह, शिवचंद्र त्रिवेदी, पंकज यादव, रिजवान खान, सलमान खान, वक़ील खान, राजू, राजेश यादव, सुशील सिंह आदि का कहना है कि वे लगातार बदल रहे मौसम पर नजर बनाए हुए हैं। यदि जल्द ही मौसम साफ नहीं हुआ, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। दूसरी ओर बेमौसम बारिश ने किसानों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है और फसल की उपज पर इसका सीधा असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### नवोदय में छात्रा के चयन पर खुशी

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** महात्मा बुद्ध विद्या मंदिर हल्लापुर सरेनी की छात्रा कृतिका पुत्री कमलेश कुमार का नवोदय विद्यालय में चयन होने से शिक्षकों, अभिभावकों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर प्रबंधक धर्मेंद्र धाकड़, अध्यक्ष कपूर सिंह, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार, शिक्षक रूपनारायण वर्मा, नरेंद्र प्रसाद, आदर्श कुमार, उत्कर्ष, राजकरण, अभिषेक कुमार, अनुराग, रोहित, विजयलक्ष्मी, बंदना वाजपेई, ज्योति दीक्षित, सविता, हिमांशी, सीमा, महिमा व सोनम मौजूद रही।



छात्रा कृतिका को सम्मानित करते शिक्षक।

### स्वस्थ आंखें ही बेहतर जीवन की नींव : विकास

**डलमऊ (रायबरेली) अमृत विचार।** शुक्रवार को समाजसेवी विकास सिंह (विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी) की ओर से घुरवारा में जूनियर स्कूल के सामने आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर न सिर्फ स्वास्थ्य सेवा का उदाहरण बना, बल्कि समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल भी पेश कर गया। शिविर में करीब 500 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 50 मरीजों को नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। जांच के दौरान 40 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान हुई, जिन्हें आगे ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। वहीं, 200 लोगों को नजर कमजोर होने के कारण चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। समाजसेवी विकास सिंह ने कहा स्वस्थ आंखें ही एक बेहतर जीवन की नींव होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग छोटी–छोटी समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं, जो आगे चलकर बड़ी बीमारी का रूप ले लेती हैं। हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद तक समय पर जांच और उपचार की सुविधा पहुंचे। यह शिविर उसी दिशा में एक छोटा सा कदम है, लेकिन इसका असर बहुत बड़ा हो सकता है। आगे भी हम ऐसे जनसेवा कार्यों को निरंतर जारी रखेंगे। शिविर में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट की टीम में डॉ. जीएल मिश्रा, डॉ. गोविंद और डॉ. शिवम कुशवाहा शामिल रहे। कार्यक्रम में अजय प्रताप सिंह, गौरव गुप्ता, अखिलेश यादव, पीर मोहम्मद, आशीष, शिवनारायण मिश्रा, सभाजीत यादव, शिव गणेश लोधी, धुन्ना सिंह, छोटू यादव आदि लोग उपस्थित रहे।


शिविर में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक।

# अतिक्रमण की चपेट में सेमरी चौराहा, प्रशासन मौन

संवाददाता, रायबरेली

- एनएच की भूमि और नाला पर कब्जा होने से वाहन चालक हो रहे परेशान

**अमृत विचार।** सेमरी चौराहा में एनएच विभाग व स्थानीय शासन प्रशासन की घोर लापरवाही और मिलीभगत के चलते सेमरी चौराहा अतिक्रमण की चपेट में है। हाल यह है कि जिम्मेदारों की लचर कार्यशैली के कारण कुछ लोगों ने एनएच की जमीन और नाला तक कब्जा कर रखा है। विभाग की गैर जिम्मेदारी रवैये के चलते सेमरी चौराहा की चारों ओर सड़क का काम अभी भी अधूरा पड़ा है, जिसकी वजह से वहां के आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

यहां पर सबसे ज्यादा दिक्कत व्यापारियों को हो रही है। उनका व्यापार चौपट हो गया है। अब उन्हें अपने परिवार का भरण पोषण की चिंता तक सताने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सेमरी चौराहा में सड़क व नाला का निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका। सरेनी रोड की तरफ एनएच विभाग द्वारा बने मकानों को गिरा दिया गया, लेकिन उनमें आज तक नाला निर्माण व सड़क कहां तक बनना है यह कार्य अभी वैसे ही पड़ा है, जिसकी सुध आज तक जिम्मेदारों द्वारा लेना मुनासिब नहीं समझा गया। स्थानीय लोगों की शिकायत के बावजूद विभाग के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। मकान मालिकों का कहना है कि कहां तक सड़क बनेगी और कहां नाला बनेगा यह अभी तय नहीं हुआ। मकान वैसे गिरे पड़े हैं।

गौरतलब है कि सेमरी चौराहा के एक तरफ तो नाला बना है, लेकिन सरेनी रोड की तरफ लालगंज रोड और कानपुर रोड में आज तक न तो पूरी सड़क का निर्माण किया गया और न ही अभी तक नाला बना। स्थानीय विवेक कुमार, दिनेश चन्द्र, राजेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, महेन्द्र कुमार, सीता राम, गोलू का कहना है कि एनएच विभाग द्वारा न तो सड़क निर्माण का पूरा कार्य हुआ और न ही नाला निर्माण अभी शुरू किया गया, जिसकी वजह से हम लोगों को बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों को आने जाने में होती है। मवेशी आये दिन चुटहिल होते हुए देखे जा सकते हैं। स्थानीय लोगों ने एनएस और कब्जेदारों की शिकायत डीएम से करने की बात कही है। उनका कहना है कि यदि बात नहीं बनी तो जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# कोटेदार पर राशन वितरण के समय अभद्रता करने का आरोप

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पूरे त्रिवेदी मजरे राजा फत्तेपुर निवासी अखिलेश द्विवेदी ने कोटेदार पर राशन न देने व अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका पुत्र हाल ही में एक दुर्घटना का शिकार हो गया था, जिसके कारण उसके पैर में गंभीर चोट आई एवं उसका ऑपरेशन हुआ है। बीते 23 मार्च 2026 को लखनऊ जाने कारण नियत तिथि पर राशन लेने नहीं गया। इस संबंध में पूर्व में ही कोटेदार मृदुला मिश्रा को दूरभाष के माध्यम से सूचित कर दिया गया था कि वह अगले दिन राशन लेने आयेगा। परंतु कोटेदार के फोन पर बात कर रहे व्यक्ति ने अत्यंत अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा अपमानजनक शब्द कहे। उसके बाद जब 25 मार्च को स्वयं राशन लेने गया, तो कोटेदार ने राशन देने से मना कर दिया गया।

### मेले में बिछड़ी मासूम घंटों बाद मां से मिली

**संग्रामपुर (अमेठी)अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि के रामनवमी पर्व पर कालिकन धाम में आयोजित मेले के दौरान बिछुड़ी एक मासूम बच्ची को संग्रामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में उसकी मां से मिलाकर सराहनीय कार्य किया।थाना संग्रामपुर क्षेत्र के गुलालगढ़ निवासी वेदिका सिंह (5 वर्ष) पुत्री विपिन सिंह अपने माता–पिता के साथ कालिकन धाम में हवन–पूजन के लिए आई थी। इसी दौरान जब उसके माता–पिता हवन में व्यस्त थे, तभी बच्ची भीड़ में उनसे बिछड़ गई।अचानक बच्ची के लापता होने से परिजनों में अफरा–तफरी मच गई।सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत संग्रामपुर पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई। मेला परिसर में तैनात पुलिस टीम ने तेजी से तलाश अभियान चलाया और कुछ ही घंटों के भीतर बच्ची को सुरक्षित ढूंढ निकाला। इसके बाद उसे सकुशल उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया।मासूम को सुरक्षित पाकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने पुलिस टीम का आभार जताया।थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मेले में बिछुड़े बच्चों और परिजनों को मिलाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यह सफलता मिली है।इस सराहनीय कार्य में मेला प्रभारी उपनिरीक्षक राम प्रकाश यादव व महिला कांस्टेबल नीतू यादव की विशेष भूमिका रही। पुलिस की इस तत्परता की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

### इलाज के दौरान आरक्षी की मौत से कोहराम

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** बीते दिनों तबियत खराब होने के बाद अस्पताल में भर्ती आरक्षी की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। आरक्षी की मौत की सूचना पर पुलिस कर्मियों ने श्रद्धांजलि देते हुए शव को कंधा देकर अंतिम विदाई दी। बता दे कि स्थानीय थाना क्षेत्र के मढ़हा गांव निवासी कपिल दूबे (35) पुत्र प्रेम शंकर दूबे सीतापुर जिले के तंबौर थाने के दलपतपुर चौकी पर तैनात थे। बीते 21 मार्च को उनकी तबीयत खराब हुई तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान गुरुवार को आरक्षी की मौत हो गई। मृतक सिपाही 2018 बैच का था। देर शाम पैतृक निवास मढ़हा शव पहुंचा तो कोहराम मच गया। शुक्रवार सुबह सीओ सिटी सौरभ सामंत व थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने मृतक के घर पहुंच कर शव को सलामी देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि के बाद सीओ व अन्य पुलिस कर्मियों ने शव को कंधा देते हुए अंतिम संस्कार के लिए राज घाट कुड़वार रवाना किया।

**आयोजन** दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल में मेधावी बच्चों में बांटे गए वार्षिक पुरस्कार

# अच्छा करने के लिए प्रेरित करते हैं पुरस्कार : सुशील कुमार

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल मुरारमऊ में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में वार्षिक पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुशील कुमार ने कहा कि इस तरह के पुरस्कार बच्चों का उत्साह वर्धन तो करते ही है साथ ही उन्हें आगे और अच्छा करने के लिए प्रेरित भी करते हैं।

समारोह में हरिनाथ द्विवेदी, अध्यक्ष दुर्गा बक्स सिंह, प्रधानाचार्या पूजा शुक्ला, शिक्षक सतीश, रामबली, अमित, खुशी, आरती, दिव्या, साक्षी, आकांक्षा, लक्ष्मी, रिद्धिमा, महक, पूजा पाल व बिंदादीन डॉ. अलोपी, डॉ. राकेश पाठक, सुनील वर्मा, सुदर्शन, मंजू, कल्पना आदि मौजूद रहे।


दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल में पुरस्कृत किए गए बच्चे। अमृत विचार



बच्चों को पुरस्कृत करते प्रबंधक शैलेंद्र दीक्षित। अमृत विचार

**परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर बच्चों का हुआ सम्मान, लालगंज:** प्रिंस इंटरमीडिएट कॉलेज कोरिहरा में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कार्तिकेय शंकर बाजपेई रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. अविनाश सिंह ने की। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष दिलीप द्विवेदी, नरेंद्र सिंह, अवनीश सिंह, रामप्रताप सिंह, आरके वर्मा एवं कांग्रेस सचिव यशपाल उपस्थिति रहे। विद्यालय के प्रबंधक शैलेंद्र कुमार दीक्षित एवं सह-प्रबंधक रचना दीक्षित ने आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथिगणों द्वारा मेडल और परीक्षा फल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर प्रधानाचार्या संध्या मौर्य, संगीता प्रजापति एवं पीआरओ कुलदीप यादव, अभिभावक आदि लोग मौजूद रहे।

**वार्षिकोत्सव में विद्यालय की टॉपर छात्राओं को किया गया पुरस्कृत, रायबरेली:** परशदेपर क्षेत्र के गोपालीपुर गांव में एचएलएम पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्रज्ञा भारती, पलक चौरसिया, कृतिका मौर्या ने सरस्वती वंदना व सुनैना यादव और अनन्या मौर्या ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।। अभय मौर्य व शिवाय कौशल ने वीर तुम बढे चलो और अंशु मौर्य ने सरहद पर लड़ने जाऊंगा गीत के माध्यम से देश प्रेम की भावना जागृत की। आदित्य व विक्रम मौर्य ने शिक्षा का महत्त्व बताया। राजलक्ष्मी, कृतिका मौर्या, प्रज्ञा भारती, पलक चौरसिया, सुनैना यादव, विवेक यादव, अनुपम रावत, आदि बच्चों ने अपने प्रभावी भाषण से सार्थक संदेश दिया। विद्यालय टॉपर प्रज्ञा भारती, कृतिका मौर्या व पलक चौरसिया को मुख्य अतिथि भाजपा नेता ओम प्रकाश मौर्य व बारा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देवेश प्रताप सिंह ने पुरस्कृत किया। प्रबंधक राजकुमार मौर्य व प्रधानाचार्य सर्वेश यादव ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। इस दौरान सलोन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा, खुनखुन सिंह, प्रबंधक भीम मौर्य, प्रबंधक फूल चंद्र मौर्य, संतलाल कोरी रहे।

# अमृत विचार

शनिवार, 28 मार्च 2026






मेरी सफलता इस बात पर निर्भर नहीं करेगी कि A या B मेरे बारे में क्या सोचते हैं। मेरी सफलता वही होगी, जो मैं अपने काम से बनाऊंगा।

**-होमी जहांगीर भाभा**, भारतीय परमाणु भौतिक विज्ञानी

## अस्थायी राहत

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत को आवागमन की अनुमति मिलना निःसंदेह राहत भरी खबर है। ईरान का यह निर्णय भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए तात्कालिक संकट को टालने वाला कदम है, किंतु इसे स्थायी समाधान मान लेना जल्दबाजी होगी। भारत की ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर है। ऐसे में उसके लिए होर्मुज मार्ग का खुलना पेट्रोलियम आपूर्ति को स्थिर रखेगा ही उर्वरक और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। तेल आपूर्ति बाधित होने पर परिवहन लागत बढ़ती और खाद्यान्न महंगे होते। यह निर्णय अर्थव्यवस्था के लिए 'सांस लेने की जगह' प्रदान करता है।

भारत ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका या इजराइल के खिलाफ कड़ा रुख नहीं अपनाया, फिर भी ईरान ने उसे उन चुनिंदा देशों में रखा, जिन्हें मार्ग उपयोग की अनुमति दी गई। यह भारतीय कूटनीति की 'रणनीतिक संतुलन' नीति का परिणाम है, जहां भारत किसी एक ध्रुव में पूरी तरह शामिल हुए बिना अपने हित साधता है। साथ ही, यह ईरान की व्यावहारिक कूटनीति भी दर्शाता है, जो आर्थिक और भू-राजनीतिक यथार्थ को समझते हुए भारत जैसे बड़े बाजार और साझेदार को अलग-थलग नहीं करना चाहता। ऊर्जा मोर्चे पर भारत ने 60 दिनों का तेल भंडार और अतिरिक्त 60 दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। इसके साथ वैकल्पिक स्रोतों की खोज भी जारी है। इससे तात्कालिक संकट की आशंका कम होती है, लेकिन वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव और युद्ध की अनिश्चितता के चलते पेट्रोल-डीजल की कीमतों में स्थिरता की गारंटी नहीं दी जा सकती, खासकर राज्यों में होने वाले चुनावों के बाद। ई-20 पेट्रोल नीति ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, किंतु एथनॉल उत्पादन की वर्तमान क्षमता इस लक्ष्य को पूरी तरह समर्थन देने में अभी सक्षम नहीं दिखती। कृषि, जल और खाद्य संतुलन को ध्यान में रखते हुए एथनॉल उत्पादन बढ़ाना एक जटिल चुनौती होगी। इसी प्रकार, गैस भंडारण और उत्पादन क्षमता में वृद्धि सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन वैश्विक एलएनजी बाजार अत्यधिक अस्थिर है। अतः घरेलू गैस आपूर्ति पूरी तरह निर्बाध रहेगी, यह मान लेना जोखिमपूर्ण होगा। खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में स्थिति अधिक गंभीर है। युद्ध के कारण उर्वरक उत्पादन में संभावित 15 प्रतिशत गिरावट और सब्सिडी बिल में 25 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि सरकार के वित्तीय संतुलन पर दबाव डालेगी। भारत की 20 प्रतिशत यूरिया और 33 फीसद डीएपी की आयात निर्भरता इस संकट को और गहरा करती है। दीर्घकालिक समाधान के लिए घरेलू उत्पादन, वैकल्पिक उर्वरकों और जैविक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक होगा। यदि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लंबा खिंचता है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं और अधिक बाधित होंगी। ऐसे में भारत को ऊर्जा, खाद्य और राजकोषीय तीनों मोर्चों पर दबाव झेलना पड़ सकता है।

होर्मुज से मिली राहत एक अवसर है, लेकिन यह चेतावनी भी कि भारत को अपनी ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के ढांचे को और अधिक आत्मनिर्भर, विविधीकृत और लचीला बनाना होगा। सरकार को भंडारण, वैकल्पिक ऊर्जा, कूटनीतिक संतुलन और कृषि सुधारों पर समानांतर रूप से कार्य करना होगा, तभी यह अस्थायी राहत स्थायी सुरक्षा में बदल सकेगी।

### प्रसंगवश

## सार्वजनिक न्याय की दिशा में सुप्रीम कोर्ट के 3 फैसले

भारत के न्यायिक इतिहास में कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो केवल कानूनी व्याख्या तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज की संरचना, अधिकारों की परिभाषा और राज्य की जिम्मेदारियों को नई दिशा देते हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए तीन महत्वपूर्ण निर्णय धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति (एससी) के दर्जे पर स्पष्टता, सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के साथ समानता सुनिश्चित करना, और झूठी एफआईआर के मामलों में सख्त रुख- इसी श्रेणी में आते हैं। ये फैसले न केवल संविधान की मूल भावना को मजबूत करते हैं, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि न्यायपालिका सामाजिक न्याय, समान अवसर और कानून के दुरुपयोग पर एक संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

पहला और सबसे अधिक चर्चा में रहने वाला निर्णय धर्म परिवर्तन और अनुसूचित जाति के दर्जे से जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म को छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रह जाता। यह निर्णय संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 की उस मूल भावना को दोहराता है, जिसमें अनुसूचित जातियों की पहचान ऐतिहासिक सामाजिक भेदभाव और छुआछूत की प्रथाओं से जुड़ी हुई है, जो मुख्यतः हिंदू सामाजिक ढांचे में विद्यमान रही हैं। न्यायालय का यह कहना कि धर्म परिवर्तन के साथ ही एससी का दर्जा और उससे जुड़े सभी वैधानिक लाभ तत्काल समाप्त हो जाते हैं, एक कठोर लेकिन स्पष्ट संदेश है कि आरक्षण और विशेष अधिकारों का आधार सामाजिक उत्पीड़न की ऐतिहासिक वास्तविकता है, न कि केवल जातीय पहचान।

यह निर्णय उन बहसों को भी नई दिशा देता है, जो लंबे समय से धर्मांतरण और सामाजिक न्याय के बीच संबंध को लेकर चल रही थीं। कुछ पक्षों का तर्क रहा है कि भले ही व्यक्ति धर्म बदल ले, लेकिन सामाजिक भेदभाव का प्रभाव समाप्त नहीं होता, जबकि दूसरी ओर यह भी कहा जाता रहा है कि आरक्षण का उद्देश्य विशेष रूप से उन समुदायों को राहत देना है, जो एक विशिष्ट सामाजिक संरचना में उत्पीड़ित रहे हैं। न्यायालय ने इस जटिल बहस में संवैधानिक प्रावधानों को प्राथमिकता देते हुए स्पष्टता प्रदान की है। इससे नीति निर्माताओं और समाज दोनों के लिए यह समझना आसान होगा कि सामाजिक न्याय की योजनाएं किन आधारों पर लागू होती हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय भारतीय सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के अधिकारों से संबंधित है। न्यायालय ने यह माना कि शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत कार्यरत महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने में जो मापदंड अपनाए गए, वे असमान और भेदभावपूर्ण थे। अदालत ने न केवल इस असमानता पर आपत्ति जताई, बल्कि यह भी निर्देश दिया कि जिन महिला अधिकारियों को प्रमोशन से वंचित किया गया है, उन्हें 20 वर्षों की सेवा के आधार पर पूर्ण पेंशन दी जाए। यह फैसला केवल आर्थिक राहत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस मानसिकता को चुनौती देता है, जिसमें सेना जैसे संस्थानों में पुरुष वर्चस्व को स्वाभाविक माना जाता रहा है।

तीसरा निर्णय झूठी एफआईआर और सबूत गढ़ने के मामलों में न्यायालय के सख्त रुख को दर्शाता है। अदालत ने इस विषय पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी करते हुए यह संकेत दिया है कि कानून के दुरुपयोग को हल्के में नहीं लिया जा सकता। वर्तमान व्यवस्था में झूठी शिकायतों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया सीमित होने के कारण कई बार निर्दोष लोग लंबे समय तक कानूनी उलझनों में फंस जाते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# विज्ञान की डगर और समाज की दिशा





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

समाज और विज्ञान के बीच का संबंध अत्यंत गहरा और परस्पर प्रभावशाली रहा है। समय के साथ जैसे-जैसे समाज में परिवर्तन हुए हैं, वैसे-वैसे विज्ञान की दिशा, प्राथमिकताएं और उपलब्धियां भी बदलती रही हैं। विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित कोई स्वतंत्र प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों से निरंतर प्रभावित होता है। जिस प्रकार समाज की आवश्यकताएं बदलती हैं, उसी के अनुसार वैज्ञानिक अनुसंधान के विषय, संसाधनों का वितरण और नवाचार की गति भी परिवर्तित होती रहती है।

बीसवीं सदी के पहले आधे हिस्से का उदाहरण इस बात को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यह वह समय था जब दुनिया दो बड़े विश्व युद्धों में उलझा हुआ था। युद्ध की परिस्थितियों ने सरकारों को मजबूर किया कि वे वैज्ञानिक अनुसंधान में भारी निवेश करें, ताकि युद्ध में बढ़त हासिल की जा सके। इस काल में विज्ञान का मुख्य उद्देश्य सैन्य शक्ति को बढ़ाना था। नतीजतन, परमाणु ऊर्जा, रडार तकनीक, और विभिन्न प्रकार के हथियारों के विकास में तेजी आई। विशेष रूप से परमाणु ऊर्जा के रहस्य इसी दौर में उजागर हुए, जो बाद में मानव इतिहास की सबसे बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धियों में से एक साबित हुआ, हालांकि इसका उपयोग विनाशकारी भी रहा, जैसे हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए जाने की घटनाएं। इससे यह स्पष्ट होता है कि विज्ञान की दिशा समाज की परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार तय होती है।

युद्धकालीन परिस्थितियों के बाद, जब दुनिया ने शांति और पुनर्निर्माण की ओर कदम बढ़ाया, तब विज्ञान की प्राथमिकताएं भी बदलने लगीं। औद्योगिकीकरण और आर्थिक विकास ने वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा दी। बाजार की शक्तियों ने विज्ञान को प्रभावित करना शुरू किया। निजी कंपनियों और कॉर्पोरेट संस्थाओं ने अपने लाभ को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान में निवेश करना शुरू किया। इस प्रक्रिया ने चिकित्सा, औषधि निर्माण और कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए। आधुनिक कंपनियां नई दवाइयों के विकास, रोगों के उपचार और कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) में भारी निवेश कर रही हैं।

> विज्ञान और समाज एक-दूसरे के पूरक हैं। समाज की आवश्यकताएं विज्ञान को दिशा देती हैं और विज्ञान समाज के विकास को गति प्रदान करता है। इतिहास के विभिन्न चरणों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए विकास ने मानव जीवन को नई दिशा दी है। जीनोमिक अनुक्रमण और आनुवंशिक इंजीनियरिंग जैसी तकनीकों ने चिकित्सा विज्ञान में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज हम कई गंभीर बीमारियों का इलाज खोजने में सक्षम हो रहे हैं, जो पहले असंभव प्रतीत होती थीं। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र में भी नई किस्मों के विकास से उत्पादन में वृद्धि हुई है, जिससे खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिली है। यह सब संभव हुआ, क्योंकि समाज में आर्थिक प्रतिस्पर्धा और बाजार आधारित दृष्टिकोण ने वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा दी।

विज्ञान का विकास केवल बाजार और युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। आधुनिक समय में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रभावित कर रही है। कई सफल उद्योगपतियों और व्यक्तियों ने अपनी संपत्ति का उपयोग समाज के कल्याण के लिए करना शुरू किया है। उन्होंने ऐसे फाउंडेशन स्थापित किए हैं, जो उन क्षेत्रों में निवेश करते हैं, जिन्हें वे सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण मानते हैं। उदाहरण के लिए, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थाएं कार्य कर रही हैं। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

आज के समय में जलवायु परिवर्तन एक बड़ी वैश्विक समस्या बन चुका है। इस समस्या से निपटने के लिए विज्ञान को नई दिशा में कार्य करना पड़ रहा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास में तेजी आई है। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि जब समाज किसी समस्या को गंभीरता से लेता है, तो विज्ञान उस समस्या के समाधान की दिशा में सक्रिय हो जाता है। इस प्रकार, विज्ञान केवल तकनीकी उन्नति का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज की आवश्यकताओं और मूल्यों का प्रतिबिंब भी है।

इसके अतिरिक्त, डिजिटल युग में सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास भी समाज के बदलते स्वरूप का परिणाम है। आज की दुनिया में तेजी से बदलती जीवनशैली, वैश्वीकरण और संचार की आवश्यकता ने इन क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और डेटा विश्लेषण जैसी तकनीकों ने हमारे जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। ये सभी विकास इस बात को दर्शाते हैं कि विज्ञान समाज की जरूरतों के अनुसार विकसित होता है।

फिर भी, यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि विज्ञान का उपयोग किस प्रकार किया जाता है, यह पूरी तरह समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर निर्भर करता है। विज्ञान स्वयं में न तो अच्छा होता है और न ही बुरा; इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि इसका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है। इसलिए समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वैज्ञानिक प्रगति का उपयोग मानव कल्याण के लिए किया जाए, न कि विनाश के लिए।

विज्ञान और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। समाज की आवश्यकताएं विज्ञान को दिशा देती हैं और विज्ञान समाज के विकास को गति प्रदान करता है। इतिहास के विभिन्न चरणों में यह संबंध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, चाहे वह युद्धकालीन अनुसंधान हो, बाजार आधारित नवाचार हो या सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किया गया अनुसंधान। भविष्य में भी विज्ञान का विकास समाज की बदलती जरूरतों के अनुरूप होता रहेगा, इसलिए आवश्यक है कि हम एक ऐसा संतुलन बनाए रखें, जिसमें वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक हित दोनों साथ-साथ आगे बढ़ें, ताकि एक बेहतर और अधिक टिकाऊ भविष्य का निर्माण किया जा सके।

### आमने सामने



क्या कोई भी संवेदनशील सरकार अस्पतालों के निर्माण पर रोक लगाती है? जयपुर के चारों कोनों पर प्रस्तावित चार सैटेलाइट अस्पतालों का काम अटकाकर एवं बंद कर भाजपा सरकार ने जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया है। आगरा और दिल्ली रोड के अस्पतालों को रद्द करना बेहद शर्मनाक है।


**-अशोक गहलोत**
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान

खोखली जादूगरी का झूठ केवल भ्रम पैदा करता है। केवल ट्विटर पर बयान देने से सरकार नहीं चलती। अपराधी सलाखों के पीछे हैं। मंत्री और अधिकारी जेल जा रहे हैं और अभी यह सूची काफी लंबी है। भ्रष्टाचार करने वाले एक भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**-भजन लाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान



# ईरान युद्ध और नव साम्राज्यवाद का क्रूर चेहरा



जयशंकर पांडेय
पूर्व विधायक

फरवरी के आखिर में शुरू हुए अमेरिका ईरान युद्ध ने नवसाम्राज्यवाद के क्रूर चेहरे से नकाब उतार दी है। अमेरिका ने ईरान पर यह कहते हुए हमला किया था कि वह ईरान के मुल्ला-मोलवियों के कट्टर शासन से वहां की जनता और विशेषकर महिलाओं को आजाद कराने आया है, इसलिए शुरू में जब अयातुल्ला अली खोमेनई और उनकी सेना के कुछ कमांडरों की हत्या हुई, तो वहां की जनता के एक तबके में उत्साह भी दिखा, लेकिन जब अमेरिकी हमले में सैकड़ों की संख्या में ईरानी छात्राएं मारी गईं तो ईरान ही नहीं पूरी मानवता उसका कलेजा फट गया। अमेरिका और इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने, लेकिन हकीकत में उनकी अपनी नकाब उतर गई। उस नकाब के नीचे गोरे अमेरिकी और इजराइली का क्रूर चेहरा उजागर हो गया। इसी के साथ अनमने तरीके से अमेरिका को समर्थन दे रहे यूरोप की भी कलई खुल गई।

अमेरिका और इजराइल के इस गठजोड़ ने पश्चिम एशिया के तमाम तेल वाले देशों की कायरता और इस्लाम विरोधी नीतियों को उजागर करके रख दिया। ईरान के राजनीतिक मॉडल की आलोचना करने वाले लोगों को यह समझ में आना चाहिए कि ईरान का राजनीतिक मॉडल सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, कतर जैसे तमाम राजशाही वाले अरब देशों से बहुत बेहतर था। वहां इस्लामी मॉडल के भीतर एक तरह का लोकतंत्र है, जिसमें एक वैश्विक व्यवस्था के प्रति सम्मान है और अपनी संप्रभुता के प्रति स्वाभिमान है। वह भले यूरोपीय मॉडल का लोकतंत्र नहीं है, लेकिन हम उसे इस्लामी लोकतंत्र अवश्य कह सकते हैं। जो लोग ईरान में स्त्रियों को शाह रजा पहलवी के दौर की आजादी देना चाहते हैं, उनके पीछे उसे फिर से अमेरिका का उपनिवेश बना देने का इरादा है। पूंजीवाद के व्यापक शोषण तंत्र और लूट का एक पुर्जा बनाने वाले ही इस्लाम के राजनीतिक प्रणाली को बदनाम करने का अभियान चलाए रखना चाहते हैं।

> अमेरिका-इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने, लेकिन हकीकत में उनकी खुद की नकाब उतर गई। उस नकाब के पीछे उनका क्रूर चेहरा उजागर हो गया है।

प्राच्यवाद के कठोर आलोचक एडवर्ड सईद ने 'कवरिंग इस्लाम' नामक अपनी पुस्तक में बताया है कि यहूदियों के हाथों में कैद अमेरिकी प्रेस ने किस प्रकार इस्लाम को बदनाम करने का एक अभियान चलाया और यह साबित करने की कोशिश की कि इस्लाम के प्रभाव वाले देश कला, संस्कृति, विज्ञान, साहित्य और दर्शन से विहीन हैं और न तो उनका कोई पुरातत्व अतीत है और न ही सभ्य वर्तमान। वहां तो सिर्फ तेल बेचने वाले शेख रहते हैं जो हरम में अय्याशी करते हैं और या तो आतंकवादी रहते हैं, जो यूरोप और अमेरिका को परेशान करते रहते हैं। सईद ने तथ्यों के माध्यम से यह साबित किया है कि यूरोप के फ्रांस और स्पेन जैसे देशों को छोड़कर कम देश ऐसे हैं, जो इस्लाम के योगदान से परिचित हैं और अरबी, फारसी और पश्चिम एशिया की दूसरी भाषाओं को समझने वाले तो अमेरिका में और भी कम हैं।

इन देशों में स्त्रियों का सम्मान किस हद तक है, इस बारे में मशहूर नारीवादी जर्मेन ग्रीयर का एक मशहूर व्याख्यान है- बिकिनी या बुरका। उन्होंने यह व्याख्यान भारत में दिया था और कहा था कि बिकनी वाले पूंजीवादी देशों ने स्त्री देह का जितना शोषण किया है, उतना बुरका वाले देशों में नहीं हुआ है। आज एपस्टीन फाइल के माध्यम से हम समझ सकते हैं कि पूंजीवादी तंत्र ईसाई और यहूदी संकीर्णताओं से मिलकर कितना घिनौना कृत्य कर सकता है। वह कृत्य जहां बालिग स्त्रियों के दैहिक शोषण की बात तो छोड़िए छोटी-छोटी बच्चियों के प्रति भी क्रूरता की इंतेहा हो रही है।

तमाम विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बहुत सारे समर्थक एपस्टीन फाइल में बदनाम हो रहे हैं और कानूनी रूप से पकड़ में आ रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह युद्ध छेड़ दिया है। डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी पर तो वहां के सुप्रीम कोर्ट ने भी अंकुश लगाने की कोशिश की है, इसलिए मध्यावधि चुनाव जीतने और अपनी ताकत को फिर से कायम करने के लिए ट्रंप ने यह कदम उठाया है। कहा यह भी जा रहा है कि सऊदी अरब के प्रिंस सलमान ने अमेरिका को इस युद्ध में उतरने के लिए उकसाया है, लेकिन उससे भी अधिक उतावलापन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू की ओर से बताया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस युद्ध में अमेरिका की सरपरस्ती में रहने वाले तमाम अरब के देश, इजराइल और अमेरिका के साथ हैं, जबकि उनकी अवाम विरोध कर रही है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद की जो व्यवस्था बनी, वह लोकतांत्रिक नहीं थी और उसमें भेदभाव की पर्याप्त गुंजाइश थी। इसी भेदभाव के रास्ते साम्राज्यवाद अपने पैर पसार रहा था। कभी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका में सत्ता परिवर्तन कराता रहा तो कभी वियतनाम और कोरिया में। यह सिलसिला अफगानिस्तान से लेकर इराक, सीरिया और दूसरे देशों में जारी रहा। अमेरिका ने राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए बनी संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था का कम से 50 बार उल्लंघन कर दूसरे देशों पर आक्रमण किए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## नेहरू की बहन कृष्णा

दो नवंबर 1907 को जन्मी मोतीलाल नेहरू की बेटी, जवाहरलाल नेहरू और विजय लक्ष्मी पंडित की छोटी बहन कृष्णा नेहरू हठी सिंह को अपेक्षाकृत कम लोग जानते हैं। वह जवाहरलाल से 17 साल छोटी और बहन विजयलक्ष्मी पंडित से सात साल छोटी थीं। जनवरी 1955 की 'टाइम' पत्रिका में श्रीमती हठी सिंह ने अपने प्रतिष्ठित परिवार का एक वर्णन प्रस्तुत किया है।



राज गोपाल सिंह वर्मा
लेखक

वह लिखती हैं, "मैंने हमेशा जवाहर का आदर किया है, लेकिन तीस साल के संघर्ष और बलिदान ने अपनी छाप छोड़ी है। हर साल ने उनकी गर्मजोशी, उल्लास और मिलनसार आकर्षण को कुछ हद तक कम कर दिया है... भूरी आंखें जो कभी किसी मजाकिया टिप्पणी पर चमकने के लिए हमेशा तैयार रहती थीं, अब अकसर कठोर अवज्ञा या थकी हुई हताशा का भाव रखती हैं। उनका चेहरा एक थके हुए आदमी का है, जो किसी आंतरिक शक्ति द्वारा संचालित लगता है जो कभी नरम नहीं पड़ती, कभी जाने नहीं देती। आज उनकी मुस्कान एक आत्म-संयमी व्यक्ति, एक विनम्र प्रधानमंत्री की मुस्कान है, जो अपनी शक्ति के बारे में पूरी तरह से जागरूक है, किसी भी आलोचना को चुनौती देता है।"

अपने बचपन के विषय में कृष्णा बताती हैं, "अपने बचपन में मैंने एक शांत जीवन जिया। हम एक छोटे और संयोजित परिवार के लोग थे और हमारा यह छोटा संसार बहुत खुशी भरा था; जिसमें कोई दुख या कठिनाई नहीं थी। धीरे-धीरे हमारे जीवन को बहुत परिवर्तन देखने पड़े, परंतु हम एक साथ बने रहे, इसलिए इन दुखों का पता नहीं चला। जीवन चलता रहा और हम धीरे-धीरे अलग राहों पर चल पड़े। हम मानसिक और शारीरिक रूप से इतने मजबूत होते गए कि हमारी राह में चाहे कुछ भी आए, हमें परवाह नहीं रही।"

इससे अलग अपनी एक पुस्तक में कृष्णा हठी सिंह अपनी पृष्ठभूमि देते हुए बताती हैं, "...हम कश्मीरी ब्राह्मण हैं। हमारे पूर्वज राज कौल (कमला कौल के परिवार से भिन्न) मुगल बादशाह फर्रूखसियर के दरबार में कश्मीर से आए थे। फर्रूखसियर उनकी विद्वता से बहुत प्रभावित था। उसने उन्हें दिल्ली में एक नहर के किनारे रहने के लिए मकान भेंट किया था। नहर के किनारे रहने के कारण हमारा परिवार दिल्ली में कौल नहर के नाम से मशहूर हुआ। कालांतर में कौल नहर का कौल नेहरू हो गया और समय के साथ कौल हटकर सिर्फ नेहरू बचा और यों हम नेहरू कहलाने लगे।"

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## आईपीएल के शोर में कहीं खो न जाए टेस्ट क्रिकेट

आज से शुरू हो रहा आईपीएल अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक ऐसे विशाल मंच में बदल चुका है जहां खेल, व्यवसाय, ग्लैमर और दर्शकों की भावनाएं एक साथ नजर आती हैं। इसकी लोकप्रियता और प्रभाव इतना बढ़ चुका है कि यह लोगों की दिनचर्या और सोच पर भी गहरा असर डालने लगा है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस चमक-दमक के बीच कहीं क्रिकेट का असली स्वरूप तो पीछे नहीं छूट रहा?

आज के दौर में इंडियन प्रीमियर लीग केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक विशाल मनोरंजन उद्योग बन चुका है। जैसे ही आईपीएल का सीजन शुरू होता है, पूरे देश में एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। टीवी, मोबाइल, सोशल मीडिया और अखबार- हर जगह आईपीएल की चर्चा होती है। बड़े-बड़े खिलाड़ी, फिल्मी सितारे, ब्रांड विज्ञापन और स्टेडियम की चमक-दमक इसे किसी त्योहार जैसा बना देते हैं।



धनीश शर्मा
लेखक

आईपीएल ने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान किया है। छोटे शहरों और गांवों से आने वाले खिलाड़ी, जिन्हें पहले पहचान नहीं मिल पाती थी, आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इसके अलावा, खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से भी मजबूती मिली है। जहां कई बार कम उम्र के खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश होती है, वे अचानक मिली इस सफलता और प्रसिद्धि के दबाव को संभाल नहीं पाते। अधिक धन और अपेक्षाओं का बोझ उनके प्रदर्शन को प्रभावित करता है।

इसके नकारात्मक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अत्यधिक पैसा, विज्ञापन और ग्लैमर के कारण खेल की मूल भावना प्रभावित हो रही है। कई बार खिलाड़ी देश के लिए खेलने के बजाय लीग को प्राथमिकता देते हैं। इसके अलावा, लगातार मैचों के कारण खिलाड़ियों पर मानसिक और शारीरिक दबाव भी बढ़ता है। क्रिकेट को परंपरागत रूप से धैर्य, तकनीक, अनुशासन और खेल भावना का प्रतीक माना जाता रहा है। विशेष रूप से टेस्ट क्रिकेट, जिसे खेल का सबसे शुद्ध रूप कहा जाता है, खिलाड़ियों की क्षमता और मानसिक मजबूती की असली परीक्षा लेता है, लेकिन आईपीएल के आगमन के बाद क्रिकेट का स्वरूप तेजी से बदल गया है। अब खेल की गति तेज हो गई है, जहां हर गेंद पर चौका-छक्का लगाने का दबाव रहता है। इसके साथ ही दर्शकों की रुचि में भी बदलाव आया है। आज लोग तेजी और रोमांच को ज्यादा पसंद करते हैं, जिसके कारण टेस्ट और वनडे क्रिकेट की लोकप्रियता प्रभावित हो रही है। यह क्रिकेट के संतुलित विकास के लिए एक चुनौती है।

आईपीएल ने खेल को पूरी तरह से बाजार से जोड़ दिया है, जहां टीमों की नीलामी, खिलाड़ियों की कीमत और ब्रांड वैल्यू पर अधिक ध्यान दिया जाता है। इससे कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि खेल की जगह व्यापार ने ले ली है। आईपीएल के शोर और चमक में खेल की सादगी और आत्मा कहीं दबती नजर आती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम मनोरंजन के साथ-साथ खेल की मूल भावना को भी बनाए रखें और साथ में यह न भूलें कि क्रिकेट की आत्मा टेस्ट क्रिकेट में ही बसती है। इस पैसों के मायाजाल में टेस्ट क्रिकेट कहीं खो न जाए। आज जरूरत है क्रिकेट के असली खेल टेस्ट क्रिकेट को संभाल कर रखने की, जिससे क्रिकेट की मूल स्वरूप में असली क्रिकेट जिंदा रह सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



उस दिन हल्की गर्म दोपहर थी। हमारी कार ठीक एक बजकर 10 मिनट पर एक ऐसी जगह आकर रुकी, जहां पहुंचते ही लगा कि हम किसी पर्यटन स्थल पर नहीं, बल्कि एक अलग ही मन :स्थिति में प्रवेश कर गए हैं। गांव छूटने के बाद जीवन में बहुत-सी चीजें पीछे रह जाती हैं। उनमें से एक होली भी है। शहरों की होली में रंगों की चमक तो होती है, लेकिन वह मन में उसी तरह नहीं उतरती जैसे गांव में फाग के गीतों के साथ खेली जाने वाली होली उतरती थी। शायद उसी खोई हुई अनुभूति की तलाश में अब हर होली पर मैं किसी नई जगह की ओर निकल पड़ता हूं।




मृदुल कपिल
साहित्यकार


# कुटनी आइलैंड

## शांति और सौंदर्य का अनूठा संगम

### मन के पास प्रकृति की सुंदरता

इस होली पर भी समय और साधन सीमित थे। खजुराहो की यात्रा के दो दिन पूरे हो चुके थे और मेरे पास खुद से चुराया हुआ बस एक दिन और था। उसी दिन मैं अपने साथियों प्रिया और माधव के साथ खड़ा था एक बेहद सुंदर जगह पर कुटनी आइलैंड। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में, विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो से लगभग 12 किलोमीटर दूर, कुटनी जलाशय के बीच स्थित यह छोटा-सा टापू मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा विकसित किया गया है। पानी से घिरे इस शांत द्वीप पर एमपी टूरिज्म के केवल दस कॉटेज बने हुए हैं, जहां ठहरकर पर्यटक इस जगह की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से महसूस कर सकते हैं।





### जलक्रीड़ा का रोमांच और गहरी शांति

रिजॉर्ट तक पहुंचने का अनुभव भी अपने आप में अलग है। मुख्य परिसर से लगभग 700 मीटर पहले वाहन पार्क करना पड़ता है। इसके बाद पैदल या ई-कार्ट से एक लोहे के पुल को पार करते हुए इस टापू तक पहुंचना होता है। पुल पार करते ही सामने खुलती है एक शांत दुनिया चारो ओर फैली जलराशि और बीच में मखमली हरियाली से घिरा छोटा-सा टापू। कॉटेज के कमरे का पर्दा हटाते ही दूर तक फैला पानी दिखाई देता है और दरवाजा खोलते ही सामने हरी घास का खुला मैदान। यहां प्रकृति और आधुनिकता का संतुलित मेल दिखाई देता है। एक ओर बोटिंग और जलक्रीड़ा का रोमांच है, तो दूसरी ओर गहरी शांति।

### क्षितिज पार उगता लाल सूरज

कई वर्षों बाद यहां आकर मैंने सूर्यास्त और सूर्योदय दोनों देखे। सूर्योदय देखने की उत्सुकता इतनी थी कि जिस व्यक्ति को सामान्य दिनों में सुबह नौ बजे उठना भी कठिन लगता है, वह उस दिन पांच बजे ही उठ गया। सुबह की ओस से भीगी घास पर नंगे पैर टहलते हुए अचानक मन दार्शनिक हो उठा। चारों ओर जल से घिरे उस टापू पर मेरे साथ एक दुबला-सा आवारा श्वान भी टहल रहा था। तभी मन में एक प्रश्न उठा आखिर कितने दिनों बाद मेरे पैरों ने मिट्टी को सीधे छुआ है? मिट्टी में जन्मा, धूल भरे गांव की गलियों में खेला और शहर की गर्म सड़कों पर मीलों पैदल चला मनुष्य कब अपने और धरती के बीच इतनी दूरी बना बैठा, शायद इसका एहसास हमें ऐसे ही क्षणों में होता है। उसी समय क्षितिज के उस पार से उगते हुए लाल सूर्य ने जैसे इस विचार यात्रा को विराम दिया। मन में तुलसीदास की पंक्तियां स्वतः गूंज उठीं "छिति जल पावक गगन समीरा, पंच रचित अति अधम सरीरा।" मैं उस क्षण को अपने कैमरे में कैद करने लगा। कुटनी आइलैंड उन जगहों में से है, जहां यात्रा केवल पर्यटन नहीं रह जाती। कभी-कभी ऐसी यात्राएं हमें नई जगहें नहीं दिखातीं, बल्कि हमारी खोई हुई अनुभूतियों को वापस लौटा देती हैं। इस यात्रा ने मुझे लौटाकर दी, मेरे पैरों के नीचे की मिट्टी।



जॉब का पहला दिन

## डर, सीख और एक नई शुरुआत

उस दिन मैं थोड़ी सी डरी हुई थी, क्योंकि ये मेरी पहली जॉब थी और पहला ही दिन। सुबह ठीक 10 बजे मैं ऑफिस पहुंची। हाथ में एक छोटा सा बैग था, जिसमें नोटबुक, पेन और एक हल्की सी घबराई हुई मुस्कान छुपी हुई थी। बाहर से न्यूज चैनल का ऑफिस जितना शांत और सामान्य लगता है, अंदर कदम रखते ही उतनी ही तेज रफ्तार और हलचल महसूस होती है। जैसे ही मैं अंदर गई, सबसे पहला झटका लगा- चारों तरफ चमकते मॉनिटर्स, हर स्क्रीन पर अलग-अलग न्यूज चल रही थी। कोई स्क्रिप्ट लिख रहा था, कोई फोन पर बात कर रहा था, तो कोई ब्रेकिंग न्यूज की तैयारी में लगा था। हर कोई अपने काम में इतना डूबा हुआ था कि समय जैसे दौड़ रहा हो। थोड़ी ही देर में मैनेजर ने मुझे टीम लीडर और बाकी टीम से मिलवाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, "पहले दिन बस देखो और समझो, असली काम कल से शुरू होगा।" उनकी बात सुनकर थोड़ी राहत भी मिली और उत्साह भी बढ़ गया। फिर मुझे एक डेस्क पर बैठा दिया गया, जहां एक सीनियर रिपोर्टर काम कर रहे थे। उन्होंने मुझे बड़े ही सहज तरीके से न्यूजरूम के बेसिक्स समझाने शुरू किए, कैसे स्टोरी आइडिया बनता है, कैसे फील्ड में जाकर रिपोर्टिंग की जाती है और सबसे अहम, डेडलाइन का क्या मतलब होता है। उनके हर शब्द में अनुभव झलक रहा था और मैं हर बात ध्यान से सुन रही थी।



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

कुछ देर बाद मुझे पहला छोटा सा काम मिला-एक खबर की रिसर्च। समय सिर्फ 10 मिनट था। मैंने तुरंत गूगल पर सर्च करना शुरू किया, लेकिन सीनियर ने रोकते हुए कहा, "गूगल सब कुछ नहीं बताता, असली खबर जमीन से मिलती है। हमारे लोकल रिपोर्टर से बात करो।" तभी मुझे समझ आया कि यहां सिर्फ स्पीड ही नहीं, बल्कि सटीकता भी उतनी ही जरूरी है। दोपहर में थोड़ा ब्रेक मिला, लेकिन दिमाग अब भी उसी माहौल में उलझा हुआ था। ब्रेक के बाद एडिटर-इन-चीफ आए और उन्होंने दिन की बड़ी खबरों पर चर्चा की। कौन-सी स्टोरी फोकस में रहेगी, कौन एंकर क्या करेगा, किस खबर के लिए ग्राफिक्स बनेंगे-सब कुछ बड़ी तेजी से तय हो रहा था। मैं बस चुपचाप सब देखती और सीखती रही, मन में एक सपना लिए कि एक दिन मैं भी अपनी पहली रिपोर्टिंग करूंगी। शाम को जब पहला दिन खत्म हुआ, तो शरीर थका हुआ था, लेकिन दिल बेहद खुश था। घर लौटते वक्त एक बात साफ समझ आ गई कि न्यूज चैनल में काम करना सिर्फ एक नौकरी नहीं, बल्कि एक जुनून है। यहां हर दिन नया होता है, हर खबर एक नई कहानी लेकर आती है और सबसे बड़ी सीख यही है कि यहां समय किसी के लिए नहीं रुकता।




# वैश्विक संस्कृति का प्रतीक बार्बी डॉल

आखिर कौन है, जिसने 'बार्बी डॉल' का नाम नहीं सुना है? बार्बी वह गुड़िया रही है, जिसने छोटे बच्चों विशेषकर लड़कियों की खेलने की दुनिया ही बदल दी। बार्बी ने अब तक बच्चों की कल्पनाओं, करियर और बदलाव का सफर तय किया है। कौन जानता था कि बार्बी दुनिया में इतनी प्रसिद्ध हो जाएगी। यह खिलौना मात्र नहीं है, बल्कि यह तो बच्चों के अनगिनत सपनों की गुड़िया है। इसकी लोकप्रियता के तो कहने ही क्या हैं? सच तो यह है कि बार्बी ने समाज पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है।



बार्बी गुड़िया जब 1959 में पहली बार न्यूयॉर्क खिलौना मेले में प्रस्तुत की गई, तब उसका रूप उस समय की अन्य गुड़ियाओं से बिल्कुल अलग था। दरअसल, उस दौर में ज्यादातर गुड़ियाएं छोटे बच्चों या शिशुओं के रूप में बनाई जाती थीं, लेकिन बार्बी को एक युवती के रूप में डिजाइन किया गया था। उसका शरीर किसी वयस्क महिला जैसा था, लंबे पैर, पतली कमर और स्टाइलिश व्यक्तित्व के साथ उसे एक फैशन मॉडल की तरह बनाया गया था।

बार्बी ने काले-सफेद धारीदार (ब्लैक एंड व्हाइट) स्विमसूट पहना हुआ था। उसके बाल सुनहरे या भूरे रंग के पोनीटेल स्टाइल में थे। इतना ही नहीं, उसके पैरों में हाई हील सैंडल और कानों में छोटे-छोटे ईयररिंग्स थे, जिससे उसका रूप आधुनिक और फैशनेबल दिखाई देता था। उस समय उसकी आंखें हल्की-सी नीचे की ओर झुकी हुई दिखाई देती थीं, जिन्हें बाद में बदलकर सामने देखने वाला बनाया गया। बार्बी का यह रूप उस समय की लड़कियों के लिए खास था, क्योंकि वे उसके माध्यम से खुद को भविष्य में अलग-अलग भूमिकाओं में कल्पना कर सकती थीं।



सुनील कुमार महला
लेखक

यही कारण है कि यह गुड़िया जल्द ही बेहद लोकप्रिय हो गई और खिलौनों की दुनिया में एक नया अध्याय शुरू हुआ।

9 मार्च 1959 को अमेरिकी खिलौना कंपनी मैटल ने इस गुड़िया यानी कि बार्बी डॉल को मेले में प्रस्तुत किया था तथा इसका निर्माण कंपनी की सह-संस्थापक रूथ हैंडलर द्वारा किया गया था। दरअसल, उन्होंने यह देखा कि उस समय बाजार में मिलने वाली अधिकांश गुड़ियाएं छोटे बच्चों के रूप में बनाई जाती थीं, जबकि लड़कियां खेलते समय खुद को बड़े होकर अलग-अलग भूमिकाओं जैसे कि डॉक्टर, शिक्षक, वैज्ञानिक, खिलाड़ी या अन्य पेशों में कल्पना में देखना चाहती थीं। न्यूयॉर्क टॉय फेयर में जब बार्बी ने अपना डेब्यू किया, तो उसने खिलौनों की दुनिया को नई दिशा दी। लॉन्च होते ही यह गुड़िया बेहद लोकप्रिय हो गई और धीरे-धीरे केवल एक खिलौना नहीं, बल्कि एक वैश्विक सांस्कृतिक प्रतीक बन गई। समय के साथ इसके हजारों अलग-अलग रूप बनाए गए, जिनमें विभिन्न देशों की पोशाकें, जीवन-शैलियां और अनेक पेशे भी शामिल किए गए और इसी ऐतिहासिक शुरुआत की स्मृति में हर वर्ष 9 मार्च को 'बार्बी दिवस' मनाया जाता है, जब दुनिया भर में खिलौना प्रेमी, संग्राहक और बच्चे कार्यक्रमों, प्रदर्शनों और सोशल मीडिया के माध्यम से बार्बी की लोकप्रियता का उत्सव मनाते हैं।

बार्बी गुड़िया के बारे में कई ऐसे रोचक तथ्य भी हैं, जो बहुत कम लोगों को पता हैं। सबसे पहले, बार्बी का पूरा नाम बारबरा मिलिसेंट रॉबर्ट्स है, जो रुथ हैंडलर की बेटी बारबरा के नाम पर रखा गया था। इसी तरह बार्बी के बॉयफ्रेंड केन का नाम रुथ हैंडलर के बेटे केनेथ के नाम पर रखा गया। 1959 में जब पहली बार्बी लॉन्च हुई, तब इसकी कीमत लगभग 3 डॉलर थी, जबकि आज दुर्लभ और कलेक्टर एडिशन बार्बी गुड़ियाएं हजारों डॉलर में बिकती हैं।

### बार्बी की शुरुआती डिजाइन

बार्बी के शुरुआती डिजाइन की प्रेरणा जर्मनी की बिल्ड लिली डॉल (दुनिया की पहली आधुनिक फैशन गुड़ियों में से एक) से मानी जाती है, जो एक कॉमिक स्ट्रिप पर आधारित गुड़िया थी। इसे वर्ष 1955 में जर्मनी में बनाया गया था। यह गुड़िया मूल रूप से बच्चों के लिए नहीं, बल्कि वयस्कों के लिए बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि इसका चरित्र जर्मनी के प्रसिद्ध अखबार बिल्ड में प्रकाशित एक कॉमिक स्ट्रिप की पात्र लिली पर आधारित था। दरअसल, बिल्ड लिली लंबी, पतली और फैशनेबल कपड़ों में दिखाई जाती थी तथा उसके सुनहरे बाल, हाई हील्स और आकर्षक कपड़े उसकी विशेष पहचान थे। अमेरिकी कंपनी मैटल की सह-संस्थापक रूथ हैंडलर ने यूरोप यात्रा के दौरान बिल्ड लिली गुड़िया देखी और बाद में इससे प्रेरित होकर, उन्होंने 1959 में प्रसिद्ध गुड़िया बार्बी बनाई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1964 में मैटल ने बिल्ड लिली के अधिकार खरीद लिए और बाद में इसका निर्माण बंद कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि पहली बार्बी ने ब्लैक-एंड-व्हाइट धारीदार स्विमसूट पहना था और उसकी आंखों की पुतलियां नीचे की ओर झुकी हुई थीं। बाद में 1971 में उसका लुक बदलकर उसे सामने देखने वाला बनाया गया। समय के साथ बार्बी डॉल में हमें अनेक करियर देखने को मिले। मसलन, डॉक्टर, पायलट, कंप्यूटर इंजीनियर, खिलाड़ी, वैज्ञानिक और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार वगैरह-वगैरह। सच तो यह है कि बार्बी डॉल केवल और केवल फैशन डॉल ही नहीं रही, बल्कि उसने 250 से अधिक करियर अपनाए। यहां तक कि बार्बी डॉल ने 1965 में एस्ट्रोनॉट बार्बी का रूप भी अपनाया, जो इंसान के चंद्रमा पर पहुँचने (1969) से लगभग चार साल पहले ही महिलाओं की अंतरिक्ष यात्रा की कल्पना को दर्शाती थी। इतना ही नहीं, बार्बी में विविधता भी धीरे-धीरे जोड़ी गई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1968 में क्रिस्टी बार्बी नाम की अश्वेत गुड़िया (बार्बी की सहेली) पेश हुई, जबकि 1980 में पहली आधिकारिक ब्लैक बार्बी लॉन्च की गई। आज बार्बी अलग-अलग नस्लों, संस्कृतियों और शारीरिक बनावट जैसे सुडौल, लंबी और छोटी में भी बनाई जाती है।

संस्मरण

## भविष्यफल




जब काम से छुट्टी हो, तो उदासीनता आ ही जाती है। कॉलेज की छुट्टियां चल रही हैं। समर ब्रेक ऐसा लग रहा है मानो जिंदगी पर ही ब्रेक लग गया हो। कुछ करने के लिए हो ही न और जब काम हो तो काम की थकान, हर रोज यही इच्छा होती है कि काश! आज छुट्टी मिल जाए। शायद हम इंसानों की फितरत ही ऐसी होती है, जो प्रत्यक्ष मिलता है, उसमें कभी खुश नहीं रहते। इसी उधेड़बुन में मैंने मन बदलने के लिए फोन चलाना शुरू कर दिया। कभी इंस्टाग्राम तो कभी फेसबुक, कभी यूट्यूब पर कहीं मन नहीं लगा।

मैंने फोन पटक दिया। क्या करूं! चलो मैगजीन ही पढ़ लेती हूं, कुछ न कुछ ज्ञानवर्धक तो मिल ही जाएगा। यही सोचकर मैं मैगजींस निकाली और पढ़ने लगी। मैगजींस पढ़ते-पढ़ते काफी समय बीत गया। अच्छे लेखों को पढ़कर मन भी खुश हो गया। सच में किताबें हमारी सबसे अच्छी दोस्त होती है। तभी डोर बेल बजी। "नैना" "ओ मम्मी आ गई।" मैंने दरवाजा खोला। मम्मी बाजार से आ गई थीं और साथ में उनकी सहेली रीना आंटी भी आई थीं। "क्या कर रही थी? इतनी देर से दरवाजा क्यों खोला। कब से बेल बज रही हूं। पानी भर के नहीं रखा? जरा थोड़ी देर के लिए कहीं चले जाओ पूरा घर अस्त-व्यस्त सा हो जाता है।" मम्मी बोले जा रहीं थीं। "वो मैं मैगजींस..." "क्या मैं-मैं पूरा घर फैला रखा है।" मम्मी ने मेरी बात बीच में ही काटते हुए कहा। "ओहो..छोड़ो भी..बच्ची है..इधर-उधर बिजी हो गई होगी, अब कर देगी।" आंटी ने मेरा बचाव किया और मुझे मम्मी की डांट से बचाया। रीना आंटी की बात सुनकर मम्मी कुछ नरम पड़ी।



श्रुति सुकुमार
लेखिका, बरेली

रीना आंटी बहुत ही खुशमिजाज व बिंदास किस्म की महिला है। हर जगह हंसी-खुशी का माहौल बना ही देती है। कोई ऐसी-वैसी बात हो, तो भी माहौल हल्का कर देती हैं। एकदम अप-टू-डेट रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्टिव हैं। यह बात अलग है कि ज्यादातर अपडेट्स वह खुद न कर, अपनी बेटी से करती हैं। यूं तो उनका फिगर भी थोड़ा ज्यादा ही है, फिर भी कपड़े फैशन के हिसाब से ही पहनती हैं। उन्हें पिछड़ा हुआ रहना बिल्कुल पसंद नहीं। आजकल तो प्लाजो और जींस जमकर पहन रही हैं। कुल मिलाकर वह एकदम आधुनिक है। मम्मी ने कहा- "नैना आंटी के लिए चाय तो बना लो।" रीना आंटी ने जोड़ते हुए कहा -" और साथ में पापड़ भी"।

रीना आंटी मेरी निकली भी मैगजींस पढ़ने लगीं। तभी अचानक कुछ पढ़कर रीना आंटी विचिलित सी हो उठीं। उनको एकदम उदास हो गईं। मानो दिल डूब सा गया हो। वह उदास हो गईं। मैं चाय लेकर आई। आंटी गुमसुम सी बैठी थीं।

"क्या हुआ आंटी? अचानक से आप इतनी परेशान क्यों लग रही हैं?" मैंने पूछा। आंटी बोली "अरे भविष्यफल में कुछ भी ठीक नहीं निकला है इसलिए मेरा मन बेचैन सा हो रहा है।" मम्मी ने कहा- "ओ हो, इन सब चीजों को कोई इतनी गंभीरता से थोड़ी नहीं लेना होता है।" आंटी ने बोला- "अरे कुछ तो सच्चाई होती ही होगी न"।

मैंने पूछा- "अच्छा क्या लिखा है, जरा पढ़िए तो।" "आपका पूरा माह संघर्ष भरा रहेगा। किसी प्रियजन से मनमुटाव हो सकता है। आमदनी कम होगी व खर्च बढ़ेंगे"। आंटी ने दुखी होते हुए पढ़ा। मम्मी ने मुंह बनाकर कहा- "अरे सब फालतू की बातें हैं।" लेकिन रीना आंटी व्याकुल थी। अनायास ही उनकी हंसी कहीं गुम हो गई थी। "ओफ्फो...आप लोग भी न छोड़िए यह सब।" आंटी मम्मी सही कह रही हैं, इन सबको इतनी गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। आप खुद ही सोचिए एक ही राशि के कितने सारे लोग होते हैं। यह कोई एक व्यक्ति विशेष आपके लिए ही नहीं है। "कम ऑन आंटी! डोंट बी सिली।" मेरी बातों का आंटी पर कोई खास असर होता नजर नहीं आया। तभी मेरी नजर मैगजीन के कवर पेज पर पड़ी। "ओ माय गॉड! अब आप लोग अपनी मूर्खता ओर अंधविश्वास पर जोर से हंसने को तैयार हो जाइए, क्योंकि" मैंने मैगजीन उठाते हुए कहा। "यह मैगजीन दो महीने पुरानी है, तो यह भविष्यफल भी दो महीने पुराना हुआ यानी बीत चुका है।" "क्या!" रीना आंटी के चेहरे पर चमक लौट आई और वह हो-हो करके हंस पड़ी। फिर हम सभी ने सुकून से चाय नाश्ते का आनंद लिया।

बिजनेस ब्रीफ

## वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ी, प्रमुख उद्योगों को प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस्पात और वाहन क्षेत्र सहित अन्य औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अब कुल कोटा बढ़कर युद्ध शुरू होने से पहले की मांग के 70 प्रतिशत स्तर पर पहुंच गया है। पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में निर्देश दिया है कि इस अतिरिक्त आपूर्ति में इस्पात, वाहन, कपड़ा, रंग, रसायन और प्लास्टिक जैसे श्रम-प्रधान उद्योगों को प्राथमिकता दी जाए। ये क्षेत्र अन्य आवश्यक उद्योगों के लिए आधार का काम करते हैं।

## कूरियर सेवा के जरिए निर्यात पर प्रति खेप मूल्य सीमा समाप्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक अप्रैल से कूरियर सेवा के जरिए निर्यात पर लागू मूल्य सीमा को हटाने की घोषणा की। वर्तमान में प्रति खेप 10 लाख रुपये की मूल्य सीमा लागू है। इस कदम से छोटे निर्यातकों और ईकॉमर्स आधारित निर्यात को मदद मिलने की उम्मीद है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना में कहा, कूरियर सेवा के जरिए निर्यात पर प्रति खेप मूल्य सीमा एक अप्रैल 2026 से समाप्त कर दी जाएगी। बजट में सरकार ने कूरियर निर्यात पर प्रति खेप 10 लाख रुपये की मूल्य सीमा को पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा की थी।

# विपक्ष का उद्योगों को राहत देने का आरोप सरकार बोली- हमें आम लोगों की चिंता

### वित्त विधेयक पर तीखी चर्चा, भाजपा सांसद ने कहा- सरकार ने कर आतंकवाद समाप्त किया

● कांग्रेस ने कहा- केंद्र की ओर से आम लोगों पर लादा जा रहा करों का बोझ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राज्यसभा में शुक्रवार को वित्त विधेयक, 2026 ओर विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2026 पर एक साथ चर्चा के दौरान विपक्ष ने सरकार पर बजट में जरूरतमंदों की अनदेखी करने का आरोप लगाया जबकि सत्तापक्ष ने कहा कि सरकार आम लोगों की चिंता कर रही है।

गुजरात से कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि वित्त विधेयक में सरकार ने जरूरतमंदों, किसानों और महिलाओं का ध्यान नहीं रखा है। वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़ों के हवाले से उन्होंने कहा कि जहां आयकर के प्राप्त राजस्व 26 प्रतिशत बढ़ा था वहीं जीडीपी के अनुपात में कॉरपोरेशन कर में कमी आई है। इसका मतलब है कि कर का बोझ आम लोगों पर डाला जा रहा है और उद्योगों को राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वित्त विधेयक में साल 2047 तक गुजरात के गांधीनगर स्थित गिफ्टी सिटी को कर में छूट दी गई है, जहां बड़े-बड़े लोग रहते हैं, लेकिन आम लोगों की, किसानों और महिलाओं को कोई राहत नहीं दी गयी है। कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए गोहिल ने आरोप लगाया कि सरकार उपकर और अधिभार लगाकर घोषित उद्देश्य से इतर उसका इस्तेमाल कर रही है।

भाजपा के संजय सेठ ने कहा कि भारत इस समय सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। आज पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिये गए हैं जबकि भारत में उत्पाद शुल्क कम करके इनके दाम नहीं बढ़ने दिए गए हैं। यह दिखाता है कि सरकार आम लोगों की चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि आयकर देने वालों की संख्या बढ़ रही है जो सरकार में लोगों के विश्वास को दिखाता है। सरकार ने कर आतंकवाद को समाप्त कर व्यवसायियों को कर मुक्त किया है।


राज्यसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा के दौरान बोलते तृणमूल सांसद डेरेक ओब्रायन।

### वित्त मंत्री भरोसा दिलाए, विधानसभा चुनाव के बाद भी नहीं बढ़ाए जाएंगे डीजल और पेट्रोल के भाव : तृणमूल

तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले ने आरोप लगाया कि उत्पाद शुल्क में कटौती इसलिए की गयी है कि क्योंकि चार राज्यों में चुनाव हैं। यदि सरकार आम लोगों के बारे में सोचती तो पिछले चार साल से रूस से कम कीमत पर कच्चा तेल की खरीद का लाभ उन्हें देती जो नहीं किया गया। उन्होंने वित्त मंत्री से इस बात का आश्वासन मांगा कि चुनाव समाप्त होने के बाद भी पेट्रोल-डीजल की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। उन्होंने संसद का सत्र होने के बावजूद प्रधानमंत्री के बयान जारी करने के बाद संसद में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा न करने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को इतनी ही चिंता होती तो रसोई गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये नहीं बढ़ाए जाते।

### भारत में धनवानों की दौलत, गरीबों की बढ़ रही है भुखमरी : द्रमुक सांसद

तमिलनाडु से द्रमुक के पी. विल्सन ने कहा कि बजट में आर्थिक असमानता कम करने के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है। एक तरफ धनाढ्य लोगों की संपत्ति बढ़ रही है और दूसरी तरफ भुखमरी की रैंकिंग में भारत लगातार नीचे गिर रहा है। खाद्य सब्सिडी, ईंधन पर सब्सिडी और उर्वरक सब्सिडी कम की जा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण पर खर्च कम करके और आम लोगों पर बोझ डालकर राजकोषीय घाटा कम करना गलत है। उन्होंने कहा कि देश की आम गृहणी राजकोषीय घाटे का आंकड़ा नहीं देखती, वह चावल की कीमत देखती है। उन्होंने केंद्र पर तमिलनाडु के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि कई फंड सिर्फ कागज पर हैं, लेकिन राज्य को कोई पैसा नहीं मिला है। पिछले पांच साल में राज्य को कुछ भी नहीं दिया गया है जिसका जवाब विधानसभा चुनाव में जनता देगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 11.41 अरब डॉलर घटा, 698.3 अरब डॉलर पर आया



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट की वजह से घटा है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.13 अरब डॉलर बढ़कर 557.69 अरब डॉलर हो गईं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 13.49 करोड़ डॉलर घटकर 117.19 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.63 अरब डॉलर रह गया।

## चांदी 11,250, सोना 1,900 रुपये टूटा

**नई दिल्ली।** वैश्विक उथलपुथल के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को कीमती धातुओं में पांच प्रतिशत तक गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 11,250 रुपये यानी लगभग पांच प्रतिशत लुढ़ककर सभी करों सहित 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जो बुधवार को बाजार बंद होने के समय 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,900 रुपये यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर सभी करों सहित 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछली बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

## एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स को दिया गया 14.93 करोड़ रुपये के आयकर का नोटिस

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट प्रशिक्षण समाधान प्रदान करने वाली एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स लिमिटेड (एनआईआईटी एमटीएस) को आयकर विभाग से आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 14.93 करोड़ रुपये की मांग को लेकर नोटिस मिला है।

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को जानकारी दी, आयकर विभाग की आकलन इकाई ने वर्ष 2023-24 के लिए 14,93,39,220 रुपये (ब्याज सहित) की राशि की मांग को लेकर नोटिस जारी किया है। कंपनी ने कहा कि यह नोटिस गणना में स्पष्ट गलती के कारण आई है, जिसमें पहले से भरे गए करों का सही क्रेडिट शामिल नहीं था। कंपनी ने कहा, इससे उसके वित्तीय परिणामों या कारोबार पर असर नहीं पड़ेगा।

## आईफोन यूजर भी एक फोन पर चला सकेंगे दो व्हाट्सएप खाते

● व्हाट्सएप ने यूजर्स के लिए कई और भी नई सेवाएं पेश कीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने कई नई सेवाएं शुक्रवार को पेश कीं। इनके तहत एप्पल आईफोन यूजर अब एक ही फोन पर दो खाते एक साथ चला सकेंगे। इसके अलावा तस्वीर संपादन और संदेश लिखने के लिए नए एआई उपकरण भी जोड़े गए हैं।

कंपनी ने कहा कि 'टू अकाउंट्स, वन फोन' सेवा जो पहले केवल एंड्रॉयड यूजर्स के लिए उपलब्ध थी अब आईओएस पर भी शुरू की जा रही है। व्हाट्सएप ने अपने ब्लॉग पोस्ट में कहा कि इस अपडेट के बाद यूजर्स को व्यक्तिगत एवं कामकाजी बातचीत के लिए दो अलग-अलग फोन रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एप के नीचे वाले 'टैब' में दिखाई देने वाली प्रोफाइल तस्वीर के जरिये यूजर सक्रिय खाते की पहचान कर सकेंगे। जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े एआई के बढ़ते उपयोग के बीच व्हाट्सएप ने मेटा एआई को सीधे चैट में एकीकृत किया है।

एआई उपकरण से जुड़ी संभावित सुरक्षा चिंताओं पर कंपनी ने जोर देते हुए कहा कि यूजर्स की चैट पूरी तरह निजी रहेंगी। कंपनी ने यह भी कहा कि मेटा एआई सेवाएं सभी यूजर्स को तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाएंगी। नई सेवाओं में प्रेडिक्टिव स्टिकर के सुझाव भी शामिल हैं। टाइप करते समय इमोजी के स्थान पर सुझाया गया स्टिकर इस्तेमाल किया जा सकेगा। व्हाट्सएप ने कहा, नई सेवाएं चरणबद्ध तरीके से जल्द ही सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध होंगी।

### तस्वीर भेजने से पहले कर सकेंगे एडिट

यूजर अब किसी तस्वीर को भेजने से पहले तस्वीर में सुधार कर सकते हैं, अनचाहे तत्व हटा सकते हैं, पृष्ठभूमि बदल सकते हैं या अलग-अलग शैली लागू कर सकते हैं। ।इसके साथ क्रॉस-प्लेटफॉर्म चैट ट्रांसफर भी आसान बना दिया गया है। अब मंच आधिकारिक तौर पर आईओएस से एंड्रॉयड डिवाइस पर चैट हिस्ट्री (तस्वीर व वीडियो सहित) स्थानांतरित करने का समर्थन करता है।

## श्रमिक संगठन एक अप्रैल देश भर में को मनाएंगे काला दिवस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच ने सरकार की चार श्रम संहिताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लेते हुए एक अप्रैल 2026 को काला दिवस के रूप में मनाने का शुक्रवार को आह्वान किया है।

सरकार ने वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता 2020 समेत चार श्रम संहिताओं को 21 नवंबर 2025 को लागू किया है। इसके विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय महासंघों एवं संगठनों के मंच ने श्रमिक संघों से एक अप्रैल को काला दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इसी दिन केंद्र सरकार ने चारों श्रम संहिताओं के लागू करने को लेकर नियमों को अधिसूचित करने की घोषणा की है।

## यूपी सरकार का बेंगलुरु के स्टार्टअप के साथ 25,000 करोड़ का समझौता रद्द

● कृत्रिम मेधा अवसंरचना विकसित करने के लिए किया था समझौता

● सरकार ने कंपनी की वित्तीय साख में कमी का हवाला देकर किया रद्द

**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में कृत्रिम मेधा अवसंरचना विकसित करने के लिए स्टार्टअप पुच एआई के साथ हस्ताक्षर किए गए 25,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द कर दिया है। सरकार ने कंपनी की वित्तीय साख में कमी का हवाला देते हुए यह कदम उठाया है।

इन्वेस्ट यूपी की तरफ से बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच के जरिए दी गई जानकारी में कहा गया है, राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानक प्रोटोकॉल के अनुसार 23 मार्च 2026 को पुच एआई के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की समीक्षा की गई। निवेशक से आवश्यक विवरण मांगे गए, लेकिन वे समय पर उन्हें उपलब्ध कराने में विफल रहे।

बयान के अनुसार, उचित जांच पड़ताल से पता चला कि परियोजना के पैमाने के लिए निवेशक के पास पर्याप्त संपत्ति और विश्वसनीय वित्तीय व्यवस्था नहीं हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार समझौता ज्ञापन से रद्द कर दिया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा गया है, उत्तर प्रदेश सरकार के मूल सिद्धांतों, पारदर्शिता और राजकाज में उच्चतम स्तर की सत्यनिष्ठा के हित में समझौता ज्ञापन रद्द किया गया है।

## वैधता खत्म होने के बाद भी डीएल में 30 दिन की छूट

● जन विश्वास विधेयक में शामिल किया गया राहत देने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी। इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा।

यह प्रस्ताव जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 का हिस्सा है, जिसे शुक्रवार को लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पेश किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, अधिनियम के तहत 20 संशोधन प्रस्तावित हैं, जिनका उद्देश्य अधिनियम के कुछ नियमों में राहत देना और कानूनी अस्पष्टताओं को दूर करना है। विधेयक के प्रस्ताव के अनुसार, अब वाहन का पंजीकरण पूरे राज्य में किया जा सकेगा, किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। इसके अलावा, यदि ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद नवीनीकरण के लिए आवेदन किया जाता है, तो लाइसेंस नवीनीकरण की तारीख से प्रभावी होगा, न कि समाप्ति की तारीख से। विधेयक में यह भी प्रस्ताव किया गया है कि लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी, इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा।

### पंजीकरण रद्द करने की सूचना के लिए 30 दिन

इसके अलावा, विधेयक में वाहन पंजीकरण रद्द करने की सूचना देने की समय सीमा को 14 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने का प्रस्ताव है। इसी तरह, बीमा प्रमाणपत्र के हस्तांतरण के संबंध में बीमा कंपनी को जानकारी देने की अवधि भी 14 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने का प्रावधान शामिल है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुकेश अंबानी के खिलाफ जांच की याचिका खारिज

**मुंबई, एजेंसी**

बंबई हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी के कृष्णा-गोदावरी बेसिन क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस का अवैध रूप से निकाला गया है।



● ओएनजीसी के बेसिन क्षेत्रों से अवैध रूप से गैस निकालने का था आरोप

मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति सुमन श्याम की पीठ ने याचिकाकर्ता जितेंद्र मारू की याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने चोरी, बेईमानी, गबन और आपराधिक विश्वासघात जैसे अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। अदालत के आदेश की प्रति अभी उपलब्ध नहीं हुई है। जितेंद्र मारू के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 2004 से 2013 के बीच बड़े पैमाने पर संगठित धोखाधड़ी करते हुए अपने अनुबंधित गहरे समुद्री कुओं से ड्रिलिंग कर ओएनजीसी के क्षेत्रों के पास स्थित कुओं से अवैध रूप से प्राकृतिक गैस निकाली। याचिका में दावा किया गया कि ओएनजीसी ने 2013 में इस अनधिकृत दोहन का पता लगाया था और इसकी सूचना भारत सरकार को दी थी।

जितेंद्र मारू ने याचिका में परामर्श कंपनी डीगोलियर एंड मैकनॉटन द्वारा की गई स्वतंत्र जांच और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ए. पी. शाह समिति की रिपोर्ट का हवाला दिया। इन रिपोर्टों में निष्कर्ष निकाला गया था कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ओएनजीसी के भंडार से गैस निकाली थी।



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**



# दिनहाटा और शीतलकुची के लोगों की बढ़ने लगीं धड़कनें

### भाजपा-टीएमसी के बीच चुनावी हिंसा के लिए दोनों क्षेत्र बदनाम

**कूचबिहार, एजेंसी**

उत्तर बंगाल में कूचबिहार जिले के दिनहाटा और शीतलकुची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की तारीख 23 अप्रैल जैसे-जैसे करीब आ रही है, लोगों के बीच बेचैनी बढ़ने लगी है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के गढ़ माने जाने वाले इन इलाकों में लोग इसलिए आशंकित हैं, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच छोटे-छोटे झगड़े कब बम और गोलियों के साथ बड़े सड़क संघर्ष में बदल जाएं, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

दिनहाटा सीट से टीएमसी के मौजूदा विधायक व उत्तर बंगाल के विकास मंत्री उदयन गुहा फॉरवर्ड ब्लॉक के वरिष्ठ नेता और छह बार विधायक रहे कमल गुहा के पुत्र हैं जो 2011 से लगातार तीन बार विधायक हैं। साल 2021 में गुहा केवल 57 वोट से प्रमणिक से हार गए थे, लेकिन उपचुनाव में उन्होंने 1.6 लाख से अधिक मतों के अंतर और 84 प्रतिशत वोट हासिल करके वापसी की। साल 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान दिनहाटा में गुहा पर हमला हुआ था, जिसमें उनका हाथ टूट गया था। उन्होंने इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था।



● चुनावी के दौरान बम-गोली और आगजनी की घटना सामान्य बात

साल 2023 के पंचायत चुनावों में गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। मार्च 2025 में टीएमसी समर्थकों ने कूचबिहार दक्षिण से भाजपा के विधायक निखिल रंजन डे की कार पर दिनहाटा में हमला किया। अगस्त 2025 में दिनहाटा के सालमारा इलाके में भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों में तोड़फोड़ की गई और कई लोग घायल हुए।

साल 2021 के चुनाव में दिनहाटा जैसा ही माहौल पास के शीतलकुची में भी दिखा था, जहां मतदान के दिन हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी। शीतलकुची के जोरपाटकी गांव में सीआईएसएफ के जवानों की गोलीबारी में चार युवकों की मौत हो गई थी। उसी दिन एक भाजपा समर्थक की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### इस बार एसआईआर को लेकर भी तनाव

इस तनावपूर्ण माहौल में एसआईआर को लेकर नया असंतोष उभर रहा है। इस प्रक्रिया के तहत लगभग 26,000 नाम या तो मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं या जांच के अधीन हैं। प्रभावित लोगों में 51 पूर्व बांग्लादेशी बस्ती के निवासी भी शामिल हैं, जिन्हें 2015 में भारत और पड़ोसी देश के बीच हुए ऐतिहासिक बस्ती आदान-प्रदान के बाद भारतीय नागरिक बनाया गया था। निर्वाचन आयोग के सामने इस बार भी हिंसामुक्त चुनाव कराने की बड़ी चुनौती है।

चुनाव के रंग


तिरुवनंतपुरम में मतदाताओं के बीच सीपीआई एम नेता बृंदा करात।


हावड़ा में रामनवमी पर चुनाव प्रचार करते भाजपा प्रत्याशी रूद्रानिल।

## भाजपा सत्ता में लौटी तो असम में मियां समुदाय की कमर तोड़ देंगे : हिमंत

**ढाकुआखाना।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि अगर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में वापस आता है, तो उनकी सरकार राज्य में बांग्लादेशी मियां समुदाय की कमर तोड़ देगी।

उन्होंने कहा कि सरकार एक मजबूत असमिया समाज के निर्माण के लिए काम करेगी और अवैध प्रवासी मूल निवासियों को चुनौती नहीं दे सकेंगे। लखीमपुर जिले के ढाकुआखाना में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, हमने राज्य के मूल निवासियों के लिए बहुत मेहनत की है। जो लोग बांग्लादेश से आकर असम की जमीन और घरों पर अतिक्रमण कर रहे थे, हमने राजनीतिक रूप से उनके हाथ-पैर तोड़ दिए।

## डीजल-पेट्रोल पर अभी घटाया शुल्क चुनाव बाद सामने आएगी असलियत

● कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर कसा तंज, कहा- 30 अप्रैल तक इंतजार करें लोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तेल विपणन कंपनियों की मदद के लिए पेट्रोल और डीजल पर सरकार की ओर से उत्पाद शुल्क घटाए जाने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह घोषणा चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव के कारण की गई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि लोगों को 30 अप्रैल तक का इंतजार करना चाहिए।

पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को दूसरे एवं अंतिम चरण का चुनाव संपन्न होगा। सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण कच्चे तेल की वैश्विक स्तर पर बढ़ती कीमतों से निपटने में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) जैसी तेल विपणन कंपनियों की मदद करने के लिए पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल पर इसे शून्य कर दिया गया है। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें गिरीं, जैसा कि पिछले 12 वर्षों में सात अलग-अलग मौकों पर हुआ, भारत में उपभोक्ता कीमतें कम नहीं हुईं। आज की घोषणा विधानसभा चुनाव के कारण है, 30 अप्रैल तक इंतजार करें।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अगर आपने सोचा है कि सरकार ने आपकी जेब को राहत दी है तो आप गलत हैं। फिलहाल, डीलरों और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें समान हैं।

## तमिलनाडु: अन्नाद्रमुक ने जारी की 127 उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें कुछ विधायकों को बरकरार रखा गया है। इस सूची में कई पूर्व मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के पलानीस्वामी ने 127 सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिनमें तिरुनेलवेली विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है, जहां से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने 2021 के चुनावों में जीत हासिल की थी। अन्नाद्रमुक ने इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के वरिष्ठ नेता थंजई एन गणेशराज को उतारा है। इससे पहले नागेंद्रन ने कहा था कि वह विरुधुनगर जिले की सत्तूर सीट से चुनाव लड़ेंगे। तमिलनाडु में राजग का नेतृत्व कर रही अन्नाद्रमुक 169 सीट पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने पहली सूची में 23 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी।


हावड़ी में अपने क्षेत्र की गली में चुनाव प्रचार करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी उमेश राय।

### कमल के चुनाव चिह्न पर लड़ेगी टीएमसी एम

**चेन्नई।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जीके वासन ने तमिल मनिला कांग्रेस (मूपनार) को आवंटित पांच सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किए, जो राजग का घटक दल है। सांसद पारिवेंधर नीत इंडिया जननायक काची (आईजेके) ने दो प्रत्याशियों की घोषणा की। वासन ने कहा कि टीएमसी (एम) भाजपा के कमल चुनाव चिह्न पर लड़ेगी, आईजेके अन्नाद्रमुक के चिह्न दो पत्तियों पर उतरेगी।

अमृत विचार



## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन लोगों की मौत

**हनालेई।** अमेरिका के हवाई द्वीप पर एक सुदूर समुद्र तट पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काउई अग्निशमन विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर कलालाऊ तट पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक पायलट और चार यात्री सवार थे। कलालाऊ तट दुर्गम क्षेत्र है जहां पैदल या नाव से ही पहुंचा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य को इलाज के लिए विलकॉक्स मेडिकल सेंटर ले जाया गया।

### मिसेज साउथ अफ्रीका विरुस्का ने पद छोड़ा

**जोहानिसबर्ग।** प्रतियोगिता के 24 साल के इतिहास में 'मिसेज साउथ अफ्रीका' का ताज पहनने वाली भारतीय मूल की पहली महिला विरुष्का सिंह ने, ताजपोशी के महज चार महीने बाद ही व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों" का हवाला देते हुए अपना पद छोड़ दिया है। नवंबर 2025 में सिंह की जीत को दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा गया था। उनतालीस वर्षीय 'केमिकल इंजीनियर' और जलवायु परिवर्तन सलाहकार ने अपने इस फैसले के लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों का हवाला दिया। सिंह ने एक बयान में कहा कि मैं इस मंच पर सेवा करने के अवसर और उन अविश्वसनीय महिलाओं के साथ खड़े होने का जो सौभाग्य मिला, उसके लिये आभारी हूं। यह निर्णय मेरा अपना है।

### अरुंधति को क्रिटिक्स सर्कल पुरस्कार

**वॉशिंगटन।** नोबेल पुरस्कार विजेता हान कांग के एक उपन्यास, कृत्रिम मेधा (एआई) एवं ओपनएआई पर करेन हाओ के शोध और लेखिका अरुंधति रॉय के एक संस्मरण को अमेरिका के वार्षिक नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्किल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। हान का उपन्यास वी डू नॉट पार्ट कोरियाई मुख्यभूमि के दक्षिण में स्थित जेजू द्वीप में 1948-1949 के विद्रोह की कहानी है, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इस उपन्यास का अनुवाद ई. येवोन और पैज अनियाह मॉरिस ने किया है। पुरस्कारों की कथा समिति की अध्यक्ष हीथर स्कॉट पार्टिंगटन ने इस उपन्यास के बारे में कहा कि इसकी कहानी एक असरदार और थाम लेने वाले सपने की तरह मन में बस जाती है। लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी का पुरस्कार लेखिका एवं पत्रकार फ्रांसेस फिट्ज़गेराल्ड को दिया गया।

### पाकिस्तान में लगे 5.1 तीव्रता भूकंप के झटके

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कई इलाकों में शुक्रवार को 5.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार, स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 36 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र शाहदकोट से लगभग 74 किलोमीटर पश्चिम में, 14 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोग दहशत में अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल गए। थाना प्रभारी करीम शाह ने कहा कि भूकंप के झटके तेज़ थे और पूरे शहर में महसूस किए गए। किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### मेक्सिको की खाड़ी में तेल रिसाव फैला

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की खाड़ी में मार्च की शुरुआत में हुआ तेल रिसाव 600 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैल गया, जिसमें सात प्राकृतिक संरक्षित क्षेत्र भी शामिल हैं। मेक्सिको के अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव एक अज्ञात जहाज और दो प्राकृतिक रिसाव स्रोतों से हुआ है। हालांकि, अधिकारियों ने पूर्वी राज्य वेराक्रूज के तट के पास हुए रिसाव से गंभीर पर्यावरणीय क्षति की आशंका से इनकार किया है।

# कोयला घोटाले में पूर्व सांसद विजय दर्डा को किया बरी

- कोर्ट ने उनके बेटे और पूर्व कोयला सचिव को भी किया आरोपमुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय राजधानी की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व सांसद विजय दर्डा, उनके बेटे देवेंद्र दर्डा और पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता को कोयला ब्लॉक आवंटन से संबंधित एक मामले में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश या कदाचार का कोई सबूत न मिलने के बाद बरी कर दिया। सीबीआई की विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने मनोज कुमार जायसवाल और मैसर्स एएमआर आयरन एंड स्टील प्रालि. को भी बरी कर दिया।

सीबीआई ने कथित कोयला घोटाले के संबंध में 50 से अधिक मामले दर्ज किए थे। मौजूदा मामला महाराष्ट्र के बांदर में कोयला ब्लॉक आवंटन के संबंध में संघीय एजेंसी द्वारा दाखिल किए गए पहले आरोपपत्र से जुड़ा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, एएमआर आयरन एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड ने केंद्रीय कोयला मंत्रालय को कोयला ब्लॉक का आवंटन प्राप्त करने के लिए गुप्ता के साथ साजिश रचते हुए आवेदन में झूठी जानकारी प्रस्तुत की थी। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि महाराष्ट्र से तत्कालीन राज्यसभा सदस्य दर्डा ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर कंपनी को कोयला ब्लॉक आवंटित करने की सिफारिश की थी। हालांकि, अदालत ने सीबीआई के आरोपों को खारिज कर दिया।

## बहुत गंभीर और जटिल समस्या

भारत में मानव तस्करी एक ऐसी सामाजिक और कानूनी चुनौती बनकर उभरी है, जिसने न केवल राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक जटिल जाल बुन लिया है। हाल ही में सीबीआई द्वारा मुंबई से एक कुख्यात सरगना, सुनील नेल्लथु रामकृष्णन उर्फ कृष, की गिरफ्तारी ने इस घिनौने व्यापार के एक नए और भयावह चेहरे को बेनकाब किया है। मानव तस्करी केवल देह व्यापार या बंधुआ मजदूरी तक सीमित नहीं रह गई है। अब इसका विस्तार साइबर गुलामी और युद्ध क्षेत्र में जबरन भर्ती जैसे नए क्षेत्रों में हो गया है। यह अपराध आधुनिक दासता का ही एक रूप है, जहां इंसानों को एक वस्तु की तरह खरीदा और बेचा जाता है। गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी जैसे कारणों के साथ अब सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से लोगों को इस जाल में फंसाया जा रहा है।

# भारत में मानव तस्करी



### मुख्य कारण

- गरीबी और आर्थिक असमानता : जीविका के अवसरों की कमी लोगों को तस्करों के जाल में फँसा देती है।
- शिक्षा और जागरूकता का अभाव : ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लोग अधिकारों और तस्करों के हथकंडों से अनजान होते हैं।
- रोजगार का लालच : बड़े शहरों या विदेशों में आकर्षक नौकरी दिलाने के बहाने युवाओं और महिलाओं को फुसलाया जाता है।
- सामाजिक कारण : लिंग आधारित भेदभाव और कुछ क्षेत्रों में असंतुलित लिंग अनुपात के कारण 'दुल्हन की खरीद-फरोख्त' जैसे मामले सामने आते हैं।

### समस्या की गंभीरता

- व्यापकता : अनुमानों के अनुसार, भारत में 20 से 65 मिलियन लोग मानव तस्करी से प्रभावित हो सकते हैं। ● सर्वाधिक प्रभावित : तस्करी के शिकार लोगों में लगभग 71% महिलाएँ और लड़कियाँ हैं।
- अपराध की स्थिति : वर्ष 2022 में भारत सरकार ने आईपीसी के तहत 2,250 तस्करी के मामलों की जांच की। ● न्यायिक चुनौती : तस्करी के मामलों में बरी होने की दर काफी अधिक है। साल 2022 में यह दर 81 प्रतिशत थी।

### क्या है साइबर गुलामी

- तस्करी का यह नया रूप बेहद खतरनाक है। पीड़ितों को थाईलैंड में डेटा एंट्री या कस्टमर केयर की नौकरी का झांसा दिया जाता है। बैंकॉक पहुंचने पर उन्हें अवैध रूप से म्यांमार की सीमा पार कराई जाती है। वहां उन्हें सशस्त्र गार्डों की निगरानी में रखा जाता है और भारतीयों या अन्य देशों के लोगों को डिजिटल फ्रॉड के जरिए ठगने के लिए मजबूर किया जाता है।

### संवैधानिक और कानूनी कवच

- संवैधानिक प्रावधान : अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और जबरन श्रम को पूरी तरह प्रतिबंधित करता है।
- भारतीय न्याय संहिता 2023 : नई संहिता की धारा 143 के तहत तस्करी को दंडनीय बनाया गया है।
- अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम (आईटीपीए), 1956 : यौन शोषण के लिए तस्करी रोकने का मुख्य कानून।
- पॉक्सो अधिनियम, 2012 : बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है।

### समाधान के कदम

- हर साल 30 जुलाई को विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस मनाया जाता है। ● तस्करों के सिंडिकेट को तोड़ने के लिए एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियां छापे मार रही हैं। ● तस्करी से बचाए गए लोगों के लिए सुरक्षित आश्रय, कानूनी सहायता और कौशल विकास की आवश्यकता है।

# रैपर से नेता बने बालेन ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

## मधेश क्षेत्र से नेपाल के प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति और सबसे युवा नेता

- राष्ट्रपति आवास पर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने दिलाई शपथ

**काठमांडू, एजेंसी**



नेपाल में 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शन के कारण के पी शर्मा ओली नीत सरकार के सत्ता से अपदस्थ होने के छह महीने बाद शुक्रवार को बालेंद्र शाह 'बालेन' ने नेपाल के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। रैपर से नेता बने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के 35 वर्षीय नेता ने शीतल निवास स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में अपराह्न 12 बजकर 34 मिनट पर 'शुभ मुहूर्त' में शपथ ली।

बालेन नेपाल में इस पद के लिए लोकतांत्रिक रूप से चुने गए सबसे युवा नेता हैं और वह मधेश क्षेत्र से प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति भी हैं। उन्हें राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने संविधान के अनुच्छेद 76 (1) के अनुसार 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शुक्रवार को नियुक्त किया। बालेन के अलावा, शुक्रवार को आयोजित समारोह में कई अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। स्वर्णिम वागले ने वित्त मंत्री, शिशिर खनाल ने विदेश मंत्री और सूडान गुरुंग ने गृह मंत्री के रूप में शपथ ली। बालेन रक्षा मंत्रालय, उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्रालय का भी कार्यभार संभालेंगे।

वह पूर्व प्रधानमंत्री ओली के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के पिछले साल सितंबर में सत्ता से बेदखल होने के बाद शपथ लेने वाले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित पहले प्रधानमंत्री हैं। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ युवाओं के नेतृत्व वाला 'जेन-जेड' विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया था जिसके बाद ओली सरकार गिर गई। बालेन के शपथग्रहण समारोह में हिंदू और बौद्ध धार्मिक परंपराओं का अनोखा संगम देखने को मिला। समारोह में विस्तृत धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस दौरान सात ब्राह्मणों ने शंखनाद किया, 108 हिंदू बटुकों या युवा ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया या स्वस्ति वाचन किया और 107 लामाओं ने मंगल वाचन अथवा बौद्ध धर्मग्रंथों का पाठ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बालेंद्र शाह को बधाई देते हुए कहा कि वह दोनों देशों के पारस्परिक हित में भारत-नेपाल संबंधों को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने के वास्ते उत्साहित हैं।

### भारत-नेपाल मित्रता होगी और मजबूत : मोदी

मोदी ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि बालेंद्र शाह को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपकी नियुक्ति नेपाल की जनता द्वारा आपके नेतृत्व में जताए गए विश्वास को दर्शाती है। मैं हमारे दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक हित में भारत-नेपाल मित्रता एवं सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए आपके साथ निकटता से काम करने के वास्ते उत्साहित हूं। पांच मार्च को हुए आम चुनाव में काठमांडू के पूर्व महापौर ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से ओली को भारी अंतर से हराया था। आरएसपी ने चुनाव में प्रतिनिधि सभा की कुल 275 सीट में से 182 सीटों पर कब्जा करके प्रचंड विजय हासिल की।

### नवगठित सरकार ने कार्की आयोग की रिपोर्ट लागू करने का लिया निर्णय

**काठमांडू।** नेपाल की नवगठित सरकार ने गौरी बहादुर कार्की आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का निर्णय लिया है और इसमें शामिल सिफारिशों के अनुरूप तत्काल कार्रवाई शुरू करने की घोषणा की है। समाचार पत्र कांतिपुर की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया कि आयोग द्वारा 23 और 24 भाद्र की घटनाओं पर प्रस्तुत रिपोर्ट को लागू किया जायेगा। साथ ही, सुरक्षा एजेंसियों से संबंधित पहलुओं पर आगे अध्ययन के लिए एक अतिरिक्त समिति गठित की जायेगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि आयोग की अन्य सिफारिशों को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाएगा, जबकि सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# अल फलाह समूह अध्यक्ष को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने दिल्ली में 45 करोड़ रुपये की जमीन को धोखाधड़ी से खरीदने से जुड़े धन शोधन के एक नए मामले में अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को फिर से गिरफ्तार किया है। सिद्दीकी (61) को पहली बार नवंबर 2025 में संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन के एक अलग मामले में गिरफ्तार किया था, जो उसके शिक्षण संस्थानों की मान्यता और प्रमाणन को गलत तरीके से प्रस्तुत करके छात्रों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है।

फरीदाबाद (हरियाणा) स्थित विश्वविद्यालय 10 नवंबर, 2025 को लाल किला के पास हुए विस्फोट से जुड़े एक सफेश पोश आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान संदेह के घेरे में आया था। इस विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी। विश्वविद्यालय से जुड़े अस्पताल के चिकित्सकों में से एक, डॉ. उमर-उन-नबी पर इस मामले में आत्मघाती हमलावर होने का आरोप है। उसी दिन विस्फोटक से भरी कार चलाते समय उसकी मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सिद्दीकी को नवीनतम मामले में 24 मार्च को तिहाड़ जेल से हिरासत में लिया गया था, जहां वह ईडी और दिल्ली पुलिस के मामलों में न्यायिक हिरासत में है।

# एनआईए को जांच पूरी करने को 45 दिन का और समय

- लाल किला विस्फोट केस में कई आरोपियों की हिरासत भी बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट के संबंध में अपनी जांच पूरी करने के लिए 45 दिन का और समय दिया।

विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने एजेंसी को अतिरिक्त समय दिया और कई आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी बढ़ा दी। अब तक आतंकवाद रोधी एजेंसी ने इस मामले में 11 गिरफ्तारियां की हैं। इससे पहले, 23 मार्च को एजेंसी ने समय बढ़ाने के लिए याचिका दायर की थी और इसका एक कारण यह था कि फरवरी में हुई नयी गिरफ्तारियों के कारण उसे पूरी साजिश की जांच के लिए और समय चाहिए। पिछले महीने एनआईए ने दिल्ली बम विस्फोट से संबंधित साजिश में सक्रिय रूप से शामिल होने के आरोप में जम्मू कश्मीर से जमीर अहमद अहनगर और तुफैल अहमद भट को गिरफ्तार किया था। उसी दिन एजेंसी द्वारा दायर एक आवेदन में कहा गया कि कई आरोपियों को उनके डिजिटल उपकरणों से हासिल की गयी कट्टरपंथी सामग्री की व्याख्या करने के लिए आमने-सामने पूछताछ करने की आवश्यकता है। उसमें कहा गया कि यहां जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एक विशेषज्ञ से अनुरोध किया गया कि वह कट्टरपंथी सामग्री का गहन विश्लेषण करने के बाद एक व्याख्या रिपोर्ट प्रदान करें, ताकि अरबी भाषा में लिखी गई इन सामग्री की कट्टरपंथी या चरमपंथी प्रकृति का पता लगाया जा सके, जिनका उद्देश्य हिंसक जिहाद को बढ़ावा देना या प्रचारित करना और घरेलू रोजमर्रा की वस्तुओं और रसायनों के माध्यम से बम तैयार करना है।

### व्हाट्सएप समूहों की पूरी की गई पहचान

एजेंसी ने कहा कि आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए गए व्हाट्सएप समूहों की पहचान कर ली गई है और व्हाट्सएप समूह एजीयूएच (अंसार गजवत उल हिंद) के सदस्यों की पहचान से संबंधित जांच चल रही है। कहा गया है कि कानूनी निगरानी से प्राप्त विवरणों के संबंध में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। छह आरोपियों के संबंध में जांच रिपोर्ट का विवरण देते हुए कहा गया कि आमिर राशिद मीर ने वह पुरानी कार खरीदी थी, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमले को अंजाम देने वाला डॉ. उमर कर रहा था।

# मंदिरों से चोरी की गईं मूर्तियां भारत को लौटाएगा अमेरिका

- तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गई थीं तीन प्राचीन मूर्तियां

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका स्थित स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गईं तीन प्राचीन मूर्तियां भारत को लौटाएगा। इन मूर्तियों को भारत के मंदिरों से चुराए जाने की बात शोध से स्थापित हो जाने के बाद यह फैसला किया गया।

अमेरिका में भारतीय दूतावास की उप प्रमुख नामग्या खम्पा ने नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी की संत सुंदरार के साथ परवी की मूर्ति की वापसी के लिए यहां 'नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट' (एनएमएए) के निदेशक चेस रॉबिन्सन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट से तीन अमूल्य प्राचीन वस्तुएं भारत वापस भेजी जा रही हैं: नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी में संत सुंदरार के साथ परवी का चित्रण।

उसने बताया कि इन प्राचीन वस्तुओं की उत्पत्ति से जुड़े शोध के बाद संग्रहालय ने पाया कि इन्हें भारत से अवैध रूप से हटाया गया था।

शिव और उमा की मूर्ति, जिसे सोमस्कंद भी कहा जाता है और परवी के साथ संत सुंदरार की मूर्ति 1987 में आर्थर एम सैकलर द्वारा संग्रहालय को दान किए गए संग्रह का हिस्सा थीं।

# दिल्ली विस को तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली और इसकी सूचना पुलिस आयुक्त को दे दी गई। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में यह बात कही। गुप्ता ने बताया कि विधानसभा में विस्फोट की धमकी देने वाले ईमेल की जांच के लिए पुलिस अधिकारी शुक्रवार को विधानसभा पहुंचे थे। ये ईमेल 24 मार्च एवं 26 मार्च के बीच प्राप्त हुए थे। गुप्ता ने कहा कि पुलिस से मामले की जांच में कोई ढिलाई न बरतने का अनुरोध किया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि कुछ ईमेल अलग-अलग संगठनों ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें भेजे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। विधानसभा सचिवालय को निर्देश दिया गया है कि सीसीटीवी कैमरों से पर्याप्त निगरानी की जाए और रिकॉर्ड रखने के लिए कंप्यूटरीकृत प्रवेश व्यवस्था रखी जाए।

# पश्चिम एशिया संकट पर भारत-कनाडा में वार्ता

- विदेशमंत्री जयशंकर की कनाडा की समकक्ष से हुई मुलाकात

**पेरिस, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने फ्रांस में जी7 बैठक के इतर मुलाकात कर पश्चिम एशिया संकट और उसके परिणामों पर प्रमुखता से चर्चा की। जयशंकर जी7 के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे।

कनाडा की विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने एवं जयशंकर ने जी7 बैठक से इतर मुलाकात की तथा दोनों नेताओं ने इस साल की शुरुआत में हमारी भारत यात्रा के दौरान हमारे प्रधानमंत्रियों द्वारा आगे बढ़ाई गई साझेदारी पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, पश्चिम एशिया में स्थिति और महत्वपूर्ण खनिज, कृषि एवं शिक्षा सहित उन प्रमुख क्षेत्रों पर भी चर्चा की जिनमें सहयोग को और गहरा किया जा सकता है। जयशंकर दो दिवसीय जी7 बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा करेंगे जिसमें यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि होर्मुज जलडमरूमध्य अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रहे।

ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। यह फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा नौवहन मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आवाजाही होती है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है।


## कैसा रहेगा आपका आज का दिन



| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आज व्यापार में आपको सावधानी रखनी चाहिए। पुराने विवाद पुनः उभर के सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा। |
| तुला | आज महत्वपूर्ण सौदों के लिए समय बहुत ही शुभ है। कार्यक्षेत्र में अधिकारों में वृद्धि होगी। रुके हुए काम बन सकते हैं। |
| वृष | आज जॉब में परिवर्तन करने का विचार बना सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिए। |
| वृश्चिक | आज इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बन सकती हैं। परिवार के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे। |
| मिथुन | आज अधिकारियों के साथ टकराव हो सकता है। विदेश जाने के अवसर प्राप्त होंगे। धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखें। |
| धनु | आज करियर को लेकर थोड़ी चिंता और व्यग्रता रहेगी। लेन-देन को लेकर सावधानी रखें। आय और व्यय में संतुलन रखें। |
| कर्क | आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। निजी रिश्तों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। धन से संबंधित समस्याओं का निवारण होगा। |
| मकर | आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। समस्याओं का समाधान मिलेगा। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें। |
| सिंह | आज किसी पर अधिक विश्वास न करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र पढ़ाई पर ध्यान दें। शराब के सेवन से दूर रहें। |
| कुंभ | आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। संपत्ति में आपको लाभ होगा। आभूषणों पर आप धन खर्च करेंगे। |
| कन्या | आज आसपास के लोग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। मित्रों की सहायता करने से पीछे न हटें। मन की कोई दुविधा दूर होगी। |
| मीन | आज कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंध में भी निजता का ध्यान रखें। बोलने से पहले आपको सोचना चाहिए। |

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 28 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 08.45 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-पुष्य 14.50 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### सुडोकू - 101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |

### सुडोकू -102

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | 8 | | | 3 |
| 6 | | 8 | | | 1 | | | |
| | 7 | | 6 | | | | | 1 |
| | | 6 | | | 4 | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 1 | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | | 6 | | 2 |
| 3 | | | 9 | | 7 | | | |

गंभीर समस्या | रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में सदस्यों के सवाल पर दी जानकारी

# देश में रेलवे की 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि देशभर में भारतीय रेल की लगभग 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण है, जो कुल 4.99 लाख हेक्टेयर भूमि का करीब 0.21 प्रतिशत है।

उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि रेलवे की कुल भूमि में से लगभग 80 प्रतिशत पटरियों के पास और 5 प्रतिशत उसके आसपास है तथा शेष 15 प्रतिशत भूमि स्टेशनों, कॉलोनियों, अस्पतालों तथा अन्य विकास कार्यों के लिए उपयोग में लाई जाती है। उन्होंने कहा कि देश में रेलवे की लगभग 0.21 प्रतिशत भूमि पर अवैध अतिक्रमण है। मंत्री ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन हर बार मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाता है, क्योंकि रेलवे की भूमि पर झुग्गियां मुख्य रूप से गरीब लोगों द्वारा बसाई गई हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे भूमि की सुरक्षा के लिए कई तकनीकी कदम उठाए गए हैं, जिनमें भूमि का पूर्ण डिजिटलीकरण और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को पोर्टल पर उपलब्ध कराना शामिल है।



मंत्री ने कहा कि प्रत्येक भूखंड का उचित मानचित्रण कर उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित किया गया है और ड्रोन व सैटेलाइट के माध्यम से सर्वेक्षण भी किया गया है। इससे नए अतिक्रमण को काफी हद तक रोकने में मदद मिली है।

उन्होंने सूरत का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से अतिक्रमणकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास देने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भूमि खाली कराई गई और विकास कार्य आगे बढ़ाया गया।

### हाल के वर्षों में नए अतिक्रमण में आई काफी कमी

रेल मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में नए अतिक्रमण में काफी कमी आई है और यह लगभग रुक गया है, जबकि पुराना अतिक्रमण मुख्य चुनौती बना हुआ है। मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में लगभग 98.02 हेक्टेयर रेलवे भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। उन्होंने कहा कि खाली पड़ी भूमि का उपयोग बुनियादी ढांचा विकास कार्यों के लिए किया जा रहा है।

# अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखेंगे ट्रंप के हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे।



“इस साल हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों के बीच अधिक अंतर नहीं होने के बावजूद भारतीय पुरुष हॉकी टीमें अलग-अलग नहीं उतारी जाएगी। दोनों टूर्नामेंट में टीम एक ही रहेगी।
–क्रेग फुल्टोन, हॉकी टीम के मुख्य कोच


# स्टेडियम

लखनऊ, शनिवार, 28 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे

### हाईलाइट

## ईरान ने अपनी टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया

**तेहरान।** ईरान ने अपनी खेल टीमों को उन देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया है जिन्हें वह शत्रु मानता है। ईरान के सरकारी टीवी ने सऊदी अरब में उनके देश के फुटबॉल क्लब ट्रैक्टर एफसी के निर्धारित मैच से पहले गुरुवार को यह जानकारी दी। तेहरान में ईरान के खेल मंत्रालय द्वारा घोषित प्रतिबंध में विश्व कप फुटबॉल का कोई जिक्र नहीं किया गया है जो 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में शुरू हो रहा है। मंत्रालय के बयान में दुबई के शबाब अल अहली के खिलाफ सऊदी अरब में होने वाले ट्रैक्टर एफसी के मैच का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। यह एशियाई चैंपियंस लीग एलीट का प्लेऑफ मैच है।

## इटली ने उत्तरी आयरलैंड को हराया

**लंदन।** इटली ने प्लेऑफ के पहले मैच में उत्तरी आयरलैंड को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चार बार के चैंपियन इटली को अब विश्व कप के लिए लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूकने से बचने के लिए एक और मैच जीतना होगा। बर्गमो में खेले गए इस मैच में इटली की तरफ से सैंड्रो टोनाली ने दूसरे हाफ की शुरुआत में हाफ-वॉली शॉट से पहला गोल करके गतिरोध तोड़ा और फिर मोइसे कीन ने एक और गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। बोस्निया और हर्जेगोविना, स्वीडन, पोलैंड, तुर्किए, कोसोवो, डेनमार्क और चेक गणराज्य भी मंगलवार को होने वाले प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे। इटली को अब बोस्निया और हर्जेगोविना का दौरा करना होगा, जहां उसे अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

## एमबापे के गोल से फ्रांस ने ब्राजील को हराया

**फॉक्सबोरो (अमेरिका)।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के गोल की मदद से फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल से पहले एक महत्वपूर्ण मैत्री मैच में ब्राजील को 2-1 से हराया। एमबापे इस मैच से पहले घुटने की चोट से जूझ रहे थे लेकिन उन्होंने दिखाया कि फिलहाल वह इस समस्या से परेशान नहीं हैं। उन्होंने 65वें मिनट में मैदान छोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण गोल किया। स्टेडियम में मौजूद 66215 दर्शक ब्राजील का समर्थन कर रहे थे लेकिन एमबापे (32वें मिनट) और ह्यूगो एकितिके (65वें) ने गोल करके फ्रांस को उस मैदान पर 2-0 की बढ़त दिला दी, जहां वह विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में नॉर्वे का सामना करेगा। ब्राजील की तरफ से एकमात्र गोल ब्रेमर ने 78वें मिनट में किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाये। ब्राजील अब मंगलवार को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगा, जो इन दोनों टीम के बीच 2022 के विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद पहला मुकाबला होगा।



# वैभव का सूर्य टीम इंडिया में चमकने को तैयार

खेल डेस्क

- 27 मार्च को 15 वर्ष की उम्र के साथ अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पदार्पण का आईसीसी मानक पूरा किया
- आईपीएल-2025 में डेब्यू करने के बाद 35 गेंदों पर शतक जड़कर खूब बटोरी थीं सुर्खियां

**अमृत विचार।** महज 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल डेब्यू कर सुर्खियां बटोरने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के लिए अब क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का रास्ते खुल गए हैं। 27 मार्च 2011 को जन्मे वैभव सूर्यवंशी अब 15 साल के हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की पात्रता पूरी कर ली है। यानी अब वह कभी भी भारत के लिए खेलते नजर आ सकते हैं।

दरअसल, अब तक वैभव सूर्यवंशी के अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू के रास्ते में आईसीसी का एक अहम नियम 'खिलाड़ियों की सुरक्षा' बाधा बना हुआ था। इस नियम के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए कम से कम 15 साल का होना जरूरी है। यह नियम 2020 में खिलाड़ियों के शारीरिक और मानसिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया था।

### तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड

वर्ष 2020 में पहली बार आईसीसी ने न्यूनतम आयु की आवश्यकता निर्धारित की थी। इससे पहले पाकिस्तान के हसन रजा ने 1996 में 14 वर्ष और 227 दिन की उम्र में डेब्यू कर सबसे कम उम्र के पुरुष टेस्ट क्रिकेटर होने का रिकॉर्ड बनाया था। हालांकि रजा का रिकॉर्ड अब भी सुरक्षित रहेगा। लेकिन वैभव सूर्यवंशी सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को अब भी तोड़ सकते हैं। सचिन तेंदुलकर ने 16 साल और 205 दिन की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था।

### सूर्यवंशी के महत्वपूर्ण रिकॉर्ड

- आईपीएल ऑक्शन में बिकने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। नवंबर 2024 में हुए ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा था। तब वो सिर्फ 13 साल 8 महीने के थे।
- वैभव ने जब आईपीएल 2025 में अपना डेब्यू किया तो वो इस लीग में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तब उनकी उम्र सिर्फ 14 साल 23 दिन के थे।
- आईपीएल में सबसे कम उम्र का शतक लगाने का रिकॉर्ड भी वैभव के नाम है। उन्होंने 14 साल और 32 दिन की उम्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में ये शतक लगाया था। जो आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक है। पहला नाम क्रिस गेल का है जिन्होंने महज 30 गेंदों पर सैकड़ा लगाया था।
- वैभव के नाम अंडर 19 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे तेज शतक और सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड है। उन्होंने 2026 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ 80 गेंदों पर 175 रन ठोके थे।
- रोज कम से कम 600 गेंदें खेलकर उन्होंने उसे सफलता की सीढ़ी।

## फिर आया इंडिया का त्योहार, आईपीएल-2026 का आगाज आज से, 10 टीमें आजमाएंगी भाग्य

# आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर सीएसके, केकेआर व मुंबई भी दावेदार

बेंगलुरु, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार से यहां शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना खिताब बचाने के लिए प्रतिबद्ध होगा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल में अगले दो महीनों में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों पर भी नजर रहेगी जो अच्छा प्रदर्शन करके अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगे।

आरसीबी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा और उसका लक्ष्य शानदार शुरुआत करना होगा। लेकिन इस मैच से पहले माहौल थोड़ा गंभीर बना हुआ है क्योंकि पिछले साल चार जून को आरसीबी के खिताब जीतने के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और आरसीबी प्रबंधन ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति को बनाए रखने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। केएससीए ने स्टेडियम में 11 सीटें स्थायी रूप से खाली छोड़ने की घोषणा की है। इस स्टेडियम को आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए राज्य सरकार से अनुमति मिलने से पहले कई अनिश्चित महीनों का सामना करना पड़ा था। आरसीबी के खिलाड़ी पहले मैच के दिन अभ्यास सत्र के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। जहां तक मैच का सवाल है तो आरसीबी और सनराइजर्स दोनों के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी है। आरसीबी को जोश हेजलवुड और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के बिना खेलना होगा। दोनों ने 2025 के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इस वर्ष वे अधिकतर मैचों में बाहर रहेंगे। हेज़लवुड ऑस्ट्रेलिया में चोट से उबरकर पूरी तरह फिट होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और वह बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दयाल पूरे सत्र से बाहर रहेंगे।

आरसीबी को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, स्पिनर क्रुणाल पंड्या, सुयश शर्मा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा। सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस भी शुरुआती चरण में टीम में नहीं होंगे। ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। लेकिन सनराइजर्स के बैकअप विकल्प ज्यादा भरोसेमंद नहीं लगते। ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और हर्ष दुबे को सपाट पिचों पर कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दोनों टीमें अपनी गेंदबाजी की कमजोरी का बल्लेबाजी से भरपाई करना चाहेंगी। आरसीबी के पास विराट कोहली, टिम डेविड, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, कप्तान रजत पाटीदार, रोमारियो शेफर्ड जैसे बल्लेबाज हैं जबकि सनराइजर्स के पास भी ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, किशन और हेनरिक क्लासेन के रूप में धाकड़ बल्लेबाज हैं।





बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन। एजेंसी

### मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब

मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब हैं। लेकिन पिछला सत्र उनके लिए अच्छा नहीं रहा था। मुंबई की टीम पिछले सत्र में चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंची थी। पांच बार की चैंपियन यह टीम अपने इस प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेगी। केकेआर और सीएसके क्रमशः आठवें और दसवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपनी टीमों में काफी बदलाव किया है। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा मैट हेनरी और नूर अहमद को भी टीम में जोड़ा है। सीएसके की टीम महेंद्र सिंह धोनी से संभवतः आखिरी बार शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी, जिन्होंने आईपीएल में अपने भविष्य को लेकर संशय बनाए रखा है। केकेआर ने टिम सीफर्ट, फिन एलन, रचिन रविंद्र और कैमरन ग्रीन को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी है। कप्तान अजिंक्य रहाणे शीर्ष क्रम में टीम को एकजुट रखने की भूमिका निभाएंगे और उप-कप्तान रिंकू सिंह को उस फिनिशर की भूमिका में ढलना होगा जो आंद्रे रसेल ने 2014 से लेकर पिछले साल संन्यास लेने से पहले तक निभाई थी। गेंदबाजी में उनके पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण के रूप में दो तुरुप के पत्ते हैं, लेकिन उनका तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर है।



### दिल्ली, पंजाब और लखनऊ को पहले खिताब की दरकार

राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स अपने नाम पर एक और खिताब जोड़ने की कोशिश करेंगे, जबकि दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स अपना पहला खिताब जीतने के लिए मैदान पर उतरेंगे। इस आईपीएल में कोहली और रोहित पर भी नजर टिकी रहेगी। इन दोनों को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन वे हमेशा की तरह दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कोहली ने पिछले साल आरसीबी की आईपीएल में पहली खिताबी जीत के साथ अपने शानदार रिकॉर्ड में एक और ट्रॉफी जोड़ ली। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह खिलाड़ी अपने पूर्व के प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहता या नहीं। कोहली की चुनौती खुद से भी होगी। जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद उन्हें भरपूर आराम मिल चुका है। रोहित ने भी अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। एक बल्लेबाज के रूप में उन्होंने आईपीएल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी का किसी एक सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 538 रन है। वह अपने इस रिकॉर्ड को सुधारना चाहेंगे और साथ ही मुंबई को उसका छठा खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाना चाहेंगे।

### विराट कोहली अब भी अपने खेल के शिखर पर है : मुख्य कोच एंडी फ्लावर

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल के 18 साल में विराट कोहली का एक खिलाड़ी के तौर पर नयी ऊंचाइयों को छूने का जज्बा और भूख कम नहीं हुई है और वह अभी भी अपने खेल के शिखर पर है। कोहली ने पिछले साल आरसीबी के लिये सर्वाधिक 657 रन बनाये जिसकी मदद से टीम ने पहली बार खिताब जीता। फ्लावर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा मैं उसे करीब से (कोहली को नेट्स पर बल्लेबाजी करते) देख रहा हूं। वह अपने खेल के शिखर पर है और सुपर फिट भी। वह जबर्दस्त फिट, छरहरा और जीत का भूख लग रहा है। उन्होंने कहा वह हमेशा से पक्का इरादा रखने वाला रहा है और मुझे लगता है कि वह जिस मानसिक और भावनात्मक स्थिति में वह है, उसमें एक इंसान के तौर पर खुद के साथ बहुत सहज है, लेकिन वह एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर खुद को आगे बढ़ाने के लिए भी बहुत भूखा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद कोहली का यह पहला टूर्नामेंट होगा। फ्लावर ने हालांकि कहा, ''हमने इस अंतराल के बारे में बात की है। मुझे शीर्ष खिलाड़ियों को खेलने के अलावा अभ्यास करते देखने में बहुत मजा आता है। जब मैं खेलता था तब मैं सचिन को अभ्यास करते देखता था। अब कोच के तौर पर भी मुझे धुरंधरों को अभ्यास करते देखना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा मैने कोहली को अभ्यास करते देखा है और मुझे लगता है कि वह अपने खेल के शिखर पर है। उसे पता है कि वह कम क्रिकेट खेल रहा है लेकिन वह अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर है।



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी (बाएं) और पैट कमिंस। एजेंसी

### ईशान किशन आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है : विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने शुक्रवार को कहा कि ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाने का फैसला लेने में टीम प्रबंधन को हिचक नहीं हुई क्योंकि वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है। नियमित कप्तान पैट कमिंस कमर की चोट के कारण आईपीएल 2026 के शुरूआती चरण से बाहर रहेंगे। विटोरी ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा ईशान लंबे समय से आईपीएल खेल रहा है। वह कई टीमों के साथ खेला है और काफी सफल रहा है। उसमें आत्मविश्वास कूट कूटकर भरा है। उन्होंने कहा वह अंडर 19 टीमों और इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली अपने प्रदेश की टीम का कप्तान रह चुका है। वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है और यही देखकर उसे कप्तानी दी गई। अभिषेक और उसका तालमेल अच्छा है। दोनों अच्छे दोस्त हैं और टीम को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। कमिंस अगले पखवाड़े में कप्तानी के लिये लौट सकते हैं। उन्होंने कहा उसकी फिटनेस जबर्दस्त रही है और कुछ समय से खेल से बाहर होने के कारण उसके पास फिटनेस पर काम करने के लिए समय भी है। गेंदबाजी का कार्यभार ही चुनौती थी और उसे लेकर एक बार क्रिकेट आस्ट्रेलिया से मंजूरी मिलने के बाद वह अगले 10-12 दिन में आ सकता है।

# नवनीत और हार्दिक को हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया

अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर और मिडफील्डर हार्दिक सिंह को यहां आठवें सालाना पुरस्कारों में वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरूष खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया। दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार के तौर पर 20 लाख रुपये का चेक दिया गया। इसके साथ ही 1980 मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया।

वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार बिछू देवी खारीबम को दिया गया जबकि हॉकी इंडिया परगट सिंह सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार संजय ने जीता। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजित पाल सिंह पुरस्कार सुमित को और सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार सुखजीत सिंह को मिला। सभी खिलाड़ियों को पांच पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

सर्वश्रेष्ठ अंडर 21 खिलाड़ी का जुगराज सिंह पुरस्कार (पुरुष) चेन्नई में पिछले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह को दिया गया। वहीं महिला श्रेणी में असुंथा लाकड़ा सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार साक्षी राणा को मिला। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देने के बाद कहा कि पिछले दस साल में भारत में खेलों की संस्कृति बनी है और नया 'इकोसिस्टम' तैयार हुआ है।

हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर का पुरस्कार सौरभ सिंह राजपूत को और सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी का पुरस्कार बिश्वरंजन सारंगी को मिला। हॉकी झारखंड को सर्वश्रेष्ठ प्रदेश हॉकी ईकाई चुना गया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को वर्ष 2025 में अंर्राष्ट्रीय मैचों में मिली जीत के लिए एक करोड़ 38 लाख रुपये और महिला टीम को 68 लाख रुपये दिये गए। इसके अलावा व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिए गए।

**अचूक निशाना**

एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में किया शानदार प्रदर्शन

# कंपाउंड तीरंदाजों का रहा दबदबा, भारत ने 10 पदक जीते

बैंकॉक एजेंसी

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक और महिला टीम का रजत पदक जीता और पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया। भारत ने दोपहर के सत्र में रिकर्व वर्ग में दो रजत पदक भी जीते। इस तरह से उसने इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारत ने कुल 10 पदक हासिल किए जो पिछली बार के आठ पदक से अधिक है। भारत ने हालांकि पिछली बार पांच स्वर्ण पदक जीते थे।

भारत को रिकर्व वर्ग में झटका लगा जिसमें कोई भी तीरंदाज स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सका, जबकि वे पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग और मिश्रित टीम स्पर्धा में खाली हाथ लौटे। दिन का मुख्य आकर्षण पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप रहा। उदय कंबोज ने रोमांचक फाइनल में हमवतन प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभवी खिलाड़ी रजत चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया। चौहान ने अंतिम सेट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तीन सटीक तीर लगाकर स्थानीय खिलाड़ी पीरावत रत्तनपोंगकियात को 145-144 से हराया जिससे भारत इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। भारत के दो 22 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में कंबोज ने अधिक अनुभवी प्रथमेश जवकर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 145-144 से जीत हासिल की।



इस मैच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जवकर दूसरे सेट के बाद 59-57 से आगे थे। कंबोज ने तीसरे सेट में 87-87 के स्कोर पर बराबरी करते हुए शानदार वापसी की और फिर चौथे सेट में जवकर की थोड़ी सी चूक का फायदा उठाते हुए 116-115 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम सेट में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की। अठारह वर्षीय तेजल साल्वे ने तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही रूसी तीरंदाज मारिया दिमिडियुक को 144-135 से हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। सुबह के सत्र का मुख्य आकर्षण चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम जोड़ी थी जिन्होंने स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया को 158-156 से हराया। सटीकता और संयम से भरे इस मुकाबले में अंतर बहुत कम रहा क्योंकि भारत ने 16 तीरों में सिर्फ दो, जबकि मलेशिया ने चार अंक गंवाए। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की और बीच के चरण में कुछ मामूली चूक के बावजूद अपनी लय बरकरार रखी।

### महिला टीम ने सुधारा प्रदर्शन

भारतीय महिला टीम पिछली बार कांस्य पदक ही जीत पाई थी और इस तरह से उसने अपने प्रदर्शन में सुधार किया। भारत ने मजबूत शुरुआत की और 12 तीरों के बाद आधे चरण में 115-113 की बढ़त बना ली। तीसरे सेट में हालांकि भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वह 54 अंक ही बना सकी जबकि कजाखस्तान की टीम ने 58 अंक बनाए। इस तरह से उसने 171-169 की बढ़त हासिल कर ली। चौथे और अंतिम सेट में दोनों टीम ने समान 58 अंक बनाए और इस तरह से भारतीय टीम को तीसरे सेट के खराब प्रदर्शन के कारण रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। भारत ने रिकर्व स्पर्धा में दो रजत पदक भी हासिल किए।